निष्पक्ष एवं निर्भीक हिन्दी दैनिक

# नवबिहार टाइम्स

• बोकारो, मंगलवार 16 जून 2026 • वर्ष : 10 • अंक : 30 • पृष्ठ : 12 • मूल्य : 3.00 रु. • RNI No. : JHAHIN2017/72655 • बोकारो, पटना व औरंगाबाद से प्रकाशित


झारखंड कांग्रेस के प्रदेश प्रभारी के राजू, सांसद डॉ सैयद नसीर हुसैन, प्रदेश अध्यक्ष केशव महतो कमलेश से अपने आवास पर मुलाकात करते मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन

### झारखंड कैबिनेट की बैठक में 23 प्रस्तावों पर लगी मुहर

## जंगली जानवरों के हमले में किसी व्यक्ति की मौत पर आश्रितों को मिलेंगे 10 लाख रुपये

### विभिन्न विभागों में कार्यरत कंप्यूटर और डाटा एंट्री ऑपरेटरों के वेतनमान में एकरूपता लाने का निर्णय

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की अध्यक्षता में हुई झारखंड कैबिनेट की बैठक में कुल 23 प्रस्तावों को मंजूरी दी गई। बैठक में जनहित, कर्मचारियों की सुविधाओं, सड़क निर्माण, सिंचाई और खनन से जुड़े कई महत्वपूर्ण फैसले लिए गए। सबसे बड़ा फैसला वन्यजीवों के हमले से होने वाली क्षति के मुआवजे को लेकर लिया गया। अब जंगली जानवरों के हमले में किसी व्यक्ति की मौत होने पर आश्रितों को 10 लाख रुपये मुआवजा मिलेगा। पहले यह राशि 4 लाख रुपये थी। गंभीर रूप से घायल होने पर 2 लाख रुपये और सामान्य रूप से घायल होने पर 35 हजार रुपये देने का प्रावधान किया गया है। मृत्यु के



मामलों में एक लाख रुपये की तत्काल सहायता भी दी जाएगी। राज्य सरकार ने कर्मचारियों के लिए अग्रिम वेतन और क्रेडिट सुविधा शुरू करने का भी फैसला लिया है। इसके तहत कर्मचारी 30 दिनों तक का अग्रिम वेतन ले सकेंगे। इस राशि का भुगतान 2 महीने से 60 महीने की अवधि में किया जा सकेगा। इसके लिए वित्तीय संस्थानों का चयन किया जाएगा। विभिन्न विभागों में कार्यरत कंप्यूटर ऑपरेटरों और डाटा एंट्री ऑपरेटरों के वेतनमान में एकरूपता लाने का निर्णय लिया गया है। नई नियुक्तियां पे-लेवल-2 के तहत की जाएंगी। कैबिनेट ने सड़क चौड़ीकरण और सुदृढ़ीकरण कार्यों के लिए 162 करोड़ रुपये से अधिक की प्रशासनिक स्वीकृति दी है। वहीं, पलामू की अमानत बराज योजना के लिए 947 करोड़ रुपये से अधिक की संशोधित लागत को मंजूरी प्रदान की गई। खनन क्षेत्र में भी महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए। बोकारो के पर्वतपुर और सीतानाला कोल ब्लॉक के लिए जेएसडब्लू स्टील लिमिटेड तथा गोड्डा के जीतपुर कोल ब्लॉक के लिए केरी माइनिंग प्राइवेट लिमिटेड को खनन पट्टों की स्वीकृति दी गई। इसके अलावा झारनेट 2.0 परियोजना की अवधि वित्तीय वर्ष 2026-27 तक बढ़ा दी गई है। झारखंड कर्मचारी चयन आयोग के माध्यम से मोटर यान निरीक्षकों की नियुक्ति को मंजूरी दी गई। गोड्डा और बोकारो समाहरणालय में अनियमित रूप से नियुक्त कर्मियों की सेवा नियमित करने का फैसला भी लिया गया। कैबिनेट ने रोहितश्य राय को राज्य का महाधिवक्ता नियुक्त किए जाने की घटनोत्तर स्वीकृति दी। साथ ही वन विभाग के कार्यों के निष्पादन के लिए विभागीय और ठेकेदार आधारित हाइब्रिड मॉडल को भी मंजूरी प्रदान की गई।

## अगवा कर युवक की बेरहमी से हत्या

**खूंटी(नबिटा ब्यूरो)।** जिले के रनिया थाना क्षेत्र में अपराधियों ने मोटरसाइकिल गैरेज संचालक की निर्मम हत्या कर सनसनी फैला दी। सोमवार की सुबह थाना क्षेत्र के तांबा जंगल में 44 वर्षीय राधेश्याम साहू उर्फ राधे मिस्त्री का शव बरामद किया गया। अपराधियों ने पहले उन्हें घर से अगवा किया और बाद में पत्थर से सिर कूचकर हत्या कर दी। मिली जानकारी के अनुसार रविवार देर रात लगभग 3 बजे 4-5 अज्ञात अपराधी बोलेरो से राधेश्याम साहू के किराए के घर पर पहुंचे और उन्हें जबरन अपने साथ ले गए। अपराधी उनकी स्कूटी को भी साथ ले गए। अगवा किए जाने के बाद राधेश्याम की पत्नी ने तुरंत रनिया थाना पहुंचकर पति के अपहरण की सूचना दी और पुलिस से मदद की गुहार लगाई थी। बावजूद सोमवार सुबह तांबा-केनबाकी पथ स्थित तांबा जंगल में उनका शव बरामद हुआ। सोमवार सुबह करीब 8 बजे साप्ताहिक हाट जा रहे राहगीरों की नजर सड़क किनारे स्कूटी के नीचे दबे शव पर पड़ी। इसके बाद उन्होंने इसकी सूचना पुलिस को दी। जानकारी मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी।

## झारखंड के नए महाधिवक्ता रोहितश्य रॉय ने संभाला पदभार

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**रांची।** झारखंड के नए महाधिवक्ता रोहितश्य रॉय ने सोमवार को झारखंड हाइकोर्ट परिसर स्थित महाधिवक्ता कार्यालय में प्रभार ग्रहण किया। प्रभार लेने के बाद महाधिवक्ता को बधाई देने वालों का तांता लग गया। वरीय अधिवक्ता, अधिवक्ता और अधिवक्ता लिपिकों ने महाधिवक्ता को गुलदस्ता भेंट कर बधाई दी। खास बात यह है कि रविवार को महाधिवक्ता राजीव रंजन ने व्यक्तिगत कर्म का हवाला देते हुए अपने पद से त्यागपत्र दे दिया था। इसके बाद झारखंड सरकार ने महाधिवक्ता के पद पर रोहितश्य रॉय की नियुक्ति की अधिसूचना रविवार की देर शाम जारी कर दी। रोहितश्य रॉय अपनी उत्कृष्ट विधिक प्रतिभा, निष्पक्ष पेशेवर आचरण और न्याय व्यवस्था के प्रति समर्पण के लिए जाने जाते हैं। दो दशक से अधिक लंबे कानूनी अनुभव के दौरान उन्होंने न केवल न्यायिक क्षेत्र में अपनी विशिष्ट पहचान बनाई है, बल्कि बार और बेंच दोनों के बीच सम्मानजनक स्थान भी प्राप्त किया है। 14 मई 1980 को जन्मे रोहितश्य रॉय स्वर्गीय अधिवक्ता वीरेन्द्र



नाथ राय (बीरू बाबू) के बेटे हैं। उनकी प्रारंभिक शिक्षा रांची के प्रतिष्ठित संत जेवियर स्कूल, डोरंडा में हुई। छात्र जीवन से ही उन्हें कानून और जन सरोकारों के विषयों में विशेष रुचि थी। उन्होंने पुणे विश्वविद्यालय से संबद्ध सिम्बायोसिस लॉ कॉलेज से विधि की शिक्षा प्राप्त की और वर्ष 2003 में एलएलबी की डिग्री हासिल की। वर्ष 2003 में उन्होंने झारखंड हाईकोर्ट में वकालत की शुरुआत की। अपनी मेहनत, लगन, प्रभावशाली पैरवी और विधिक विषयों की गहरी समझ के बल पर उन्होंने शीघ्र ही झारखंड के विभिन्न न्यायिक मंचों पर एक कुशल और भरोसेमंद अधिवक्ता के रूप में पहचान बना ली।

### संक्षिप्त समाचार

#### हाइवा की चपेट में आने से युवक की मौत

**जमशेदपुर(नबिटा ब्यूरो)।** शहर के सालगाजुड़ी क्षेत्र में हाइवा की चपेट में आने से रसुडीह थाना क्षेत्र अंतर्गत सालगाजुड़ी क्षेत्र में 25 वर्षीय सुमित मुंडा की मौत हो गई। घटना के बाद आक्रोशित लोगों ने सड़क जाम कर दिया। घटना के बाद वाहन चालक मौके से फरार हो गया है। हालांकि पुलिस ने वाहन को जब्त कर लिया है। घटना के बाद स्थानीय लोग आक्रोशित हो गए और सड़क जाम कर दिया।

#### ट्रक की टक्कर से बाइक सवार की मौत

**सरायकेला(नबिटा ब्यूरो)।** जिले के चांडिल अनुमंडल क्षेत्र के चिलगु मोड़ पर सोमवार हुए एक सड़क हादसे में चिलगु निवासी जितेन दास की मौत हो गई। वह एक ट्रक की चपेट में आ गया जिससे उसकी घटनास्थल पर ही मौत हो गई। जितेन दास अपने किसी निजी काम से एनएच की ओर आया था। वापस घर लौटते वक्त यह घटना हुई। हादसे के बाद ड्राइवर ट्रक मौके पर छोड़ भाग निकला। क्षेत्र के लोगों ने इस हादसे को गंभीर मामला बताते हुए त्वरित कार्रवाई की मांग उठाई है।

#### ट्रक चालक ने बाइक सवार युवक को रौंदा

**कोडरमा(नबिटा ब्यूरो)।** जिले के सतगावां थाना क्षेत्र में भीषण सड़क हादसे में 30 वर्षीय युवक की मौत हो गई। यह दुर्घटना घोड़सीमर मोड़ के पास हुई जहां एक अनियंत्रित ट्रक ने मोटरसाइकिल सवार को जोरदार टक्कर मार दी। मृतक की पहचान गाजेडीह निवासी दीपक कुमार के रूप में की गई है। हादसा इतना भयावह था कि टक्कर के बाद बाइक पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई और दीपक कुमार ने घटनास्थल पर ही दम तोड़ दिया। इस घटना के बाद इलाके में शोक और आक्रोश का माहौल है।

## महागठबंधन के संपर्क में हैं भाजपा के तीन विधायक : बंधु तिर्की

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**रांची।** झारखंड से राज्यसभा की दो सीटों के लिए 18 जून को होने वाले मतदान की तिथि जैसे-जैसे करीब आ रही है वैसे-वैसे इंडिया और एनडीए के नेताओं के बीच सियासी बयानबाजी भी तेज होती जा रही है। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और पूर्व मंत्री बंधु तिर्की के एक बयान ने फिर से सियासी पारा बढ़ा दिया है। राज्यसभा चुनाव को लेकर कांग्रेस नेता बंधु तिर्की ने दावा किया है कि भाजपा के तीन विधायक महागठबंधन के टच में हैं। उन्होंने कहा कि वह चाहें तो भाजपा के उन तीन विधायकों का नाम सार्वजनिक कर सकते हैं लेकिन इससे उन तीनों विधायकों को दिक्कत हो जाएगी इसलिए उनका नाम सार्वजनिक नहीं करेंगे। कांग्रेस नेता बंधु तिर्की ने कहा कि हमारे पास 56 विधायक हैं और सभी एकजुट हैं। इसलिए कोई किंतु-परंतु नहीं है। 18 जून की शाम पांच बजे जब मतों की गणना होगी तब भाजपा की सारी हेंकड़ी हवा हो जाएगी। उन्होंने कहा कि भाजपा के जो तीन विधायक उनके टच में हैं, उन विधायकों के क्षेत्र का कुछ काम पेंडिंग था, जिसे पूरा कर दिया गया है। बंधु तिर्की ने कहा कि भाजपा के नेता कहते हैं कि कांग्रेस के पास नंबर नहीं है। यह तो हद हो गयी, हमारे भले ही 16 विधायक हैं पर हम गठबंधन के एक पार्ट हैं। हमारी गठबंधन की संख्या 56 है, जो दो उम्मीदवारों को जीत दिलाने के लिए पर्याप्त है। बंधु तिर्की ने कहा कि पहले ये भाजपा वाले लोग वोट चोरी करते थे लेकिन ये तो अब कैंडिडेट चोरी भी करने लगे हैं। वहीं बंधु तिर्की के बयान पर भाजपा के मुख्य सचेतक नवीन जायसवाल ने पलटवार किया है। नवीन जायसवाल ने कहा कि सामने संभावित हार को देखते हुए कांग्रेस नेता अनर्गल बयानबाजी कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि क्रिकेट और राजनीति में एडवांस में कमेंट्री करना ठीक नहीं होता।

## युवाओं को नशे से दूर रखना सरकार की प्राथमिकता : हेमंत

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**रांची।** झारखंड में नशे के बढ़ते प्रभाव पर रोक लगाने और युवा पीढ़ी को नशे की गिरफ्त से बचाने के उद्देश्य से राज्य सरकार ने राज्यव्यापी जनजागरूकता अभियान की शुरुआत की है। सोमवार को प्रोजेक्ट भवन स्थित मंत्रालय में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने हरी झंडी दिखाकर नशामुक्ति जनजागरूकता प्रचार वाहनों को रवाना किया। इस अवसर पर सरकार के कई मंत्री, अधिकारी और संबंधित विभागों के प्रतिनिधि भी उपस्थित रहे। मुख्यमंत्री ने कहा कि नशा केवल व्यक्ति के स्वास्थ्य को ही प्रभावित नहीं करता बल्कि परिवार और समाज के विकास में भी बाधक बनता है। उन्होंने कहा कि युवाओं को नशे से दूर रखना सरकार की प्राथमिकताओं में शामिल है और इसके लिए जागरूकता सबसे प्रभावी माध्यम है। इसी उद्देश्य से राज्यभर में व्यापक स्तर पर जनसंपर्क और प्रचार



अभियान चलाया जा रहा है। अभियान के तहत 80 से अधिक प्रचार वाहनों को राज्य के विभिन्न जिलों में भेजा गया है। ये वाहन शहरों, कस्बों और ग्रामीण क्षेत्रों में जाकर लोगों को नशे के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक करेंगे। प्रचार वाहनों के माध्यम से ऑडियो-वीडियो संदेश, पंपलेट, पोस्टर और अन्य प्रचार सामग्री के जरिए लोगों तक नशामुक्ति का संदेश पहुंचाया जाएगा। यह विशेष अभियान 26 जून, अंतरराष्ट्रीय मादक पदार्थ निषेध एवं अवैध तस्करी विरोधी दिवस तक चलेगा। इस दौरान विभिन्न जिलों में जागरूकता रैलियां, संगोष्ठियां, नुक्कड़ नाटक, शपथ ग्रहण कार्यक्रम और जनसंवाद आयोजित किए जाएंगे। सरकार को उम्मीद है कि इस पहल से विशेष रूप से युवाओं में नशे के प्रति जागरूकता बढ़ेगी और समाज को नशामुक्त बनाने की दिशा में जनभागीदारी मजबूत होगी। राज्य सरकार ने सभी नागरिकों से इस अभियान में सक्रिय सहयोग देने की अपील भी की है।

## हथियार के बल पर कार एवं जेवरात की लूट

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**गिरिडीह।** जिले में बेंगाबाद-चतरो मार्ग पर पेसराटांड़ नदी के पास रविवार की रात बाइक सवार अपराधियों ने पिस्टल के बल पर कार सवार से लूट की वारदात को अंजाम दिया है। अपराधियों ने कार सवार दो लोगों के पास से सोने की चेन, अंगूठी और मोबाइल सहित कार लूट कर फरार गए। समय पर मामले की जानकारी गिरिडीह एसपी डॉ विमल कुमार को लग गई। इसके बाद एसपी ने क्विक एक्शन का निर्देश दिया जिसके बाद अपराधियों की घेराबंदी की गई। अपराधी और लूटी हुई कार को बेंगाबाद-जमुआ थाना के बॉर्डर पर छोड़ कर फरार हो गए। बेंगाबाद पुलिस द्वारा लूटे गए कार को जब्त कर थाना लाया गया है। पुलिस अपराधियों की पहचान कर उनकी गिरफ्तारी के लिए छापेमारी कर रही है। इस घटना को लेकर भुक्तभोगी द्वारा बेंगाबाद थाना में दिए गए आवेदन के आधार पर कांड संख्या 104/26 बीएनएस की धारा 309(4) के तहत केस दर्ज कर लिया गया है। भुक्तभोगी गांडेय जवाहर नवोदय विद्यालय में जेएसएस रामकुमार प्रसाद ने थाना में दिए गए आवेदन में उल्लेख किया है कि वह रविवार की रात अपने एक मित्र शहरयार अंसारी के साथ जलीय सूर्य मंदिर मिर्ज़ागंज से वापस लौट रहे थे। इसी दौरान रात करीब 10 बजे बेंगाबाद-चतरो मार्ग पर पेसराटांड नदी के पुल के समीप एक ट्रक को पास देने के क्रम में उन्होंने अपनी कार की गति धीमी की। इसी बीच पीछे से बाइक पर सवार दो अपराधियों ने पिस्टल लहराते हुए कार को रुकवाया। कार के रोकते ही एक अपराधी बाइक से उतर कर कार का गेट खोल पिस्टल के बट से उनके सिर पर वार कर दिया और गाड़ी की चाभी छीन ली। तभी दूसरा अपराधी उतर कर उनके मित्र को भी गाड़ी ने खींच कर नीचे उतार लिया और गाली गलौज करते हुए मारपीट करने लगा। अपराधियों ने हथियार के बल पर उनके गले से सोने का चेन, हाथ के अंगुली में पहनी अंगूठी, दोनों के पास से मोबाइल लूट लिया। इसके बाद एक अपराधी बाइक लेकर जबकि दूसरा अपराधी उनकी नई कार को ले कर छोटकी खरगडीहा की तरफ भाग निकला। किसी माध्यम से घटना की सूचना एसपी को मिली। इसके बाद थाना प्रभारी अमन कुमार सिंह और एसआई जगन्नाथ पाल दल बल के साथ मौके पर पहुंचे। थाना प्रभारी ने पूरी घटना की जानकारी ली। गिरिडीह एसपी डॉ विमल कुमार ने न सिर्फ बेंगाबाद से सटे जमुआ और देवरी थाना पुलिस को सक्रिय किया बल्कि बिहार के जमुई जिला पुलिस से भी बात की। गिरिडीह एसपी की सूचना पर बिहार के चकाई थाना पुलिस भी अलर्ट हो गई। पुलिस की सक्रियता और घेराबंदी को देख कर अपराधी कार को बेंगाबाद और जमुआ थाना के बॉर्डर पर छोड़ कर बिहार की तरफ फरार हो गए। इधर बेंगाबाद पुलिस द्वारा भुक्तभोगी घायल व्यक्ति को इलाज के लिए बेंगाबाद सामुदायिक अस्पताल पहुंचाया गया। थाना प्रभारी अमन कुमार सिंह ने कहा कि अपराधियों द्वारा लूटी गई कार को लावारिस हालात में बरामद कर लिया गया है। अपराधियों की पहचान की गई है और गिरफ्तारी के लिए छापेमारी की जा रही है। जल्द ही अपराधियों को पकड़ लिया जाएगा।

## झारखंड भाजपा का रोडमैप तैयार, हर माह होगी बैठक

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**रांची।** भारतीय जनता पार्टी की झारखंड प्रदेश इकाई ने आगामी संगठनात्मक गतिविधियों और जनसरोकार से जुड़े कार्यक्रमों की तैयारियों को लेकर रविवार को रांची स्थित प्रदेश कार्यालय में एक महत्वपूर्ण बैठक की। प्रदेश अध्यक्ष आदित्य साहू की अध्यक्षता में आयोजित राज्य के पार्टी पदाधिकारियों की इस मासिक बैठक में पिछले एक महीने के कार्यक्रमों की विस्तृत समीक्षा की गई और आगामी गतिविधियों की ठोस कार्ययोजना तैयार की गई। बैठक संपन्न होने के बाद प्रदेश महामंत्री अमर कुमार बाउरी ने प्रेस वार्ता कर मीडिया को बताया कि भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन के निर्देशानुसार संगठनात्मक कार्यों को जमीनी स्तर पर अधिक प्रभावी और सक्रिय बनाने के लिए मंडल, शक्ति केंद्र, बूथ, जिला और प्रदेश स्तर पर नियमित मासिक बैठकों की एक नई श्रृंखला तय की गई है। इसी के तहत अब प्रत्येक माह की 15 तारीख को प्रदेश पदाधिकारियों की अनिवार्य बैठक आयोजित की जाएगी। इस बैठक में नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी और संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह समेत राज्यभर के प्रमुख पदाधिकारी मौजूद थे।


## धनबाद में कोल बेड मीथेन का भंडार

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**धनबाद।** कोयलांचल की पहचान दशकों से देश को ऊर्जा देने वाले कोयले और भूमिगत आग से रही है। लेकिन अब यही धरती सिर्फ कोयला नहीं बल्कि स्वच्छ ऊर्जा का भी बड़ा केंद्र बनने जा रही है। कोल इंडिया की पहली कोल बेड मीथेन यानी सीबीएम परियोजना झरिया कोलफील्ड में आकार ले रही है। अगले एक साल में यहां बड़े पैमाने पर मीथेन गैस का व्यावसायिक उत्पादन शुरू होने की उम्मीद है। इस परियोजना से हजारों करोड़ रुपये के राजस्व के साथ-साथ घरेलू रसोई, उद्योग और उर्वरक क्षेत्र को स्वच्छ ईंधन मिलेगा। इतना ही नहीं खदानों में सुरक्षा बढ़ेगी और भू-धंसान व भूमिगत आग जैसी समस्याओं पर भी नियंत्रण मिलने



की उम्मीद है। आखिर क्या है यह महत्वाकांक्षी परियोजना और कैसे बदल सकती है झरिया की तस्वीर। झरिया की धरती के नीचे सिर्फ कोयले का ही नहीं बल्कि मीथेन गैस का भी विशाल भंडार छिपा हुआ है। वर्षों से यह गैस खदानों के लिए सबसे बड़ा खतरा मानी जाती रही है क्योंकि इसकी मौजूदगी भूमिगत खनन को जोखिमपूर्ण और महंगा बना देती है। अब इसी खतरे को अवसर में बदलने की तैयारी शुरू हो चुकी है। बीसीसीएल के मुनीडीह क्षेत्र में कोल बेड मीथेन यानी सीबीएम परियोजना पर तेजी से काम चल रहा है और अगले एक साल में इसके बड़े स्तर पर व्यावसायिक उत्पादन की उम्मीद जताई जा रही है। कोल बेड मीथेन वह प्राकृतिक गैस है जो लाखों वर्षों तक कोयले के बनने की प्रक्रिया के दौरान उसकी परतों में उच्च दबाव के साथ जमा रहती है। इस गैस की ऊष्मा क्षमता करीब 8500 किलो कैलोरी प्रति किलोग्राम है जो प्राकृतिक गैस के लगभग बराबर है। इसलिए इसे स्वच्छ और उच्च गुणवत्ता वाला ईंधन माना जाता है। विशेषज्ञों के अनुसार इस गैस का उपयोग पाइपलाइन के जरिए घरों में पीएनजी, वाहनों के लिए सीएनजी, उद्योगों, रासायनिक इकाइयों और उर्वरक निर्माण में बड़े पैमाने पर किया जा सकता है। झरिया सीबीएम ब्लॉक-1 को कोल इंडिया की पहली कोल बेड मीथेन परियोजना के रूप में विकसित किया जा रहा है। करीब 26.55 वर्ग किलोमीटर क्षेत्र में फैले इस ब्लॉक में कपूरिया, मुनीडीह और सिंघरा के भू-वैज्ञानिक क्षेत्र शामिल हैं। अनुमान है कि यहां करीब 25 बिलियन क्यूबिक मीटर मीथेन गैस का भंडार मौजूद है। 2020 में वैश्विक निविदा के बाद प्रभा एनर्जी लिमिटेड को इस परियोजना का डेवलपर चुना गया और 2021 में राजस्व साझेदारी समझौते पर हस्ताक्षर हुए जिसके तहत बीसीसीएल को परियोजना से 10 प्रतिशत राजस्व प्राप्त होगा। आईआईटी आईएसएम के मैकेनिकल इंजीनियरिंग विभाग के असिस्टेंट प्रोफ़ेसर डॉ. अजीत कुमार बताते हैं कि भारत कोयला उत्पादन के मामले में दुनिया के अग्रणी देशों में शामिल है, इसलिए यहां मीथेन गैस की भी अपार संभावनाएं मौजूद हैं।




C M Y K

## संक्षिप्त समाचार

### अररिया में सांस्कृतिक धरोहरों के संरक्षण की पहल, अंतिम दिन 24 पांडुलिपियां हुईं डिजिटाइज्ड

**अररिया (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** जिले में ऐतिहासिक एवं सांस्कृतिक धरोहरों के संरक्षण की दिशा में चलाए जा रहे पांडुलिपि सर्वेक्षण एवं डिजिटलीकरण अभियान के तहत अंतिम दिन लगभग 24 हस्तलिखित पांडुलिपियां प्राप्त हुईं, जिन्हें ज्ञान भारतम ऐप पर अपलोड किया गया। यह जानकारी जिला कला एवं संस्कृति पदाधिकारी सान्याल कुमार ने दी।



उन्होंने बताया कि प्राप्त पांडुलिपियों का संग्रहक क्रांति कुंवर, फारबिसगंज से प्राप्त हुई हैं। ये पांडुलिपियां संस्कृत भाषा में लिखी गई हैं और ऐतिहासिक एवं सांस्कृतिक दृष्टि से महत्वपूर्ण हैं। इनके डिजिटलीकरण से भावी पीढ़ियों के लिए इस अमूल्य धरोहर को सुरक्षित रखने में मदद मिलेगी। जिला कला एवं संस्कृति पदाधिकारी ने बताया कि आज इस विशेष अभियान की अंतिम तिथि है। निर्धारित अवधि के दौरान जिले के विभिन्न क्षेत्रों में व्यापक सर्वेक्षण कर लोगों से उनके पास सुरक्षित पुरानी पांडुलिपियों की जानकारी एकत्र की गई। उन्होंने बताया कि इस अभियान के तहत पूर्व में 176 पांडुलिपियों का सर्वेक्षण किया जा चुका है। इनमें वे हस्तलिखित पांडुलिपियां शामिल हैं, जो 75 वर्ष या उससे अधिक पुरानी हैं तथा ऐतिहासिक, साहित्यिक, धार्मिक और सांस्कृतिक महत्व रखती हैं। विभाग का उद्देश्य इन दुर्लभ पांडुलिपियों का दस्तावेजीकरण, डिजिटलीकरण और संरक्षण सुनिश्चित करना है, ताकि बिहार की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत को संरक्षित कर इसे शोधकर्ताओं और आमजन के लिए भविष्य में उपयोगी बनाया जा सके।

### नगर निगम का अतिक्रमण पर बड़ा अभियान

**कटिहार (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** शहर को अतिक्रमण मुक्त बनाने और आम नागरिकों को सुगम आवागमन की सुविधा उपलब्ध कराने के उद्देश्य से कटिहार नगर निगम की ओर से विशेष अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया गया। नगर निगम के अधिकारियों एवं कर्मियों की टीम ने



विभिन्न प्रमुख सड़कों और सार्वजनिक स्थलों पर कार्रवाई करते हुए अवैध रूप से किए गए अतिक्रमण को हटाया। अभियान के दौरान सड़क किनारे लगाए गए अस्थायी ढांचे, अवैध दुकानें एवं अन्य अवरोधों को हटाया गया। नगर निगम की टीम ने संबंधित लोगों को भविष्य में दोबारा अतिक्रमण नहीं करने की चेतावनी भी दी। अधिकारियों ने बताया कि अतिक्रमण के कारण यातायात व्यवस्था प्रभावित हो रही थी तथा आम लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा था। नगर निगम प्रशासन ने स्पष्ट किया कि शहर को स्वच्छ, सुंदर और व्यवस्थित बनाने के लिए अतिक्रमण के विरुद्ध अभियान लगातार जारी रहेगा। साथ ही नागरिकों से अपील की गई कि वे सार्वजनिक सड़कों, नालों एवं सरकारी भूमि पर किसी प्रकार का अतिक्रमण न करें और नगर निगम के प्रयासों में सहयोग दें। नगर निगम जनहित में इस प्रकार की कार्रवाई आगे भी नियमित रूप से की जाएगी। ताकि शहर की यातायात व्यवस्था सुचारू बनी रहे और नागरिकों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध हो सकें। यह अभियान नगर निगम गेट से होते हुए शहीद चौक होते हुए श्याम टॉकीज रोड होते चुडीपट्टी होते हुए पुराना बाटा चौक तक चला। इस दौरान 7500 जुमार्ना राशि वसुला गया।

### पानी-बिजली की समस्या को लेकर अधिकारियों से मिले फॉरवर्ड ब्लॉक नेता

**गिरिडीह (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** ऑल इंडिया फॉरवर्ड ब्लॉक के जिला संयोजक राजेश यादव ने शनिवार को संगठन के प्रतिनिधिमंडल के साथ पेयजल एवं बिजली संबंधी समस्याओं को लेकर संबंधित विभागों के अधिकारियों से मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने विभिन्न गांवों में उत्पन्न समस्याओं से अधिकारियों को अवगत कराते हुए शीघ्र समाधान की मांग की प्रतिनिधिमंडल में मनोज यादव, महेश निराला, सामाजिक कार्यकर्ता रॉबिन मुर्मू सहित अन्य लोग शामिल थे राजेश यादव ने बताया कि बेंगाबाद प्रखंड के ताराटांड़, चिरुडीह, सोनबाद एवं टिकलेटो गांवों में पेयजल की गंभीर समस्या है, जिसकी शिकायत स्थानीय ग्रामीणों ने की है। वहीं गिरिडीह सदर प्रखंड के कोतवालडीह, बेंगाबाद के झलकडीहा तथा गांडेय प्रखंड के



पंडरिया गांव में ट्रांसफार्मर जल जाने के कारण लोगों को बिजली संकट का सामना करना पड़ रहा है इन समस्याओं को लेकर उन्होंने पीएचईडी-1 के कनीय अभियंता तथा बिजली विभाग के अधीक्षण अभियंता से उनके कार्यालय में मुलाकात की। अधिकारियों ने संबंधित गांवों की समस्याओं को गंभीरता से लेते हुए जल्द समाधान का आश्वासन दिया राजेश यादव ने कहा कि क्षेत्र में लगातार लोगों के बीच रहने के कारण उन्हें इस प्रकार की समस्याओं की जानकारी मिलती रहती है। संगठन के स्तर पर वे संबंधित विभागों के अधिकारियों से संपर्क कर समस्याओं के समाधान का प्रयास करते हैं। उन्होंने कहा कि यदि समस्याओं का समाधान समय पर नहीं हुआ तो आंदोलन ही एकमात्र विकल्प बचेगा।उन्होंने राज्य सरकार की नीतियों पर सवाल उठाते हुए कहा कि पानी और बिजली जैसी बुनियादी सुविधाओं को लेकर लोगों को कई तरह की परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। सरकार को इन विभागों को पर्याप्त संसाधन उपलब्ध कराने चाहिए, तभी समस्याओं का स्थायी समाधान संभव हो सकेगा।

# जागरूकता अभियान रथ को हरी झंडी दिखा किया रवाना

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**गिरिडीह।** निषिद्ध मादक पदार्थों के दुरुपयोग एवं अवैध तस्करी के विरुद्ध चलाए जा रहे राज्यव्यापी जागरूकता अभियान के तहत सोमवार को गांडेय प्रखंड से तीन जागरूकता रथों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। कार्यक्रम में गांडेय विधायक कल्पना मुर्मू सोरेन, उपायुक्त रामनिवास यादव, पुलिस अधीक्षक डॉ. बिमल कुमार तथा उप विकास आयुक्त स्मृता कुमारी मौजूद रहे 15 जून से 26 जून 2026 तक संचालित होने वाले ये प्रचार वाहन जिले के विभिन्न प्रखंडों, पंचायतों और गांवों में भ्रमण कर लोगों को नशे के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक करेंगे तथा नशामुक्त समाज के निर्माण का संदेश देंगे इस अवसर पर विधायक कल्पना मुर्मू सोरेन ने कहा कि नशा समाज और विशेषकर युवाओं के



भविष्य के लिए गंभीर चुनौती बन चुका है। उन्होंने कहा कि नशे के खिलाफ केवल प्रशासनिक कार्रवाई पर्याप्त नहीं है, बल्कि जन-जागरूकता और सामुदायिक भागीदारी भी उतनी ही जरूरी है। युवाओं को शिक्षा, खेल, कौशल विकास और सकारात्मक गतिविधियों से जोड़कर ही नशे जैसी बुराइयों से दूर रखा जा सकता है उपायुक्त रामनिवास यादव ने कहा कि नशा केवल व्यक्ति ही नहीं बल्कि उसके पूरे परिवार और समाज को प्रभावित करता है। उन्होंने जिलेवासियों से नशामुक्त झारखंड और नशामुक्त गिरिडीह के निर्माण में सक्रिय भागीदारी निभाने की अपील की। उन्होंने बताया कि प्रचार वाहन निर्धारित रूट चार्ट के अनुसार विभिन्न क्षेत्रों में जाकर लोगों को नशीले पदार्थों के सेवन से होने वाले शारीरिक, मानसिक, सामाजिक और आर्थिक दुष्परिणामों की जानकारी देंगे अभियान के तहत नुक्कड़ नाटक, शपथ ग्रहण कार्यक्रम, विद्यालय एवं महाविद्यालयों में क्विज, निबंध और चित्रांकन प्रतियोगिताएं, बाजार एवं हाटों में जन-जागरूकता कार्यक्रम समेत कई रचनात्मक गतिविधियों का आयोजन किया जाएगा। इन कार्यक्रमों के माध्यम से युवाओं को नशे से दूर रहकर अपनी ऊर्जा को शिक्षा, खेल, कौशल विकास और राष्ट्र निर्माण जैसे सकारात्मक कार्यों में लगाने के लिए प्रेरित किया जाएगा जिला प्रशासन ने आम जनता से नशा मुक्त समाज के निर्माण में सहयोग करने की अपील करते हुए कहा कि नशा संबंधी किसी भी समस्या या परामर्श के लिए राष्ट्रीय टोल-फ्री ड्रग डी-एडिक्शन हेल्पलाइन नंबर 14446 का उपयोग किया जा सकता है।

# कम्पु यादव प्रकरण को लेकर विभिन्न संगठनों ने सौंपा ज्ञापन, निष्पक्ष जांच की मांग

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**गिरिडीह।** आजसू पार्टी के कार्यकारी जिला अध्यक्ष एवं ट्रक ऑनर्स एसोसिएशन के सह जिलाध्यक्ष सुमित गौरव उर्फ कम्पु यादव के साथ कथित दुर्व्यवहार, गाली-गलौज, मारपीट तथा बिना कारण घंटों थाने में बैठाए रखने के आरोपों का मामला अब राजनीतिक और सामाजिक हलकों में चर्चा का विषय बन गया है। साथ अभद्र व्यवहार स्वीकार्य नहीं है। उन्होंने प्रशासन से मांग की कि मामले की निष्पक्ष जांच कर सच्चाई जनता के सामने लाई जाए। यदि आरोप सही साबित होते हैं तो संबंधित अधिकारियों पर विभागीय एवं कानूनी कार्रवाई की जाए, वहीं आरोप असत्य पाए जाने पर भी पूरे मामले के तथ्यों को सार्वजनिक किया जाए संगठनों के प्रतिनिधियों ने कहा कि पुलिस



मामले को लेकर विभिन्न संगठनों ने प्रशासन से निष्पक्ष जांच की मांग की है सोमवार को यादव महासभा, राष्ट्रीय यादव सेना, आजसू महिला मोर्चा, आजसू छात्र संघ सहित कई सामाजिक एवं राजनीतिक संगठनों के प्रतिनिधियों ने एकजुट होकर उपायुक्त एवं पुलिस अधीक्षक के नाम ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में आरोपों की निष्पक्ष एवं पारदर्शी जांच कर दोषी पाए जाने वाले अधिकारियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की गई यादव महासभा के नेताओं राजेश यादव और दिनेश यादव ने कहा कि 11 जून को हुई कथित घटना गंभीर एवं चिंताजनक है। उन्होंने कहा कि लोकतांत्रिक व्यवस्था में किसी भी नागरिक के प्रशासन का दायित्व जनता की सुरक्षा और न्याय सुनिश्चित करना है। ऐसे में पुलिस अधिकारियों पर लगे इस प्रकार के आरोप आम लोगों के विश्वास को प्रभावित करते हैं। इसलिए प्रशासन को मामले को गंभीरता से लेते हुए निष्पक्ष जांच सुनिश्चित करनी चाहिए ज्ञापन सौंपने पहुंचे प्रतिनिधियों ने चेतावनी दी कि यदि मामले में निष्पक्ष जांच और उचित कार्रवाई नहीं की गई तो यादव महासभा, राष्ट्रीय यादव सेना, आजसू परिवार तथा अन्य सामाजिक संगठन चरणबद्ध आंदोलन शुरू करेंगे। इसके तहत धरना-प्रदर्शन, विरोध मार्च और नगर थाना घेराव जैसे कार्यक्रम आयोजित किए जा सकते हैं।

# गिरनिया मोड़ से बड़कीटांड़ सड़क निर्माण का शिलान्यास

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**गिरिडीह ।** गांडेय विधानसभा क्षेत्र के विकास को नई गति देने वाली महत्वपूर्ण सड़क परियोजना का सोमवार को शिलान्यास किया गया। गांडेय प्रखंड के गिरनिया मोड़ में विधायक कल्पना मुर्मू सोरेन, उपायुक्त रामनिवास यादव तथा स्थानीय मुखिया अकबर अंसारी ने विधिवत पूजा-अर्चना एवं नारियल फोड़कर गिरनिया मोड़ से बड़कीटांड़ तक सड़क निर्माण कार्य की आधारशिला रखी शिलान्यास समारोह को संबोधित करते हुए विधायक कल्पना मुर्मू सोरेन ने कहा कि क्षेत्र की जनता की वर्षों पुरानी मांग अब पूरी होने जा रही है। उन्होंने कहा कि सड़क निर्माण से गांडेय प्रखंड के सुदूरवर्ती क्षेत्रों बड़कीटांड़, फुलची,



बरमसिया, ताराटांड़ एवं चम्पापुर पंचायत के लोगों को प्रखंड मुख्यालय तक आवागमन में काफी सुविधा मिलेगी। साथ ही यह सड़क क्षेत्र के आर्थिक एवं सामाजिक विकास को भी नई गति प्रदान करेगी पथ प्रमंडल गिरिडीह के कनीय अभियंता राजीव रंजन ने बताया कि गिरनिया मोड़ से तीनपतली होते हुए बड़कीटांड़ तक लगभग 11 किलोमीटर लंबी सड़क का निर्माण किया जाएगा। सड़क की चौड़ाई 7 मीटर होगी। परियोजना की कुल स्वीकृत लागत 55 करोड़ 20 लाख 63 हजार 400 रुपये है। इस राशि में भूमि अधिग्रहण, पलट एवं पौधारोपण (प्लांटेशन) सहित अन्य आवश्यक कार्य भी शामिल हैं उन्होंने बताया कि सड़क निर्माण का कार्य हृदय नारायण चौधरी कंस्ट्रक्शन को आवंटित किया गया है। कार्यक्रम में झामुमो जिला अध्यक्ष संजय सिंह, जिला सचिव महालाल सोरेन, फरदीन इम्तियाज अहमद, दिलीप मंडल, बीडीओ निशांत अंजुम, सीओ मो. हुसैन, मुखिया अकबर अंसारी, मो. आलम, भागवत सिंह समेत बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि एवं कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# सिकदारडीह में मुहर्रम के नुमाइशी खेलों का आगाज

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**गिरिडीह।** जिले के सिकदारडीह में नौजवान कमेटी द्वारा मुहर्रम के पारंपरिक नुमाइशी खेलों का भव्य शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम में क्षेत्र के युवाओं और खेल प्रेमियों की भारी भीड़ उमड़ी, जिससे पूरे इलाके में उत्साह का माहौल देखने को मिला मुहर्रम के अवसर पर आयोजित इन पारंपरिक खेलों में युवाओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। खेल मैदान में प्रतिभागियों ने अपने कौशल और हुनर का प्रदर्शन किया, जिसे देखने के लिए बड़ी संख्या में ग्रामीण एवं स्थानीय लोग उपस्थित रहे। आयोजन के दौरान अनुशासन और व्यवस्था का विशेष ध्यान रखा गया नौजवान कमेटी के सदस्यों ने बताया कि मुहर्रम के नुमाइशी खेल क्षेत्र की पुरानी परंपरा का हिस्सा हैं, जिसका उद्देश्य युवाओं को खेल और सामाजिक गतिविधियों से जोड़ना है। कार्यक्रम को सफल बनाने में कमेटी के कार्यकताओं ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।इस अवसर पर मुख्य रूप से मो. आफताब, मो. इसरार, मो. आलम, मो. मजहर एवं मो. असगर सहित नौजवान कमेटी के सभी सदस्य मौजूद रहे और आयोजन की व्यवस्थाओं में सक्रिय योगदान दिया स्थानीय लोगों ने इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे आयोजन सामाजिक सौहार्द और युवाओं में सकारात्मक ऊर्जा का संचार करते हैं। कार्यक्रम के आगामी दिनों में भी विभिन्न नुमाइशी खेलों और पारंपरिक प्रतियोगिताओं के आयोजन की जानकारी दी गई।

# डीएवी पब्लिक स्कूल सीसीएल, गिरिडीह में क्षमता संवर्धन कार्यक्रम

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**गिरिडीह।** डीएवी पब्लिक स्कूल सीसीएल, गिरिडीह के भव्य प्रांगण में आयोजित त्रि-दिवसीय क्षमता संवर्धन कार्यक्रम का सफलतापूर्वक समापन हो गया। कार्यक्रम में विभिन्न विषयों के लगभग 300 शिक्षक शिक्षिकाओं ने भाग लिया और शिक्षण कार्य को अधिक प्रभावी बनाने के लिए अपने अनुभवों एवं नवाचारों का आदान-प्रदान किया कार्यक्रम के दौरान शिक्षकों ने इस बात पर विशेष चर्चा की कि विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए वैज्ञानिक तकनीकों के साथ साथ पारंपरिक शिक्षण पद्धतियों का भी प्रभावी उपयोग किया जाए, ताकि बच्चों की विषयों में रुचि बढ़े और वे सीखने की प्रक्रिया से अधिक जुड़ सकें। प्रतिभागियों ने विषय आधारित शिक्षण को रोचक



एवं व्यवहारिक बनाने के विभिन्न उपायों पर विचार विमर्श किया समापन समारोह को संबोधित करते हुए विद्यालय के प्राचार्य ओम प्रकाश गोयल ने कहा कि शिक्षक-शिक्षिकाएं इस प्रशिक्षण सत्र से प्राप्त ज्ञान एवं अनुभवों का उपयोग अपने अध्यापन कार्य में करें तथा विद्यार्थियों को तनावमुक्त एवं गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करने का प्रयास करें। उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में बच्चों के मानसिक एवं शैक्षणिक संतुलन को बनाए रखना अत्यंत आवश्यक है और शिक्षकों की भूमिका इसमें महत्वपूर्ण है प्राचार्य गोयल ने कार्यक्रम के सफल आयोजन में सहयोग देने वाले विद्यालय के सभी शिक्षकों, कर्मचारियों एवं आयोजन समिति के सदस्यों के प्रति आभार व्यक्त किया। उन्होंने आशा व्यक्त की कि इस प्रकार के प्रशिक्षण कार्यक्रम शिक्षकों की दक्षता बढ़ाने के साथ-साथ विद्यार्थियों के शैक्षणिक विकास में भी महत्वपूर्ण योगदान देंगे।

# बालमुकुंद फैक्ट्री के खिलाफ चेतावनी रैली

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**गिरिडीह।** बालमुकुंद फैक्ट्री प्रबंधन के खिलाफ चल रहे आंदोलन को तेज करते हुए भाकपा (माले) और असंगठित मजदूर मोर्चा ने 16 जून को चेतावनी रैली एवं प्रदर्शन का ऐलान किया है। आंदोलन का नेतृत्व कर रहे राजेश सिन्हा ने बताया कि पपरवाटांड़ स्थित माले कार्यालय में पहले आमसभा आयोजित की जाएगी, जिसके बाद सैकड़ों मजदूर और समर्थक जुलूस की शक्ल में समाहरणालय पहुंचकर उपायुक्त रामनिवास यादव को ज्ञापन सौंपेंगे उन्होंने कहा कि पिछले एक महीने से बालमुकुंद फैक्ट्री के खिलाफ आंदोलन जारी है। आरोप है कि फैक्ट्री प्रबंधन ने बिना पूर्व सूचना के दर्जनों स्थानीय मजदूरों को कार्य से हटा दिया। इस मुद्दे को लेकर पहले भी धरना-प्रदर्शन किया गया था, लेकिन बकरीद पर्व को देखते हुए जिला प्रशासन के अनुरोध पर आंदोलन को कुछ दिनों के लिए स्थगित कर दिया गया था। आंदोलनकारियों का आरोप है कि इस दौरान भी प्रशासन की ओर से कोई ठोस पहल नहीं की गई।राजेश सिन्हा ने कहा कि निरसा विधायक अरूप चटर्जी ने इस मामले को विधानसभा में भी उठाया था, जिस पर श्रम मंत्री ने जवाब दिया था। इसके बावजूद फैक्ट्री प्रबंधन द्वारा स्थानीय मजदूरों को हटाने का सिलसिला जारी रहा। उनके अनुसार विरोध के बाद 11 मजदूरों को पुनः काम पर रखा गया, लेकिन अभी भी 12 मजदूर बाहर हैं। उन्होंने दावा किया कि अब तक लगभग 20 स्थानीय मजदूरों को हटाया जा चुका है आंदोलनकारियों का आरोप है कि राज्य सरकार के 70 प्रतिशत स्थानीय मजदूरों को रोजगार देने संबंधी प्रावधान का पालन फैक्ट्री में नहीं किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि यदि स्थानीय मजदूरों के साथ अन्याय जारी रहा तो फैक्ट्री गेट को अनिश्चितकालीन बंद करने की दिशा में भी आंदोलन आगे बढ़ सकता है असंगठित मजदूर मोर्चा के नेता कन्हाई पांडेय ने कहा कि स्थानीय लोगों को रोजगार दिलाने के लिए संगठन लगातार संघर्ष कर रहा है। उन्होंने आरोप लगाया कि प्रदूषण का दुष्प्रभाव स्थानीय लोगों को झेलना पड़ता है, जबकि रोजगार के मामले में उन्हें प्राथमिकता नहीं दी जा रही है। उन्होंने आंदोलन को और तेज करने की चेतावनी दी आयोजकों के अनुसार कार्यक्रम में सिंदरी विधायक बबलू महतो, निरसा विधायक अरूप चटर्जी, पूर्व विधायक राजकुमार सिंह, पूर्व विधायक विनोद सिंह तथा असंगठित मजदूर मोर्चा के केंद्रीय नेता निताय महतो सहित विभिन्न प्रखंडों से बड़ी संख्या में कार्यकताओं के शामिल होने की संभावना है।

# पूर्व मंत्री केएन त्रिपाठी को सुरक्षा क्यों नहीं उपलब्ध करा रहा जिला प्रशासन : झारखण्ड क्रांति मंच

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**मेदिनीनगर (पलामू)।** झारखण्ड क्रांति मंच के केन्द्रीय अध्यक्ष शत्रुघ्न कुमार शत्रु ने प्रेस बयान जारी कर पलामू जिला सुरक्षा समिति के अध्यक्ष सह उपायुक्त पलामू श्री दिलीप प्रताप सिंह शेखावत से पूछा है कि किस नियम के तहत पलामू जिला प्रशासन झारखण्ड सरकार के पूर्व मंत्री व प्रदेश कांग्रेस के वरिष्ठ नेता सह पलामू प्रमंडल कांग्रेस अभियान समिति के अध्यक्ष श्री के०एन०त्रिपाठी जी को सुरक्षाकर्मी उपलब्ध नहीं कराया जा रहा है? बयान में उन्होंने कहा है कि पलामू जिले में एक तरफ कई संदेहास्पद चरित्र के लोगों को रेवड़ियों की तरह सुरक्षाकर्मी उपलब्ध कराये गये हैं,वहीं प्रोटोकॉल के तहत पूर्व मंत्री को अनिवार्य रूप से सुरक्षाकर्मियों को सरकार द्वारा उपलब्ध कराने की बाध्यता के बावजूद भी नये आरक्षी अधीक्षक द्वारा त्रिपाठी जी को सुरक्षाकर्मी नहीं प्रदान कराना कई सवालों को जन्म देता है? ज्ञातव्य है कि पलामू ही नहीं बल्कि पूरे राज्य में ज्वलंत समस्याओं व अपराधियों व असमाजिक तत्वों के खिलाफ मुखर होकर बोलने व संघर्ष करनेवाले नेताओं में अग्रगण्य श्री के०एन०त्रिपाठी पर निकट भविष्य में हमले की आशंका से इंकार नहीं किया जा सकता है,वैसी स्थिति में निश्चित रूप से पलामू जिला सुरक्षा समिति के सभी पदाधिकारियों के अलावा राज्य के मुख्यमंत्री जी ही सीधे तौर पर जिम्मेदार होंगे? बयान के अंत में उन्होंने कहा है कि जब पूर्व मंत्री की सुरक्षा के साथ जिला प्रशासन खिलवाड़ कर सकता है,तो विश्रामपुर नौगढ़ा के बर्बरतम तरीके से मारे गए दलित समाज के राशन डीलर विश्वनाथ राम के परिजनों को हथियारों का लाइसेंस प्रदान करने में क्या जिला सुरक्षा समिति के अधिकारी रुचि लेंगे? हम उपायुक्त व आरक्षी अधीक्षक पलामू से शीघ्र ही पूर्व मंत्री श्री के०एन०त्रिपाठी जी को मानक के हिसाब से अविलम्ब सुरक्षाकर्मी उपलब्ध कराने व आवश्यकता व सुरक्षा खतरे के आलोक में मृतक राशन डीलर विश्वनाथ राम के परिजनों को हथियारों का लाइसेंस प्रदान करने की मांग करते हैं।

# जनता दरबार में 39 मामलों की सुनवाई, जिलाधिकारी ने समयबद्ध निष्पादन के दिए निर्देश

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**अररिया ।** सात निश्चय 3.0 के अंतर्गत संचालित "सबका सम्मानझजीवन आसान" कार्यक्रम के तहत सोमवार को जिला पदाधिकारी, विनोद दूहन की अध्यक्षता में जनता दरबार का आयोजन किया गया। जनता दरबार में जिले के विभिन्न प्रखंडों से आए आम लोगों ने अपनी व्यक्तिगत एवं सार्वजनिक समस्याओं से संबंधित आवेदन जिला पदाधिकारी के समक्ष प्रस्तुत किए। इस दौरान कुल 39 मामलों की सुनवाई की गई।

जिला पदाधिकारी ने सभी मामलों को गंभीरतापूर्वक सुनते हुए संबंधित विभागों के पदाधिकारियों को प्राप्त शिकायतों एवं आवेदनों का



त्वरित, निष्पक्ष एवं प्रभावी निष्पादन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। इस क्रम में भूमि नामांतरण, भूमि मापी, निजी एवं सरकारी भूमि पर अतिक्रमण, जमाबंदी, बासगीत पर्चा निर्गत करने, बंदोबस्ती भूमि विवाद, गैस कनेक्शन ट्रांसफर, आधार कार्ड में नाम सुधार, होमगार्ड सेवा से संबंधित शिकायत, विद्युत दुर्घटना में सहायता राशि,



न्यायालयीय आदेशों के अनुपालन सहित विभिन्न राजस्व एवं जनकल्याण योजनाओं से जुड़े मामलों पर सुनवाई की गई। जनता दरबार में अब्सार आलम (फारबिसगंज) द्वारा भूमि नामांतरण, मो० अफजल हुसैन हाशमी (अररिया) एवं बिरेन्द्र राम (नरपतगंज) द्वारा भूमि मापी, मुख्तार (अररिया) द्वारा विद्युत दुर्घटना में मृतक के परिजन को सहायता राशि दिलाने, नन्द लाल मांझी (पलासी) द्वारा जमाबंदी, डीमी मंडल (भरगामा) द्वारा निजी भूमि पर अतिक्रमण, अलाउद्दीन अंसारी (फारबिसगंज) द्वारा गैस कनेक्शन ट्रांसफर, अनिसा खातून एवं मुस्ताकुर रहमान द्वारा शिखमी भूमि विवाद, मोहम्मद साकिब द्वारा भूमि नामांतरण, संजय कुमार भगत द्वारा निजी भूमि पर अतिक्रमण तथा सैयद साह द्वारा आधार कार्ड में नाम सुधार सहित विभिन्न मामलों पर सुनवाई की गई। जिला पदाधिकारी ने संबंधित विभागों को प्राथमिकता के आधार पर सभी मामलों की जांच कर समयबद्ध कार्रवाई सुनिश्चित करने का निर्देश दिया।

# पलामू में भव्यता के साथ मनाएं अंतरराष्ट्रीय योग दिवस : उपायुक्त



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मेदिनीनगर (पलामू)।** अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस 21 जून को है। इसके सफल आयोजन को लेकर उपायुक्त दिलीप प्रताप सिंह शेखावत की अध्यक्षता में उनके कार्यालय वेश्म में पदाधिकारियों की बैठक हुई। इसमें जिला मुख्यालय के साथ-साथ प्रखंड व ग्राम पंचायत मुख्यालय पर सुचारू और व्यवस्थित रूप से योग कार्यक्रम आयोजित करने को लेकर चर्चा हुई।उपायुक्त श्री शेखावत ने अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस को भव्यता के साथ मनाने का निदेश दिया। उन्होंने योग कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए विभिन्न विभागों के अधिकारियों को कार्यक्रम से जुड़ी जिम्मेदारियां सौंपी। आयुष विभाग के पदाधिकारी को योग दिवस की तैयारी को लेकर आवश्यक सामान का प्रबंध करने सहित सभी आवश्यक तैयारियां करने का निदेश दिए। साथ ही नगर निगम के पदाधिकारियों को योग स्थल की सफाई व्यवस्था, पेयजल एवं चलंत शौचालय का इंतजाम दुरुस्त करने का निदेश दिया। वहीं योग दिवस की प्रचार -प्रसार पर बल दिया। उन्होंने कहा कि योग से हम शारीरिक रूप से मजबूत हो सकते हैं। योग हमें स्वस्थ बनाता है। इसलिए अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर सभी योग प्रोटोकॉल का अभ्यास करना सुनिश्चित करें। उपायुक्त ने योगा दिवस पर योगाभ्यास में शामिल होने वालो के बीच टी-शर्ट, टोपी आदि वितरण का भी निदेश दिया।उन्होंने सभी प्रखंड मुख्यालय, आयुष्मान आरोग्य मंदिर, पंचायत मुख्यालयों, सभी स्कूल एवं शैक्षणिक संस्थानों में भी सुचारू और व्यवस्थित रूप से योगाभ्यास कार्यक्रम करने का निदेश दिया।21 जून को योगाभ्यास का कार्यक्रम प्रातः 6 बजे से होगा। इसके लिए स्थल के रूप में स्थानीय शिवाजी मैदान में प्रस्तावित है। उपायुक्त ने जिला प्रशासन के सभी पदाधिकारियों के साथ-साथ योग समितियां, विद्यार्थियों , सामाजिक संगठनों, बुद्धिजीवियों, मीडिया कर्मियों, आमजनों सहित सभी जिलेवासियों से योग दिवस कार्यक्रम में अधिक-से-अधिक भागीदारी सुनिश्चित करने की अपील की।बैठक में अपर समाहर्ता कुंदन कुमार,सदर अनुमंडल पदाधिकारी सुलोचना मीणा, जिला आयुष चिकित्सा पदाधिकारी,आयुष के डीपीएम डॉ. मृत्युंजय कुमार कुमार मेहता सहित विभिन्न विभागों के पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# हैदरनगर स्थित विंध्यवासिनी हॉस्पिटल में हड्डी रोग विशेषज्ञ की सेवा शुरू

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मेदिनीनगर (पलामू)।** पलामू जिला के हैदरनगर प्रखंड एवं आसपास के क्षेत्रों के लोगों के लिए स्वास्थ्य सेवाओं के क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि जुड़ गई है। स्थानीय प्लस टू हाईस्कूल के समीप स्थित विंध्यवासिनी हॉस्पिटल में रविवार से हड्डी रोग विशेषज्ञ डॉ. संभ्रो विनय ने अपनी सेवाएं देना शुरू कर दिया है। उनके आने से अब क्षेत्र के मरीजों को हड्डी संबंधी रोगों, फ्रैक्चर, सड़क दुर्घटना एवं ट्रॉमा मामलों में बेहतर और त्वरित उपचार स्थानीय स्तर पर ही उपलब्ध हो सकेगा। अब तक गंभीर चोट या हड्डी संबंधी समस्याओं के इलाज के लिए मरीजों को लगभग 90 किलोमीटर दूर मेदिनीनगर या अन्य बड़े शहरों का रुख करना पड़ता था। इससे मरीजों और उनके परिजनों को समय व आर्थिक परेशानी का सामना करना पड़ता था। विशेषज्ञ चिकित्सक की उपलब्धता से इस समस्या का काफी हद तक समाधान होगा।अस्पताल के निदेशक डॉ. शंकर दयाल वर्मा ने बताया कि अस्पताल में ट्रॉमा केस मैनेजमेंट, इमरजेंसी आईसीयू तथा हड्डी रोग से संबंधित विशेष सेवाएं 24 घंटे उपलब्ध रहेंगी।रविवार को आयोजित स्वागत समारोह में डॉ. मुकेश कुमार, डॉ. राकेश कुमार, नावाजिश खान, राहत खान, जितेंद्र सिंह, कमलेश सिंह समेत कई गणमान्य लोगों ने डॉ. संभ्रो विनय का स्वागत किया और इसे क्षेत्र की स्वास्थ्य व्यवस्था के लिए बड़ी सौगात बताया।

# आमजनों को जागरूक करने हेतु डीसी ने हरी झंडी दिखा रथ को किया रवाना

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मेदिनीनगर (पलामू)।** नशे के विरुद्ध 15 जून से 26 जून तक राज्यव्यापी जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में सोमवार को समाहरणालय सभागार से एलईडी युक्त जागरूकता वाहन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।




यह रथ जिले के विभिन्न प्रखंडों में जाकर आमजनों को ऑडियो-विडिओ के माध्यम से निषिद्ध मादक पदार्थों के सेवन से होने वाले कुरीतियों के बारे में अवगत करायेगा। इस अवसर पर उपायुक्त श्री शेखावत ने कहा कि जिले में विभिन्न विभागों की तरफ से नशा के खिलाफ अभियान चलाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि इन दिनों नशीला पदार्थ युवाओं तक आसानी से उपलब्ध हो जा रहा है यह चिंता का विषय है।ऐसे में इन नशीला पदार्थ से होने वाले नुकसान के बारे में युवाओं व आमजनों को जागरूक करने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि नशा एक सामाजिक बुराई है, जो युवाओं को शारीरिक, मानसिक और सामाजिक रूप से नुकसान पहुँचा रही है।नशे पर नियंत्रण को लेकर हमें स्वयं जागरूक रहना होगा और दूसरों को भी जागरूक करना होगा। यही प्रयास जिले को नशामुक्त बनाने की दिशा में सार्थक पहल साबित होगा। मौके पर सदर एसडीएम सुलोचना मीणा, डीडब्लूओ प्यारेलाल, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी डॉ असीम कुमार उपस्थित रहे।

# उपायुक्त ने सभी विभागों को राजस्व संग्रहण में तेज़ी लाने के दिए निर्देश

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मेदिनीनगर (पलामू)।** उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी दिलीप प्रताप सिंह शेखावत ने सोमवार को राजस्व से जुड़े सभी विभागों द्वारा राजस्व वसूली की समीक्षा की गयी।इस दौरान विभिन्न विभागों को चालू वित्तिय वर्ष में प्राप्त लक्ष्य के विरुद्ध कितनी वसूली की गयी है से संबंधित विस्तृत जानकारी ली गयी।उन्होंने सभी पदाधिकारियों को लक्ष्य को हासिल करने दिशा में कई दिशा-निर्देश दिया। खनन क्षेत्र में राजस्व वसूली में तेजी लाये

उपायुक्त ने खनन विभाग की समीक्षा की।वित्तिय वर्ष 2025-26 के तहत 58433.31 लाख रुपये वार्षिक लक्ष्य प्राप्त है जिसके विरुद्ध अबतक 17000.53 लाख रुपये की वसूली की गयी है जो लक्ष्य का 29.09 प्रतिशत है।वहीं इस वर्ष का लक्ष्य निर्धारण नहीं हुआ है हालांकि मई माह तक 2955.61 लाख रुपए की वसूली कर ली गयी है।

**परिवहन विभाग की भी हुई समीक्षा**

इसी तरह परिवहन विभाग की समीक्षा करते हुए उपायुक्त ने पाया कि विभाग को वित्तिय वर्ष 2025-26 में 7608.30 लाख रुपये की वसूली का लक्ष्य दिया गया था।जिसके विरुद्ध परिवहन विभाग द्वारा अबतक 8475.88 लाख रुपये की राजस्व वसूली कर ली गयी है।वर्तमान वित्तिय वर्ष में 8559.34 लाख रुपये की वसूली का लक्ष्य दिया गया है जिसके विरुद्ध अबतक 1748.46 लाख रुपये की वसूली कर ली गयी है जो 20.42 प्रतिशत है।

उत्पाद विभाग की समीक्षा के दौरान उत्पाद अधीक्षक ने उपायुक्त को बताया कि उत्पाद विभाग को वित्तिय वर्ष 2026-27 में 20250.81 लाख रुपए वसूली का वार्षिक लक्ष्य प्राप्त है जिसके विरुद्ध अब तक 4037.56 लाख रुपये के राजस्व वसूली कर ली गयी है।उपायुक्त ने बॉर्डर इलाके में लगातार छापेमारी करने के निर्देश दिये। इसी तरह वित्तिय वर्ष 2026-27 में मेदिनीनगर नगर निगम को 1604.49 लाख रुपये की वसूली का लक्ष्य है जिसके विरुद्ध अबतक 324.99 लाख रुपया की वसूली की गयी है जो प्राप्त लक्ष्य का 20.25 प्रतिशत है।बैठक में नगर निगम क्षेत्र के कुल होल्डिंग्स के आकलन की प्रगति की भी समीक्षा की गयी।उपायुक्त ने संबंधित अधिकारियों से होल्डिंग्स के आकलन की वर्तमान स्थिति की जानकारी लेते हुए मासिक लक्ष्य निर्धारित कर प्रस्ताव प्रस्तुत करने का निर्देश दिया। इसी तरह अवर निबंधन,राष्ट्रीय बचत विभाग,विद्युत आपूर्ति विभाग की भी समीक्षा की गयी।उन्होंने संबंधित विभाग के पदाधिकारी को शत प्रतिशत लक्ष्य प्राप्ति की दिशा में योजना बनाते हुए कार्य करने की बात कही।

**भू-लगान, निबंधन, दाखिल-खारिज़ की भी हुई समीक्षा**

इसी क्रम में उपायुक्त ने सरकार के विभिन्न विभागों को भूमि हस्तांतरण हेतु लंबित भूमि की अंचलवार समीक्षा की।इसके अतिरिक्त लंबित भूमि हस्तांतरण मामलों की समीक्षा के दौरान मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी न्यायालय के तृतीय एवं चतुर्थ वर्गीय कर्मियों के आवासीय क्वार्टर निर्माण हेतु उपयुक्त भूमि चिन्हित कर अनुमोदन के लिए प्रस्ताव भेजने का निर्देश दिया गया।

बैठक मेंभू-लगान,निबंधन,दाखिल-खारिज,सक्सेशन म्यूटेशन,पार्टीशन म्यूटेशन और भूमि सीमांकन की भी समीक्षा की गयी।उन्होंने सभी सीओ को निर्धारित समय में म्यूटेशन के मामलों का निष्पादन करने पर बल दिया।भूमि सीमांकन से संबंधित मामलों में उपायुक्त ने निर्देश दिया कि जहां क्रेता एवं विक्रेता दोनों की आपसी सहमति हो, वहां पारस्परिक सहमति के आधार पर मामलों का त्वरित निष्पादन सुनिश्चित किया जाए। इसके अलावे 2026-27 में प्राकृतिक आपदाओं एवं राज्य स्तरीय अधिसूचित आपदाओं से प्रभावितों को सहायता राशि स्वीकृति से संबंधित प्रतिवेदन, ई-रेवेन्यू कोर्ट का स्टेटस, लैंड डीमारकेशन, झारखंड लगान कलेक्शन की भी समीक्षा की गयी। बैठक में उपायुक्त के अलावा अपर समाहर्ता कुंदन कुमार, विभिन्न भूमि सुधार उप समाहर्ता, सभी अंचल अधिकारी समेत अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे।

# करोड़ों की लागत से बना आधुनिक स्टेडियम, लेकिन महिला खिलाड़ियों को अब भी बुनियादी सुविधाओं का इंतजार

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रांची।** राजधानी रांची के प्रमुख खेल केंद्रों में शुमार जयपाल सिंह मुंडा स्टेडियम एक बार फिर चर्चा में है। करोड़ों रुपये की लागत से स्टेडियम का सौंदर्यीकरण और विकास कार्य तो किया गया, लेकिन यहां नियमित रूप से अभ्यास करने आने वाली महिला खिलाड़ियों का कहना है कि आज भी कई बुनियादी सुविधाएं नदारद हैं। सबसे बड़ी समस्या चेंजिंग रूम की है, जिसके अभाव में महिला खिलाड़ियों को असहज परिस्थितियों का सामना करना पड़ता है। स्टेडियम में प्रतिदिन फुटबॉल, बास्केटबॉल,



नेटबॉल और अन्य खेलों का अभ्यास करने के लिए बड़ी संख्या में खिलाड़ी पहुंचते हैं। इनमें छात्राओं और महिला खिलाड़ियों की संख्या भी अच्छी-खासी है। खिलाड़ियों का कहना है कि खेल सुविधाओं का विस्तार तो किया गया, लेकिन महिला खिलाड़ियों की आवश्यकताओं को लेकर पर्याप्त ध्यान नहीं दिया गया। चेंजिंग रूम नहीं होने के कारण अभ्यास या प्रतियोगिता के दौरान कपड़े बदलना बड़ी चुनौती बन जाता है। यहां अभ्यास करने वाली खिलाड़ियों ने बताया कि कई बार उन्हें एक-दूसरे की मदद से अस्थायी घेरा बनाकर कपड़े बदलने पड़ते हैं। उनका कहना है कि यह स्थिति न केवल असुविधाजनक है, बल्कि महिला खिलाड़ियों की गरिमा और सम्मान से भी जुड़ा विषय है। खिलाड़ियों का मानना है कि जब खेलों में बेटियों की भागीदारी बढ़ाने की बात की जाती है, तब खेल परिसरों में उनकी मूलभूत जरूरतों का भी ध्यान रखा जाना चाहिए। महिला खिलाड़ियों ने यह भी बताया कि केवल चेंजिंग रूम ही नहीं, बल्कि स्वच्छ शौचालय, पेयजल और सामान रखने की समुचित व्यवस्था का भी अभाव है। कई बार दूर-दराज से आने वाली खिलाड़ियों को घंटों अभ्यास करना पड़ता है, लेकिन सुविधाओं की कमी के कारण उन्हें परेशानियों का सामना करना पड़ता है।

# पिस्तौल दिखा कार और जेवरात लूटे

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**गिरिडीह।** जिला में बेंगाबाद–चतरो मार्ग पर पेसराटांड़ नदी के पास रविवार की रात बाइक सवार अपराधियों ने पिस्टल के बल पर कार सवार से लूट की वारदात को अंजाम दिया है। अपराधियों ने कार सवार दो लोगों के पास से सोने की चेन, अंगूठी और मोबाइल सहित कार लूट कर फरार गए। समय पर मामले की जानकारी गिरिडीह एसपी डॉ विमल कुमार को लग गई। इसके बाद एसपी ने क्विक एक्शन का निर्देश दिया जिसके बाद अपराधियों की घेराबंदी की गई। अपराधी और लूटी हुई कार को बेंगाबाद–जमुआ थाना के बॉर्डर पर छोड़ कर फरार हो गए। बेंगाबाद पुलिस द्वारा लूटे गए कार को जब्त कर थाना लाया गया है। पुलिस अपराधियों की पहचान कर उनकी गिरफ्तारी के लिए रविवार रात से ही छापेमारी कर रही है। इस घटना को लेकर भुक्तभोगी द्वारा बेंगाबाद थाना में दिए गए आवेदन के आधार पर कांड संख्या 104/26 बीएनएस की धारा 309(4) के तहत केस दर्ज कर लिया गया है।


## पूर्व रेलवे

वरिष्ठ मंडल अभियंता (IV), पूर्व रेलवे, हावड़ा, डीआरएम बिल्डिंग, रेलवे स्टेशन के नज़दीक, हावड़ा-711101 द्वारा निम्नलिखित कार्यों के लिए सिंचाई/सीपीडब्ल्यूडी/एसईबी/एमईएस या किसी भी सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम के पास पंजीकृत समेत समरूप प्रकृति के कार्य का अनुभव एवं आवश्यक वित्तीय क्षमता रखने वाले निविदादाताओं से निम्नलिखित ई-निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं: **[वरिष्ठ डीईएन/4/हावड़ा]**: **क्रम संख्या:** 1। **ई-निविदा संख्या: 122_2026-27, दिनांक: 11.06.2026। कार्य का विवरण:** हावड़ा मंडल सेस की मरम्मत-निम्नलिखित स्थानों पर 172801 घन मीटर कार्य: रामपुरहाट-दुमका :वरिष्ठ मंडल अभियंता/4/हावड़ा के अधिकार क्षेत्र के अधीन सहायक अभियंता/रामपुरहाट के अधीन एसएल 104.370-105.280 = 4550 घन मीटर, 107.260-107.520 = 1300 घन मीटर, 108.280-108.280 = 2500 घन मीटर, 118.140-118.260 = 2376 घन मीटर, 118.520-120.330 = 9025 घन मीटर, 120.520-120.640 = 3360 घन मीटर, 120.920-120.980 = 1920 घन मीटर, 124.010-124.700 = 3450 घन मीटर, 126.080-126.500 = 12936 घन मीटर, 126.600-126.960 = 11088 घन मीटर, 127.000-128.000 = 5000 घन मीटर, 128.370-129.400 = 5150 घन मीटर, 130.000-130.460 = 2300 घन मीटर, 132.114-132.440 = 12960 घन मीटर, 134.470-135.080 = 3050 घन मीटर, 128.41-128.89 = 24576 घन मीटर, 128.92-129.4 = 26880 घन मीटर, 130.01-130.43 = 24192 घन मीटर, 134.72-135.08 = 14688 घन मीटर और 132.15-132.45 = 1500 घन मीटर। **अनुमानित लागत:** ₹ 5,67,71,706.26। **बयाना राशि:** ₹ 11,35,400। **कार्य पूरा करने की अवधि:** स्वीकृति पत्र जारी किये जाने की तारीख से 15 (पंद्रह) महीने। **क्रम संख्या:** 2। **ई-निविदा संख्या: 123_2026-27, दिनांक: 11.06.2026। कार्य का विवरण:** हावड़ा मंडल में नॉन-इंटरलॉक्ड समपार फाटकों पर रिले हट का प्रावधान (लिलुआ-बेलुड़ मठ खंड में 01 अदद, बर्द्धमान-कटवा खंड में 02 अदद, रामपुरहाट-दुमका खंड में 02 अदद)। **अनुमानित लागत:** ₹ 3,39,89,761.98। **बयाना राशि:** ₹ 6,79,800। **कार्य पूरा करने की अवधि:** स्वीकृति पत्र जारी किये जाने की तारीख से 04 (चार) महीने। **निविदा प्रपत्र की कीमत:** शून्य (क्रम संख्या 1 और 2 प्रत्येक के लिए)।निविदा आमंत्रण सूचना में उल्लिखित बंद होने की तारीख को किसी कारणवश छुट्टी/बंद/हड़ताल घोषित होने पर ऑनलाइन निविदा के बंद होने की तारीख में कोई परिवर्तन नहीं किया जायेगा क्योंकि आईआरईपीएस की वेबसाइट में आवेदन निविदा बंद होने की तारीख एवं समय के बाद किसी भी प्रस्ताव को जमा करने की अनुमति नहीं देता है। तथापि, ऑनलाइन निविदा को अगले कार्य दिवस में खोला जाएगा। **निविदा बंद होने की तारीख और समय:** 06.07.2026 को दोपहर 2:00 बजे (क्रम संख्या 1 और 2 प्रत्येक के लिए)। निविदा का सम्पूर्ण विवरण वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध है। निविदादाताओं से अनुरोध है कि वे उपर्युक्त वेबसाइट पर अपने प्रस्ताव ऑनलाइन जमा करें। ई-निविदा के सम्बन्ध में निविदा दस्तावेज की कीमत एवं जमा बयाना राशि (ईएमडी) का भुगतान उपर्युक्त वेबसाइट के जरिये सिर्फ नेट बैंकिंग या पेमेंट गेटवे के जरिये स्वीकार किया जायेगा। **द्रष्टव्य:** आईआरईपीएस (ई-निविदा पोर्टल) पर आमंत्रित निविदाओं के लिए ईएमडी के रूप में सावधि जमा रसीद (एफडीआर) स्वीकार नहीं की जाएगी। मैनुअल प्रस्ताव स्वीकार नहीं किये जायेंगे।

(HWH-156/2026-27)

निविदा सूचना वेबसाइट:**www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in** पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें: @EasternRailway easternrailwayheadquarter



## पूर्व रेलवे

**ई-निविदा सूचना संख्या: एनआईटी/02/26/32, दिनांक 15.06.2026।** प्रधान मुख्य सामग्री प्रबंधक, पूर्व रेलवे, 17 नेताजी सुभाष रोड, दूसरी मंज़िल, फेयरली प्लेस, कोलकाता-700001 द्वारा निम्नलिखित मदों की आपूर्ति के लिए ई-निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं: **क्रम संख्या; निविदा संख्या; विवरण; निविदा की कीमत; बयाना राशि** और **निविदा खुलने की तारीख और समय** निम्नानुसार हैं: **1; 20265027;** ईएलजीआई मॉडल संख्या आरआर20070 ऑफ़ के अनुसार 3-फेज आईसीएफ टाइप एमईएमयू रेक के लिए एयर ड्रायर के साथ रेसिप्रोकेटिंग एयर कूल्ड, ऑयल फ्री, अंडर स्लंग एयर कंप्रेसर; ₹ 0; ₹ 1,79,100 और 09.07.2026 को दोपहर 1.30 बजे। **2; 20265007;** हिताची के लिए रेडियेटर कूलर मोटर; ₹ 0; ₹ 1,53,700 और 14.07.2026 को दोपहर 1.30 बजे। **3; 19245042ए;** एसी फ्यूल पंप मोटर के लिए उपयुक्त स्टैंडबाई इन्वर्टर आदि; ₹ 0; ₹ 1,11,630 और 15.07.2026 को दोपहर 1.30 बजे। **4; 08251033;** पॉलीग्लास बैंडिंग टेप आकार -0.33 मिमी. +/-0.05 मोटा x 20 मिमी . चौड़ा; ₹ 0; ₹ 1,78,990 और 01.07.2026 को दोपहर 1.30 बजे। **5; 14255184बी;** आरडीएसओ स्पेसिफिकेशन संख्या: आरडीएसओ/एसपीएन/टीसी/107/2018 रिवीजन: 2.1 के अनुसार 25 वाट वीएचएफ डिजिटल रेडियो सेट की आपूर्ति की प्राप्ति आदि; ₹0; ₹ 3,59,420 और 06.07.2026 को दोपहर 1.30 बजे। **6; 08261217ए;** सेल्फ बॉन्डिंग (अमलगमेटिंग) इंसुलेटिंग टेप, आकार- 38 मिमी.; ₹ 0; ₹ 2,00,190 और 30.06.2026 को दोपहर 1.30 बजे। **7; 21261114;** ब्रेक सिलिंडर 355 मिमी . आदि; ₹ 0; ₹ 3,83,340 और 02.07.2026 को दोपहर 1.30 बजे। **8; 04265005;** ब्रेक सिलिंडर पीबीए 254-160 200277डी-00-4-270, निर्माता : फाइवली; ₹ 0; ₹ 8,04,330। **9; 04265004;** ब्रेक सिलिंडर पीबीएएफ 254-160 200278डी-01-6-पीएफ13-90, निर्माता : फाइवली; ₹ 0; ₹ 10,82,190 और 30.06.2026 को दोपहर 1.30 बजे (क्रम संख्या 8 एवं 9 प्रत्येक के लिए)। **10; 10252290ए;** एमर्जेन्सी एग्ज़ॉस्ट वाल्व; ₹ 0; ₹ 1,08,690 और 08.07.2026 को दोपहर 1.30 बजे। **11; 19265025;** कॉन्ट्रैक्टर एसी 3 पोल की प्राप्ति आदि; ₹ 0; ₹ 1,45,570 और 10.07.2026 को दोपहर 1.30 बजे। **12; 21261379;** स्ट्राइकर कास्टिंग वियर प्लेट आदि; ₹ 0 ; ₹ 4,03,380 और 02.07.2026 को दोपहर 1.30 बजे। **13; 16261154;** अनइंसुलेटेड कैडमियम कॉपर कैटेनरी वायर; ₹ 0; ₹ 20,00,000 और 03.07.2026 को दोपहर 1.30 बजे। **14; 15245027बी;** 5 एक्सिस सीएनसी फ़िएट बोगी फ्रेम मशीनिंग सेंटर की आपूर्ति, स्थापना एवं शुरुआत आदि; ₹ 0; ₹ 20,00,000 और 09.07.2026 को दोपहर 1.30 बजे। **15; 20265015;** एयर सप्लाई यूनिट; ₹ 0; ₹1,12,240 और 13.07.2026 को दोपहर 1.30 बजे। **16; 11265013;** एलएचबी गैर-वातानुकूलित भारतीय रेल यात्री कोचों के लिए आईओटी आधारित वाटर लेवल इंडिकेटर सिस्टम की आपूर्ति, स्थापना एवं शुरुआत के लिए प्राप्ति; ₹ 0; ₹ 3,79,950 और 02.07.2026 को दोपहर 1.30 बजे। **17; 21251019बी;** स्प्लिट पिन सहित सैक़ल लॉक एंड लॉक पिन की प्राप्ति आदि; ₹ 0; ₹ 1,38,060 और 03.07.2026 को दोपहर 1.30 बजे। **18; 15265073ए;** स्मार्ट कार्ड आधारित ऑटोमैटिक टिकटिंग वेंडिंग मशीन (एटीवीएम), जिसमें संलग्न स्पेसिफिकेशन के अनुसार शख्त रूप से 3 वर्ष की गारंटी के साथ टच स्क्रीन, एम्बेडेड क्लाइंट, आरएफआईडी रीडर/राइटर, थर्मल प्रिंटर, 1 केवीए यूपीएस, ओएस तथा आरडीबीएमएस लाइसेंस शामिल हो; ₹ 0; ₹ 9,48,090। **19; 15265072;** ट्रेवेर्सर (सर्फेस टाइप) की आपूर्ति, स्थापना एवं शुरुआत आदि - 80 टन; ₹ 0; ₹ 3,06,190 और 06.07.2026 को दोपहर 1.30 बजे (क्रम संख्या 18 एवं 19 प्रत्येक के लिए)। **20; 12261049;** आरडीएसओ ड्राइंग संख्या : टी-8747 के अनुसार चौड़े पीएससी स्लीपर के साथ इस्तेमाल के लिए 10 मिमी. मोटा कम्पोजिट ग्रूव्ड रबर सोल प्लेट (सीजीआरएसपी) का निर्माण एवं आपूर्ति; ₹ 0; ₹ 20,00,000 और 23.06.2026 को दोपहर 1.30 बजे। **21; 1226_एसपीसीएल_स्लीपर;** स्पेशल टाइप पीएससी स्लीपर की प्राप्ति के लिए चालू अनुबंध; ₹ 0; ₹ 0 और 22.06.2026 को दोपहर 1.30 बजे। **22; 12261036;** आरडीएसओ ड्राइंग संख्या टी-8746 के अनुसार चौड़े पीएससी स्लीपर के साथ उपयोग के लिए आरडीएसओ ड्राइंग संख्या टी-8748 (ऑल्ट. 1) के अनुसार मेटल लाइनर का निर्माण एवं आपूर्ति; ₹ 0; ₹ 20,00,000 और 19.06.2026 को दोपहर 1.30 बजे। **23; 22265369;** इंट्राविट्रिअल इंजेक्शन के लिए फरिसिमब 6 मिग्रा./0.05 मिली. सॉल्यूशन; ₹ 0; ₹ 0 और 16.06.2026 को दोपहर 1.30 बजे। **द्रष्टव्य:** ऊपर उल्लिखित सभी निविदाएं ई-निविदाएं हैं तथा सभी निविदादाताओं से अनुरोध है कि वे आईआरईपीएस वेबसाइट **https://www.ireps.gov.in** के जरिये अपनी बोलियाँ ऑनलाइन जमा करें। ऊपर उल्लिखित निविदाओं तथा अन्य आपूर्ति निविदाओं से सम्बंधित और अधिक जानकारी के लिए कृपया आईआरईपीएस वेबसाइट देखें।

(STORES-18/2026-27)

निविदा सूचना वेबसाइट:**www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in** पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें: @EasternRailway easternrailwayheadquarter



## पूर्व रेलवे

**ई-नीलामी आमंत्रण सूचना**

**ई-नीलामी सूचना संख्या: सीओएम/पीयूबी/एचडब्ल्यूएच/26/17, दिनांक :11.06.2026।** वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक, पूर्व रेलवे, हावड़ा मंडल, न्यू डीआरएम बिल्डिंग, चौथी मंज़िल, रेल म्यूजियम के पास, हावड़ा-711101 द्वारा पूर्व रेलवे के हावड़ा मंडल में **डिजिटल स्टोरेज लॉकर, फार्मेसी सहित एमर्जेन्सी मेडिकल रूम, रिटेल स्टोर तथा रिटायरिंग रूम एवं डॉरमिटरी** के वाणिज्यिक प्रचार का अनुबंध प्रदान करने हेतु ई-नीलामी आमंत्रित की जाती है। **कैटलॉग संख्या : पीयूबी-एचडब्ल्यूएच-26-17। नीलामी शुरू होने की तारीख एवं समय:** 26.06.2026 को दोपहर 2.00 बजे। **क्रम संख्या; एसईक्यू. संख्या; लॉट संख्या** एवं **विवरण** निम्नानुसार हैं: **1** ; एए/1; **एमएसएस-एचडब्ल्यूएच-बीएचपी-डिजिल-32-25-1** (मिसलेनियस-स्टैटिक-सर्विसेज- डिजिटल स्टोरेज लॉकर्स एट स्टेशन) एवं तीन (03) वर्षों की अवधि के लिए हावड़ा मंडल के अधीन बोलपुर स्टेशन पर डिजिटल लॉकरों की स्थापना, परिचालन एवं रखरखाव हेतु अनुबंध प्रदान करना। **2**; एबी/1; **एमएसएस-एचडब्ल्यूएच-आरपीएच-एमईडीएसटीएन-42-26-1** (मिसलेनियस-स्टैटिक-सर्विसेज- मेडिकल फैसिलिटीज एट स्टेशन) एवं पांच (05) वर्षों की अवधि के लिए रामपुरहाट रेलवे स्टेशन पर फार्मेसी सहित एमर्जेन्सी मेडिकल रूम की स्थापना एवं परिचालन हेतु अनुबंध प्रदान करना। **3**; एसी/1; **एमएसएस-एचडब्ल्यूएच-एचडब्ल्यूएच-एसटीजीईएन-81-26-1** (मिसलेनियस-स्टैटिक-सर्विसेज- स्टैटिक जनरल) एवं दस (10) वर्षों की अवधि के लिए हावड़ा स्टेशन (न्यू कॉम्प्लेक्स/साउथ कॉनकोर्स) पर रिटेल स्टोर की स्थापना, परिचालन एवं रखरखाव हेतु अनुबंध प्रदान करना। **4** ; बीए/1; **पीएनयू-एचडब्ल्यूएच-एचडब्ल्यूएच-डब्ल्यूआरएल-79-26-1** (पे एंड यूज़- लाउन्जेस/वेटिंग/रिटायरिंग/क्लोक रूम्स) एवं पांच (05) वर्षों की अवधि के लिए "बजट होटल एवं डॉरमिटरी" के रूप में हावड़ा एवं बेलुड़ स्टेशन के रिटायरिंग रूम एवं डॉरमिटरी का जीर्णोद्धार, परिचालन एवं रखरखाव हेतु अनुबंध प्रदान करना। **5**; बीए/2; **पीएनयू-एचडब्ल्यूएच-बीडब्ल्यूएन-डब्ल्यूआरएल-81-26-1** (पे एंड यूज़- लाउन्जेस/वेटिंग/रिटायरिंग/क्लोक रूम्स) एवं पांच (05) वर्षों की अवधि के लिए "बजट होटल एवं डॉरमिटरी" के रूप में बर्द्धमान, बोलपुर एवं रामपुरहाट स्टेशन के रिटायरिंग रूम एवं डॉरमिटरी का जीर्णोद्धार, परिचालन एवं रखरखाव हेतु अनुबंध प्रदान करना।

(HWH-155/2026-27)

निविदा सूचना वेबसाइट:**www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in** पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें: @EasternRailway easternrailwayheadquarter


# राज्यसभा चुनावः कांग्रेस प्रदेश प्रभारी के नेतृत्व में पार्टी नेताओं ने सीएम से की मुलाकात

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रांची।** झारखंड में दो सीटों पर होने वाले राज्यसभा चुनाव को लेकर कांग्रेस अपनी ओर से कोई कोर कसर नहीं छोड़ रही है। कांग्रेस की ओर से राज्यसभा चुनाव के लिए प्रणव झा प्रत्याशी बनाये गए हैं। एक ओर महागठबंधन के सभी सहयोगी दलों के विधायक, पार्टी पदाधिकारियों से वन टू वन बात कर रहे है। वहीं आज सोमवार को कांग्रेस के प्रदेश प्रभारी के राजू के नेतृत्व में राज्यसभा चुनाव के लिए ऑब्जर्वर बनाये गए अजय शर्मा, राज्यसभा सांसद और जम्मू कश्मीर कांग्रेस के प्रभारी नासिर हुसैन, कांग्रेस विधायक दल के नेता प्रदीप यादव और प्रदेश अध्यक्ष केशव महतो कमलेश ने कांके रोड स्थित सीएम आवास में मुख्यमंत्री और महागठबंधन के नेता हेमंत सोरेन से मुलाकात की। इस मुलाकात के दौरान राज्यसभा चुनाव को लेकर विस्तृत चर्चा की। इस मुलाकात के बाद प्रदेश कांग्रेस प्रभारी के। राजू ने कहा कि सीएम के साथ बैठक हुई। जिसमें आने वाले दिनों में राज्यसभा चुनाव को लेकर क्या-क्या रणनीति बनानी है इस पर चर्चा की। के। राजू ने कहा कि 56 विधायक एक साथ इंडिया गठबंधन के उम्मीदवार को वोट करेंगे हमें पूरा भरोसा है कि दोनों उम्मीदवार की जीत होगी। के। राजू ने कहा कि राजद और वाम दल के सभी लोग एक साथ हैं और हमारे गठबंधन के नेता उनसे संपर्क में है। उन्होंने बताया कि 16 और 17 जून को सभी सहयोगी दलों की संयुक्त बैठक सीएम आवास में होगी। जिसमें सभी गठबंधन दल के विधायक शामिल होंगे और वहां मॉकपोल कर रिहर्सल भी होगा।


## पूर्व रेलवे

**ई-नीलामी आमंत्रण सूचना**

वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक, पूर्व रेलवे, आसनसोल मंडल, स्टेशन रोड, आसनसोल, पिन-713301 अनुबंध प्रदान करने के लिए वेबसाइट **www.ireps.gov.in** के मार्फ़त आईआरईपीएस पोर्टल के ज़रिए ई-नीलामी आमंत्रित करते हैं। इसका विवरण निम्नानुसार है:- **कैटलॉग संख्या: एएसएन-एमएसएस-24-06। नीलामी शुरू होने की तारीख और समय:** 24.06.2026 को दोपहर 12:00 बजे। **क्रम संख्या; एसईक्यू.संख्या; लॉट संख्या** और **विवरण** निम्नानुसार हैं: **1**; एए/1; **एमएसएस-एएसएन-जीआरडी-एसएलपीओडी-165-26-1** (मिसलेनियस-स्टैटिक-सर्विसेज-स्लीपिंग पॉड्स एट स्टेशन) और गिरिडीह (जीआरडी) रेलवे स्टेशन पर 05 वर्षों की अवधि के लिए स्लीपिंग पॉड के विकास, परिचालन और रखरखाव के लिए अनुबंध। **2**; एए/2; **एमएसएस-एएसएन-डीजीआर-एसएलपीओडी-163-26-1** (मिसलेनियस-स्टैटिक-सर्विसेज- स्लीपिंग पॉड्स एट स्टेशन) और दुर्गापुर रेलवे स्टेशन पर 05 वर्षों की अवधि के लिए स्लीपिंग पॉड के विकास, परिचालन और रखरखाव का अनुबंध। **3**; एबी/1; **एमएसएस-एएसएन-डीजीएचआर-एमएसीएचआर-31-25-1** (मिसलेनियस-स्टैटिक-सर्विसेज-रिलैक्सेशन चेयर) और देवघर स्टेशन के प्लेटफॉर्म नंबर 01 पर रफ स्केच प्लान में दिखाई गई निर्धारित जगह पर रिलैक्सेशन चेयर की स्थापना और परिचालन। **4**; एबी/2; **एमएसएस-एएसएन-डीजीआर-एमएसीएचआर-116-25-1** (मिसलेनियस-स्टैटिक-सर्विसेज-रिलैक्सेशन चेयर) और रफ स्केच प्लान के अनुसार नॉर्थ साइड बुकिंग ऑफिस के पास रिलैक्सेशन चेयर की स्थापना और परिचालन। **5**; एबी/3; **एमएसएस-एएसएन-एएसएनजे-एमएसीएचआर-44-25-1** (मिसलेनियस-स्टैटिक-सर्विसेज-रिलैक्सेशन चेयर) और आसनसोल स्टेशन के प्लेटफॉर्म नंबर 2 पर रिलैक्सेशन चेयर की स्थापना और परिचालन। **6** ; एसी/1; **एमएसएस-एएसएन-डीयूएमके-एमईडीएसटीएन-158-26-1** (मिसलेनियस-स्टैटिक-सर्विसेज- मेडिकल फैसिलिटीज एट स्टेशन) और दुमका स्टेशन पर मेडिकल स्टोर की स्थापना और परिचालन। **7** ; एडी/1; **एमएसएस-एएसएन-डीजीआर-एसएस-32-25-1** (मिसलेनियस-स्टैटिक-सर्विसेज- सलॉन सर्विसेज) और दुर्गापुर स्टेशन के सर्कुलेटिंग एरिया में रफ स्केच प्लान में दर्शायी गई जगह पर सलॉन सेवाओं की स्थापना और परिचालन। **8**; एडी/2; **एमएसएस-एएसएन-डीयूएमके-एसएस-115-25-1** (मिसलेनियस-स्टैटिक-सर्विसेज- सलॉन सर्विसेज) और दुमका स्टेशन पर सलॉन सेवाओं की स्थापना और परिचालन। **9**; एई/2; **एमएसएस-एएसएन-आरएनजी-एसटीजीईएन-149-26-2** (मिसलेनियस-स्टैटिक-सर्विसेज- स्टैटिक जनरल) और रानीगंज स्टेशन पर स्केच प्लान के अनुसार रिटेल स्टोर की स्थापना और परिचालन (क्षेत्रफल 150 वर्ग फुट)। **10**; एई/3; **एमएसएस-एएसएन-डीजीआर-एसटीजीईएन-137-26-2** (मिसलेनियस-स्टैटिक-सर्विसेज- स्टैटिक जनरल) और दुर्गापुर रेलवे स्टेशन पर रिटेल स्टोर की स्थापना, परिचालन और रखरखाव। **11**; एई/4; **एमएसएस-एएसएन-जेएसएमई-एसटीजीईएन-169-26-1** (मिसलेनियस-स्टैटिक-सर्विसेज-स्टैटिक जनरल) और जसीडीह रेलवे स्टेशन के नए सर्कुलेटिंग एरिया में 03 वर्षों की अवधि के लिए रिटेल स्टोर की स्थापना, परिचालन और रखरखाव। **12**; एई/5; **एमएसएस-एएसएन-जेएसएमई-एसटीजीईएन-150-26-1** (मिसलेनियस-स्टैटिक-सर्विसेज-स्टैटिक जनरल) और जसीडीह, बैद्यनाथ धाम और देवघर स्टेशन पर ऐप-आधारित कैब/बाइक बुकिंग किऑस्क की स्थापना, परिचालन और रखरखाव; हर एक का क्षेत्रफल 36 वर्ग फुट (इस कैटलॉग के साथ संलग्न रफ़ स्केच प्लान के अनुसार)। **13**; एई/6; **एमएसएस-एएसएन-सीएएम-एसटीजीईएन-148-26-1** (मिसलेनियस-स्टैटिक-सर्विसेज-स्टैटिक जनरल) और एमडीजेडटीआई/भूली धनबाद में संलग्न स्केच प्लान में निर्धारित स्थान पर रिटेल स्टोर की स्थापना, परिचालन और रखरखाव [क्षेत्रफल :120 वर्ग फुट (6 फुट x 20 फुट)]। सभी भावी इच्छुक बोलीदाताओं को यह सलाह दी जाती है कि वे पूरी जानकारी के लिए वेबसाइट **www.ireps.gov.in** देखें और अनुसूची के अनुसार ऊपर बतायी गयी ई-नीलामी के तहत भाग लें।

(ASN-137/2026-27)

निविदा सूचना वेबसाइट:**www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in** पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें: @EasternRailway easternrailwayheadquarter

# शहीद की अंतिम यात्रा में उमड़े लोग

## गगनभेदी नारों से गूंजा इलाका



नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**जहानाबाद**। देश सेवा के दौरान असम में विमान हादसे में वीर गति को प्राप्त हुए हुलासगंज के बनवरिया गांव के वीर सपूत भारतीय वायुसेना के फ्लाइट लेफ्टिनेंट शुभम कुमार का पार्थिव शरीर रविवार को गांव पहुंचा।

पार्थिव शरीर गांव पहुंचते ही पूरे इलाके में शोक की लहर दौड़ गई है। अंतिम विदाई देने के लिए जहानाबाद से ही बड़ी संख्या में लोगों की भीड़ उमड़ पड़ी, इस दौरान भारत माता की जय के नारे गूंज रहे थे।

परिवार के लोग निःशब्द थे। उनकी आंखों से आंसू नहीं थम पा रहे थे। पिता अमरेंद्र शर्मा उर्फ पप्पू शर्मा , माता पूनम देवी व छोटे भाई सत्यम का रो-रोकर हाल बेहाल था।

जिले की सीमा से लेकर गांव तक सड़क के दोनों ओर बड़ी संख्या में लोग खड़े होकर वीर सपूत को नमन कर रहे थे। हर कोई बलिदान सपुत की एक झलक पाने और उन्हें अंतिम विदाई देने को आतुर दिखे।

शाम करीब चार बजे के बाद विशेष वाहन से बलिदान जवान का पार्थिव शरीर जिले की सीमा में प्रवेश किया। शहर के अरवल मोड़ के समीप बड़ी संख्या में मौजूद लोगों ने 'भारत माता की जय' और 'वीर शुभम अमर रहें' के नारों के बीच पुष्प वर्षा कर उनका नमन किया।

इसके बाद काको प्रखंड के मनियामा, घोसी, हुलासगंज सहित कई स्थानों पर लोगों ने सड़क किनारे खड़े होकर श्रद्धासुमन अर्पित किए। जगह-जगह ग्रामीणों ने सिर झुकाकर वीर जवान के सर्वोच्च बलिदान को नमन किया।

पूरे मार्ग में देशभक्ति और सम्मान का अद्भुत वातावरण देखने को मिला। जैसे ही पार्थिव शरीर बनवरिया पहुंचा, पूरा गांव शोक में डूब गया। अंतिम दर्शन के लिए लोगों की भीड़ उमड़ पड़ी।

एक ओर वीर शुभम अमर रहें के गगनभेदी नारे गूंज रहे थे तो दूसरी ओर स्वजन के करुण क्रंदन से माहौल अत्यंत गमगीन हो उठा। मां, पिता और अन्य स्वजन अपने लाल को अंतिम बार देखकर बेसुध हो गए। गांव के लोगों की आंखें भी नम थीं। वीर सपूत को अंतिम विदाई देने के लिए उमड़ी भीड़ ने यह साबित कर दिया कि शुभम कुमार केवल अपने परिवार ही नहीं, बल्कि पूरे जिले और देश के गौरव थे।

## बंद कमरे से मिली महिला की लाश

आरा। भोजपुर जिले के गड़हनी थाना क्षेत्र के शिवपुर गांव में सोमवार की सुबह एक बंद कमरे से महिला का क्षत-विक्षत शव बरामद किया गया। मृतका की पहचान शिवपुर निवासी संतोष कुमार की 30 वर्षीय पत्नी सरिता देवी के रूप में की गई है। घटना को लेकर मायके वालों ने पति पर हत्या का आरोप लगाया है जो फरार हैं।

बताया जाता है कि सरिता देवी का मायका उदवंतनगर थाना क्षेत्र के उदवंतनगर गांव में है। वह गुरु गोविंद सिंह की पुत्री थीं। मायके वालों के अनुसार, उनकी अंतिम बार 11 जून को मायके वालों से बातचीत हुई थी। इसके बाद उनसे कोई संपर्क नहीं हो सका था।

मायके पक्ष का कहना है कि दहेज प्रताड़ना का मामला वर्ष 2018 से ही कोर्ट में चल रहा है। मृतका का पति संतोष कुमार कोलकाता में सिक्योरिटी गार्ड की नौकरी करता है और तीन दिन पहले ही गांव आया था। इधर, सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी। गड़हनी थानाध्यक्ष कमलजीत ने बताया कि शव की स्थिति देखकर प्रतीत होता है कि मौत करीब तीन दिन पूर्व हुई है।

# मॉब लिंचिंग में दो युवकों की मौत

## चोर होने की संदेह में भीड़ ने धुना

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**बिहारशरीफ**। नालंदा जिले के राजगीर थाना क्षेत्र से एक बेहद दुखद और चिंताजनक घटना सामने आई है। रविवार देर रात चोरी के आरोप में उग्र भीड़ ने दो युवकों की बेरहमी से पिटाई कर दी, जिसके बाद इलाज के दौरान दोनों की मौत हो गई। मृतकों की पहचान दीपनगर थाना क्षेत्र के गंजपर निवासी अमरदीप पासवान के 24 वर्षीय पुत्र पिंटू पासवान और नरेश पासवान के 18 वर्षीय पुत्र श्रवण पासवान के रूप में हुई है।

जानकारी के अनुसार, घटना राजगीर के झुनकिया बाबा मंदिर के पास की है। बताया जाता है कि चोरी के संदेह में स्थानीय लोगों ने दो युवकों को पकड़ लिया।

चोर का शोर होने पर काफी संख्या में भीड़ जुट गई। भीड़ ने दोनों की जमकर पिटाई कर दी। लोग उनकी जान लेने पर उतारू थे।

### पुलिस कर रही छानबीन

सूचना मिलते ही राजगीर थाना पुलिस मौके पर पहुंची और दोनों को भीड़ के चंगुल से छुड़ाकर अपने कब्जे में लिया। गंभीर रूप से घायल दोनों युवकों को तत्काल अस्पताल पहुंचाया गया।

वहां प्राथमिक उपचार के बाद उनकी नाजुक हालत को देखते हुए पटना पीएमसीएच रेफर कर दिया गया। लेकिन इलाज के दौरान दोनों की मौत हो गई।

घटना के बाद इलाके में तनाव व्याप्त है। पुलिस मामले की जांच में जुट गई है। घटना से जुड़े सभी पहलुओं की पड़ताल कर रही है। कानून अपने हाथ में लेने की इस घटना ने एक बार फिर मॉब लिंचिंग जैसी पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं।

# पंचायत ने करा दी प्रेमी-प्रेमिका की शादी

## रात में मिलने पहुंचा था प्रेमिका के घर

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

सीवान। जिले के भगवानपुर हाट थाना क्षेत्र के महाना गांव में प्रेम-प्रसंग का एक दिलचस्प मामला सामने आया है। अपनी प्रेमिका से मिलने पहुंचे युवक को लड़की के परिजनों ने पकड़ लिया। इसके बाद मामला गांव के गणमान्य लोगों और पंचों के पास पहुंचा, जहां दोनों की सहमति से रात में ही शादी करा दी गई। इस अनोखे विवाह की चर्चा पूरे इलाके में हो रही है।

जानकारी के अनुसार, मछगरा गांव निवासी महंथ प्रसाद का पुत्र निरंजन कुमार रविवार रात महाना गांव स्थित अपनी प्रेमिका पुष्पा कुमारी से मिलने पहुंचा था। बताया जाता है कि दोनों के बीच लंबे समय से प्रेम संबंध था। इसी दौरान युवती के परिजनों को इसकी जानकारी मिल गई और उन्होंने युवक को मौके पर ही पकड़ लिया।

घटना की सूचना फैलते ही गांव में लोगों की भीड़ जुट गई। मामले को शांतिपूर्ण ढंग से सुलझाने के लिए पंचायत के सरपंच प्रभुनाथ राय, जिला पार्षद प्रतिनिधि ममेन्द्र यादव, पैक्स अध्यक्ष राजू राय समेत कई ग्रामीण और गणमान्य लोग मौके पर पहुंचे। दोनों पक्षों से बातचीत की गई और युवक-युवती की राय ली गई। बातचीत के दौरान निरंजन कुमार और पुष्पा कुमारी ने एक-दूसरे के साथ जीवन बिताने की इच्छा जताई। दोनों के बालिग होने और आपसी सहमति मिलने के बाद गांव में ही सामाजिक रीति-रिवाजों के अनुसार उनका विवाह संपन्न कराया गया।

ग्रामीणों के अनुसार, शादी के बाद दोनों परिवारों के बीच आपसी सहमति बन गई और मामला पूरी तरह शांतिपूर्ण ढंग से सुलझ गया। किसी भी पक्ष ने पुलिस में शिकायत दर्ज नहीं कराई है। विवाह के बाद नवदंपती को आशीर्वाद देने के लिए ग्रामीणों का तांता लगा रहा।


## एएनआई और एटीएस ने एक को दबोचा

**पटना**। मधुबनी में एनआईए एवं एटीएस टीम की संयुक्त छापेमारी सोमवार को सुबह से की जा रही है। टीम ने एक संदिग्ध व्यक्ति को हिरासत में लिया है। आतंकी संगठन से जुड़े होने के संदेह में एनआईए और एटीएस की संयुक्त टीम ने यह कार्रवाई की है।

यह कार्रवाई सुबह करीब 5 बजे की गई। जांच एजेंसियों ने पूरे अभियान को अत्यंत गोपनीय तरीके से अंजाम दिया और सुरक्षा के व्यापक इंतजाम किए गए थे। छापेमारी की सूचना मिलते ही इलाके में चर्चा का माहौल बन गया। जानकारी के अनुसार, इस छापेमारी में कई संदिग्ध गतिविधियों के सुराग मिलने की संभावना जताई जा रही है। एनआईए और एटीएस की टीम पूर्व निर्धारित सूचना के आधार पर बड़े ही गुप्त तरीके से मौके पर पहुंची और कार्रवाई शुरू की।

फिलहाल एनआईए और एटीएस की टीम हिरासत में लिए गए व्यक्ति से गहन पूछताछ कर रही है। जांच एजेंसियों को उम्मीद है कि पूछताछ के दौरान कई महत्वपूर्ण सुराग मिल सकते हैं, जिसके आधार पर अन्य स्थानों पर भी छापेमारी की जा सकती है।

# दुष्कर्म पीड़िता के परिजनों ने थाने में काटा बवाल



नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**आरा**। भोजपुर जिले के सहार थाना क्षेत्र के बस स्टैंड के समीप से रविवार की शाम सातवीं वर्ग की एक नाबालिग छात्रा को चार पहिया वाहन से उठकर चार- पांच युवकों द्वारा सामूहिक दुष्कर्म किया गया।

इस दौरान पीड़िता के स्वजन सहार थाना पहुंचकर हंगामा करने लगे। बाद में थानाध्यक्ष इंस्पेक्टर सुबोध कुमार द्वारा थाना पर आकर स्वजन को समझा बुझाकर शांत कराया। पीड़ित छात्रा का मेडिकल कराया जा रहा है।

आरोपितों की गिरफ्तारी को छापेमारी चल रही है। पीड़िता ने एक आरोपित की पहचान की है, जो उसके गांव का बताया जा रहा है।

सूत्रों के अनुसार रविवार की शाम सहार थाना क्षेत्र के एक गांव की 13 वर्षीय छात्रा नारियल का पानी लेने सहार बस स्टैंड आई थी।

नारियल का पानी लेकर वह लड़की बस स्टैंड के पास ऑटो पकड़ने के लिए खड़ी थी कि गांव का एक युवक और तीन अन्य युवकों द्वारा लड़की को धमका कर और जबरन हाथ पकड़कर जबरदस्ती अपने चार पहिया वाहन में बैठाकर झाड़ी की ओर लेकर चले गए।

जहां पर युवकों द्वारा छात्रा से जबरदस्ती सामूहिक दुष्कर्म किया गया। बाद में पीड़ित लडकी किसी तरह अपने घर पहुंच कर स्वजन को सारा बात बतायी।

इसके बाद स्वजन छात्रा को लेकर सहार थाना पहुंचे एवं हो- हंगामा करने लगे। पुलिस द्वारा मेडिकल के लिए सहार से आरा सदर अस्पताल भेजा जा रहा है।

# आस्था का उबरा सैलाब



नवबिहार टाइम्स संवाददाता

हाजीपुर। मलमास आज समाप्त हो रहा है और इसके समापन के साथ ही बिहार के देवघर कहे जाने वाले बाबा गरीबनाथ मंदिर में भक्तों की आस्था का जनसैलाब उमड़ पड़ा है। आपको बता दें कि सोमवार की अहले सुबह से ही हजारों की संख्या में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ मंदिर परिसर में पहुंच रही है। इस दौरान महिला, पुरुष, बच्चे और बुजुर्ग सभी बाबा के दर्शन-पूजन के लिए पहुंचे हैं। बाबा गरीबनाथ मंदिर में 'हर-हर महादेव' के जयकारे गूंज रहे हैं और श्रद्धालु दर्शन-पूजन कर आशीर्वाद प्राप्त कर रहे हैं।

एक माह तक चलने वाला मलमास आज समाप्त हो रहा है। हिंदू धर्म की परंपरा के अनुसार मलमास, जिसे अधिकमास भी कहा जाता है, का समापन आध्यात्मिक साधना की पूर्णता, सकारात्मक ऊर्जा के आगमन और मांगलिक कार्यों की पुनः शुरूआत का प्रतीक माना जाता है। यह हिंदू पंचांग का तेरहवां महीना होता है, जिसे आत्मशुद्धि, दान-पुण्य और भगवान विष्णु की उपासना के लिए समर्पित माना जाता है।

पंडित विनय पाठक ने बताया कि आज सोमवती अमावस्या है और आज ही मलमास का समापन हो रहा है। ऐसे में यह दिन विशेष रूप से पूजा-पाठ, दान-पुण्य और धार्मिक अनुष्ठानों के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण माना जाता है। श्रद्धालु इस दिन भगवान शिव, भगवान विष्णु सहित सभी देवी-देवताओं का दर्शन, पूजन, ध्यान और भोग अर्पित करते हैं।

पंडित विनय पाठक के अनुसार, आज के दिन विधि-विधान से पूजा-अर्चना करने पर जीवन के अनेक कष्ट और विकार दूर होते हैं। साथ ही पितरों को तर्पण और भोग अर्पित करने का भी विशेष महत्व है। इसलिए बड़ी संख्या में श्रद्धालु मंदिर पहुंचकर धार्मिक अनुष्ठान कर रहे हैं।

उन्होंने बताया कि आज के बाद मलमास समाप्त हो जाएगा और इसके साथ ही विवाह, गृह प्रवेश, मुंडन, नामकरण तथा अन्य सभी शुभ एवं मांगलिक कार्यों की पुनः शुरूआत हो जाएगी। श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए मंदिर प्रशासन द्वारा दर्शन-पूजन के विशेष इंतजाम किए गए हैं।

# एसआईआर को ले कल्पना सोरेन ने कार्यकर्ताओं को किया आगाह




नवबिहार टाइम्स संवाददाता

गिरिडीह। विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान को लेकर झारखंड मुक्ति मोर्चा ने रविवार को गिरिडीह के उत्सव उपवन सभागार में बीएलए-दो प्रशिक्षण शिविर सह बूथ स्तरीय कार्यकर्ता सम्मेलन का आयोजन किया। जिला अध्यक्ष संजय सिंह की अध्यक्षता में आयोजित इस कार्यक्रम में जिले की सभी छह विधानसभा क्षेत्रों के प्रखंडों से बड़ी संख्या में बीएलए-दो, बूथ कमेटी के पदाधिकारी और कार्यकर्ता शामिल हुए।

सम्मेलन को संबोधित करते हुए गांडेय विधायक कल्पना मुर्मू सोरेन ने कहा कि एसआईआर प्रक्रिया के दौरान यह सुनिश्चित करना होगा कि किसी भी पात्र मतदाता का नाम मतदाता सूची से न कटे और एक भी फर्जी मतदाता सूची में शामिल न हो। उन्होंने विशेष रूप से महिलाओं से जुड़े मामलों में सावधानी बरतने की अपील करते हुए कहा कि विवाह के कारण महिलाओं का निवास और पहचान संबंधी दस्तावेज बदलते रहते हैं। ऐसे में बूथ कमेटियां अभी से आवश्यक दस्तावेजों को व्यवस्थित कराने में जुट जाएं, ताकि किसी महिला मतदाता को परेशानी न हो।

नगर विकास मंत्री सुदिव्य कुमार ने कहा कि मतदाताओं के अधिकारों की रक्षा करना संगठन की प्राथमिक जिम्मेदारी है। उन्होंने कार्यकताओं का आह्वान करते हुए कहा कि एसआईआर के इस अभियान में बूथ स्तर पर पूरी सतर्कता के साथ काम करना होगा। उन्होंने विश्वास जताया कि झामुमो संगठन अपनी मजबूत जमीनी पकड़ के बल पर इस चुनौती का भी सफलतापूर्वक सामना करेगा। झामुमो के केंद्रीय महासचिव एवं प्रवक्ता विनोद कुमार पांडेय ने कहा कि पार्टी एसआईआर प्रक्रिया को लेकर पूरी तरह गंभीर है।

# घर में सो रहे युवक की गोली मारकर हत्या



नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**समस्तीपुर**। मुसरीघरारी थाना क्षेत्र के मोरवा उत्तरी पंचायत स्थित मोरवा डीह वार्ड संख्या 11 में सोमवार की देर रात एक सनसनीखेज वारदात में घर के अंदर सो रहे युवक की गोली मारकर हत्या कर दी गई।

अज्ञात बदमाशों ने घर की खुली खिड़की से ताबड़तोड़ फायरिंग की, जिससे युवक की मौके पर ही हालत गंभीर हो गई। अस्पताल ले जाने पर चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

मृतक की पहचान मोरवा डीह निवासी प्रमोद झा के पुत्र मोनू झा उर्फ सुजीत उर्फ मास्टर के रूप में हुई है। बताया जाता है कि वह रात में अपने घर में सो रहे थे।

इसी दौरान अज्ञात बदमाश घर की खुली खिड़की के पास पहुंचे और उन पर ताबड़तोड़ गोलियां चला दीं। फायरिंग इतनी तेज थी कि उनके शरीर के अलग-अलग हिस्सों में पांच गोलियां लगीं और वह लहूलुहान होकर गिर पड़े।

गोली चलने की आवाज सुनकर परिवार के सदस्य और आसपास के लोग मौके पर पहुंचे। गंभीर रूप से घायल युवक को तत्काल इलाज के लिए सदर अस्पताल ले जाया गया, लेकिन चिकित्सकों ने जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। घटना के बाद स्वजन का रो-रोकर बुरा हाल है।

सूचना मिलते ही मुसरीघरारी थाना पुलिस घटनास्थल पर पहुंची और जांच शुरू कर दी। पुलिस टीम मौके से साक्ष्य एकत्र कर रही है तथा हमलावरों की पहचान और गिरफ्तारी के लिए विभिन्न पहलुओं पर छानबीन कर रही है। फिलहाल हत्या के पीछे की वजह स्पष्ट नहीं हो सकी है।

इस वारदात के बाद पूरे मोरवा डीह गांव में भय का माहौल व्याप्त है। ग्रामीणों ने अपराधियों की शीघ्र गिरफ्तारी की मांग करते हुए पुलिस से कड़ी कार्रवाई की अपील की है।

उधर, सदर एसडीपीओ वन संजय कुमार पाण्डेय ने बताया कि मामले की गंभीरता से जांच की जा रही है और जल्द ही घटना का पदार्फाश कर दोषियों को गिरफ्तार किया जाएगा।

## सांप ने दादी-पोता को डंसा, दादी की मौत

**जमुई**। प्रखंड क्षेत्र के दिग्घी बेलाटांड़ गांव में एक हृदयविदारक घटना सामने आई, जहां घर के आंगन में सो रही दादी और पोते को एक विषैले सांप ने डंस लिया। इस घटना में इलाज के दौरान दादी की मौत हो गई, जबकि पोते की हालत गंभीर बनी हुई है।

जानकारी के अनुसार, दिग्घी बेलाटांड़ निवासी अर्जुन यादव की पत्नी रीता देवी और उनका पोता अनुज कुमार रविवार रात घर के आंगन में अलग-अलग खाट पर सो रहे थे। इसी दौरान छप्पर से एक विषैला सांप अचानक रीता देवी की खाट पर गिर पड़ा और उन्हें डंस लिया। सांप के डंसते ही रीता देवी की नींद खुल गई। घबराहट में उन्होंने हाथ झटका तो सांप उछलकर पास में सो रहे पोते अनुज कुमार की खाट पर जा गिरा और उसे भी डंस लिया। शोर सुनकर पहुंचे स्वजनों ने किसी तरह सांप को मार डाला, लेकिन तब तक दोनों के शरीर में जहर फैल चुका था। स्वजन तत्काल दोनों को इलाज के लिए जमुई सदर अस्पताल लेकर पहुंचे। चिकित्सकों ने दोनों का उपचार शुरू किया, लेकिन रीता देवी की स्थिति लगातार बिगड़ती गई और इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई। वहीं, अनुज की गंभीर हालत को देखते हुए चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद उसे बेहतर इलाज के लिए हायर सेंटर रेफर कर दिया।

# पत्नीहंता की अब तक गिरफ्तारी नहीं

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**दरभंगा** । बिहार में दरभंगा जिले के कमतौल थाना क्षेत्र के ब्रह्मपुर पश्चिमी गांव में प्रेमिका से बनी पत्नी की गोली मारकर हत्या करने वाले फरार शिशिर भारद्वाज का आपराधिक इतिहास अब चर्चा का विषय बना हुआ है।

घटना के पांच दिनों के बाद भी पुलिस को उसकी गिरफ्तारी में सफलता नहीं मिली है। हालांकि, पुलिस का कहना है कि उसकी तलाश लगातार जारी है।

जानकारी के अनुसार, शिशिर भारद्वाज किशोरावस्था से ही आपराधिक गतिविधियों में संलिप्त रहा है। पुलिस उसे तीन बार गिरफ्तार कर पर्यवेक्षण गृह भेज चुकी थी। हालांकि, उस समय उसकी कम उम्र के कारण उसे तहत राहत मिलती रही।किशोर न्याय बोर्ड को भी एहसास नहीं था कि जो भविष्य में एक जवाबदेह और कुशल नागरिक बनने का आश्वासन दे रहा है, वह भविष्य में अपनी पत्नी कातिल बन जाएगा। ऐसे उसके खिलाफ पहले से कई आपराधिक मामले दर्ज हैं।

हथियार रखने और अपराध की दुनिया से जुड़े रहने की उसकी प्रवृत्ति लंबे समय से रही है। रिश्ते में चचेरी बहन लगने वाली गांव की साक्षी कुमारी (24) के साथ शिशिर भारद्वाज का प्रेम संबंध था, जिसके बाद दोनों ने विवाह कर लिया था। परिवार और समाज को उम्मीद थी कि विवाह के बाद उसका जीवन सामान्य रूप से आगे बढ़ेगा। कदम चौक पर एक दुकान भी खोल लिया। लेकिन, यह रिश्ता महज दो वर्षों में ही एक दर्दनाक अंत तक पहुंच गया। पुलिस फरार आरोपित की गिरफ्तारी के लिए लगातार छापेमारी कर रही है। वहीं, मुखिया चुनाव लड़ने की महत्वाकांक्षा रखने वाली साक्षी का राजनीतिक भविष्य भी इस घटना के साथ खत्म हो गया। पुलिस का कहना है कि आरोपी को जल्द गिरफ्तार कर कानून के कठघरे में खड़ा किया जाएगा।

## अविश्वास प्रस्ताव खारिज

नगरनौसा(नालंदा)। नगरनौसा उपप्रमुख सुमंती देवी के खिलाफ लाया गया अविश्वास प्रस्ताव सोमवार के दिन खारिज हो गया। अविश्वास प्रस्ताव को लेकर सोमवार को विशेष बैठक बुलाई थी जिसमें सिर्फ दो सदस्य उपस्थित हुए। एक सदस्य पांच मिनट बैठक ही उठकर चले गए।सदस्यों की उपस्थिति नहीं होने से उपप्रमुख के खिलाफ लाया गया अविश्वास प्रस्ताव खारिज हो गया।

## अभियान की तैयारी को ले बैठक

**शिवाजीनगर**। आगामी 28 जून को आयोजित होने वाले राष्ट्रीय पल्स पोलियो अभियान की सफल तैयारी एवं प्रभावी क्रियान्वयन को लेकर सोमवार को प्रखंड कार्यालय सभागार में प्रखंड स्तरीय टास्क फोर्स बीएलटीएफ की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता प्रखंड विकास पदाधिकारी बीडीओ ने की बैठक में पल्स पोलियो अभियान के दौरान शून्य से पांच वर्ष तक के सभी बच्चों को पोलियो की खुराक पिलाने के लक्ष्य को हर हाल में पूरा करने पर जोर दिया गया। बीडीओ ने कहा कि पोलियो जैसी गंभीर बीमारी के पूर्ण उन्मूलन के लिए प्रत्येक पात्र बच्चे तक पहुंचना आवश्यक है। इसके लिए सभी विभागों के बीच बेहतर समन्वय एवं सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित की जाए बैठक में प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी ने अभियान की विस्तृत जानकारी देते हुए बताया कि 28 जून को बूथ दिवस के माध्यम से बच्चों को पोलियो की दवा पिलाई जाएगी। इसके बाद छूटे हुए बच्चों को घर-घर जाकर दवा पिलाने का कार्य किया जाएगा।

# मंदिर से लौट रहे दंपती को ट्रक ने मारी ठोकर, पति की मौत, पत्नी गंभीर

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**रसूलपुर/एकमा**। मौनी अमावस्या के अवसर पर सोमवार को सिवान जिले के मेंहदार स्थित बाबा महेंद्रनाथ मंदिर में पूजा-अर्चना कर दंपती बाइक से अपने घर लौट रहे थे। इसी दौरान रसूलपुर के समीप छपराझसिवान एनएच-531 पर सामने से आ रहे एक अनियंत्रित ट्रक ने उनकी बाइक में जोरदार टक्कर मार दी, जिससे एक दर्दनाक सड़क हादसा हो गया।

हादसे में एकमा थाना क्षेत्र के हंसराजपुर गांव निवासी एवं एक निजी विद्यालय के वाहन चालक 44 वर्षीय पप्पू मांझी की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि उनकी पत्नी मुन्नी देवी (38) गंभीर रूप से घायल हो गईं। घायल महिला का उपचार एकमा के एक निजी अस्पताल में चल रहा है, जहां उनकी स्थिति चिंताजनक बताई जा रही है।

जानकारी के अनुसार पप्पू मांझी अपनी पत्नी के साथ सिवान जिले के चैनपुर थाना क्षेत्र स्थित बाबा महेंद्रनाथ मंदिर में पूजा-अर्चना कर बाइक से घर लौट रहे थे। इसी दौरान रसूलपुर के पास छपराझसिवान एनएच-531 पर एक तेज रफ्तार और अनियंत्रित ट्रक ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि पप्पू मांझी की घटनास्थल पर ही मौत हो गई, जबकि उनकी पत्नी गंभीर रूप से घायल हो गईं।

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार ट्रक एकमा की ओर से तेज रफ्तार में आ रहा था। इसी दौरान बाइक सवार दंपती को ट्रक उनसे जा टकराया।

दुर्घटना की सूचना मिलते ही रसूलपुर थाना पुलिस थानाध्यक्ष प्रिंस राज के नेतृत्व में मौके पर पहुंची। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल, छपरा भेज दिया। वहीं दुर्घटना के बाद ट्रक चालक वाहन छोड़कर मौके से फरार हो गया। पुलिस ने ट्रक और क्षतिग्रस्त बाइक को जब्त कर अपने कब्जे में ले लिया है तथा मामले की जांच-पड़ताल शुरू कर दी है।

पोस्टमार्टम के बाद जैसे ही पप्पू मांझी का शव उनके पैतृक गांव हंसराजपुर पहुंचा, परिजनों में कोहराम मच गया। मृतक की पत्नी के गंभीर रूप से घायल होने और पति पप्पू मांझी की असामयिक मौत से पूरा परिवार शोक में डूब गया। परिजनों के चीत्कार और विलाप से माहौल गमगीन हो गया। नगर पंचायत एकमा बाजार के मुख्य पार्षद प्रतिनिधि दीपक कुमार, उपमुख्य पार्षद रानू कुमार, सामाजिक कार्यकर्ता मुन्ना मांझी, वार्ड पार्षद शैलेंद्र सिंह सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण मृतक के घर पहुंचे और शोक संतप्त परिवार को ढांढस बंधाया।

परिजनों ने बताया कि मृतक पप्पू मांझी अपने पीछे घायल पत्नी और परिवार में चार पुत्रों क्रमशः अंकित

# फंदे से झूलती मिली युवती की लाश

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**सारण**। जिले के मशरक थाना क्षेत्र के दुमदुमा गांव में रविवार देर रात एक 21 वर्षीय युवती द्वारा फंदे से लटककर जान देने का मामला सामने आया है। घटना के बाद पूरे गांव में शोक की लहर है, जबकि परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू कर दी।

मृतका की पहचान दुमदुमा गांव निवासी अजमत हुसैन की 21 वर्षीय पुत्री सहाना खातून के रूप में हुई है। बताया जा रहा है कि सहाना अपने घर के एक कमरे में फंदे से लटकी मिली। परिजनों को जब इसकी जानकारी हुई तो उन्होंने स्थानीय लोगों की मदद से उसे नीचे उतारा, लेकिन तब तक उसकी मौत हो चुकी थी। घटना की सूचना मिलने के बाद मशरक थाना पुलिस मौके पर पहुंची और घटनास्थल का निरीक्षण किया। इसके बाद शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल छपरा भेज दिया गया है। पुलिस अधिकारियों के अनुसार प्रथम दृष्टया मामला आत्महत्या का प्रतीत हो रहा है, हालांकि मौत के पीछे की वास्तविक वजह अभी स्पष्ट नहीं हो सकी है। पुलिस सभी पहलुओं को ध्यान में रखकर जांच कर रही है। परिजनों और आसपास के लोगों से पूछताछ की जा रही है ताकि घटना के कारणों का पता लगाया जा सके।

जानकारी के अनुसार, सहाना खातून पांच भाई-बहनों में सबसे बड़ी थी। उसके पिता कबाड़ी का काम कर परिवार का भरण-पोषण करते हैं। बेटी की अचानक मौत से परिवार गहरे सदमे में है। गांव में भी मातम का माहौल है और घटना को लेकर लोगों में चर्चा बनी हुई है। पुलिस का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने और जांच पूरी होने के बाद ही मामले की वास्तविक स्थिति स्पष्ट हो पाएगी।

## नशेड़ी धराया

**एकमा**। एकमा थाना क्षेत्र के आमडाढ़ी पंचायत स्थित देकुली गांव में शराब के नशे में हंगामा और शोर-शराबा कर रहे एक युवक को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार युवक की पहचान चंदन कुमार राम के रूप में हुई है।

# प्रखंडों में तीन दिवसीय जनकल्याण शिविर आज से


## लोगों की समस्या समाधान और सरकारी योजनाओं का शत-प्रतिशत लाभ पहुंचाने का सरकार का ऐतिहासिक कदम

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**पटना।** राज्य भर के 534 प्रखंडों में तीन दिवसीय सहयोग सह जन कल्याण शिविर का शुभारंभ मंगलवार से किया जाएगा। इस शिविर में पहुंचने वाले लोगों की सहूलियत में मेडिकल स्टॉल, हेल्प डेस्क आदि सुविधाएं होंगी। मुख्य सचिव प्रत्यय अमृत की ओर से जिला पदाधिकारियों को जारी पत्र में कहा गया है कि प्रखंड सहयोग सह जन कल्याण शिविर में बनाए गए मेडिकल स्टाल पर लोगों की प्राथमिक स्वास्थ्य जांच, स्वास्थ्य परामर्श की सुविधा लागू होगी। अधिकारी यह सुनिश्चित करेंगे कि मेडिकल स्टॉल आयुष्मान भारत एवं वय वंदना कार्ड नामांकन काउंटर के निकट स्थापित किया जाएगा। उन्होंने पत्र में यह भी कहा है कि शिविर स्थल पर हेल्प डेस्क की स्थापना की जाय जहां प्रशिक्षित स्वयंसेवक और कर्मचारी यहां आने वाले आवेदक, लाभार्थियों को सही काउंटर तक पहुंचाने में मदद करें। साथ ही फॉर्म भरवाने एवं दस्तावेजीकरण में सहायता प्रदान करेंगे। उन्होंने कहा है कि प्रत्येक योजना के लिए पृथक काउंटर और इन काउंटरों पर नोडल पदाधिकारी तैनात किए जाएंगे। शिविर में जिला/ प्रखंड स्तरीय पदाधिकारी मौजूद रहेंगे। मुख्य सचिव श्री अमृत ने कहा है कि प्रत्येक प्रखंड के लिए जिला स्तर से एक वरीय पदाधिकारी की प्रतिनियुक्ति की जाएगी। ये पदाधिकारी शिविर का नियमित निरीक्षण करेंगे और इसकी सफलता में आवश्यक निर्देश देंगे। शिविर में लगने वाले स्टॉल की व्यवस्था ग्रामीण विकास विभाग की ओर से किया जाएगा। बता दें कि राज्य में लोगों को सरकारी योजनाओं का शत-प्रतिशत लाभ पहुंचाने और उनकी समस्याओं के त्वरित निराकरण की दिशा में पिछले महीने के 19 तारीख से सहयोग शिविर का आयोजन किया जा रहा है। महीने के प्रथम और तृतीय मंगलवार को आयोजित होने वाले शिविर की शुरुआत ग्राम पंचायत स्तर पर की गई थी। इसके कुछ दिनों के बाद इसे नगर पंचायतों के लिए भी लागू किया गया। अभियान के महत्व को देखते हुए सरकार ने 16 से 18 जून के बीच तीन दिवसीय प्रखंड सहयोग सह जन कल्याण शिविर लगाने का निर्णय लिया है। इसी के अनुपालन में मुख्य सचिव ने जिला पदाधिकारियों को पत्र के माध्यम से आवश्यक निर्देश जारी किए हैं। इस पत्र में उन्होंने कहा है कि प्रखंडों में लगने वाले प्रखंड सहयोग-सह-जन-कल्याण शिविर का आयोजन पूर्व में ग्राम पंचायत और नगर पंचायत स्तर पर आयोजित हो रहे सहयोग शिविर के समानांतर किया जाएगा। शिविर में लोगों की सहूलियत में आयुष्मान भारत, आयुष्मान वय वंदना कार्ड, सामाजिक सुरक्षा पेंशन, पीएम सूर्य घर-मुफ्त बिजली योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना-ग्रामीण, लखपति दीदी, वीबी जी राम जी, किसान क्रेडिट कार्ड, प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि, मुख्यमंत्री कन्या उत्थान/छात्रवृत्ति योजनाएं, मुख्यमंत्री उद्यमी योजना, मुख्यमंत्री ग्राम परिवहन योजना, दिव्यांग कल्याण योजना, बीओसीडब्ल्यू-निर्माण कामगार कल्याण बोर्ड एवं मुख्यमंत्री स्वयं सहायता भत्ता योजना आदि को शामिल किया जाएगा।

# सोमवती अमावस्या आत्मचिंतन, सेवा और सामाजिक समरसता का पर्व : प्रेम कुमार

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**पटना।** बिहार विधानसभा अध्यक्ष डॉ. प्रेम कुमार ने सोमवती अमावस्या के पावन अवसर पर प्रदेशवासियों को शुभकामनाएं और मंगलकामनाएं दी है। अपने संदेश में उन्होंने कहा कि भारतीय संस्कृति में सोमवती अमावस्या का विशेष धार्मिक, आध्यात्मिक और सांस्कृतिक महत्व है। डॉ. प्रेम कुमार ने कहा कि जब अमावस्या सोमवार के दिन पड़ती है, तब यह तिथि अत्यंत पुण्यदायी मानी जाती है। इस अवसर पर श्रद्धालु पवित्र नदियों में स्नान, दान-पुण्य, व्रत, पूजा-अर्चना तथा भगवान शिव और पीपल वृक्ष की आराधना कर सुख, शांति और समृद्धि की कामना करते हैं। उन्होंने कहा कि भारतीय परंपरा हमें प्रकृति, समाज और परिवार के प्रति अपने दायित्वों का स्मरण कराती है। सोमवती अमावस्या का पर्व आत्मचिंतन, संयम, सेवा और सद्भाव का संदेश देता है। यह अवसर समाज में पारस्परिक सहयोग, करुणा और मानवता के मूल्यों को सुदृढ़ करने का भी माध्यम है। विधानसभा अध्यक्ष ने कहा कि हमारी सांस्कृतिक विरासत और धार्मिक परंपराएं समाज को एक सूत्र में बांधने का कार्य करती है। इन मूल्यों को आत्मसात करते हुए सामाजिक समरसता, पर्यावरण संरक्षण तथा जरूरतमंदों की सहायता के लिए आगे आने की आवश्यकता है। उन्होंने प्रदेशवासियों से आग्रह किया कि इस पावन अवसर पर स्वच्छता, सदाचार और सेवा भाव को अपनाते हुए समाज और राष्ट्र की प्रगति में अपना योगदान दें। उन्होंने कामना की कि सोमवती अमावस्या का यह पुण्य पर्व सभी के जीवन में सुख, शांति, आरोग्य और समृद्धि लेकर आए तथा बिहार और देश निरंतर विकास और उन्नति के पथ पर अग्रसर रहे।

# एक वर्ष में संस्कृत शिक्षा को नई दिशा, बिहार संस्कृत शिक्षा बोर्ड ने जारी किया रिपोर्ट कार्ड

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**पटना।** बिहार संस्कृत शिक्षा बोर्ड के अध्यक्ष मृत्युंजय कुमार झा ने अपने अध्यक्षीय कार्यकाल का एक वर्ष पूरा होने पर बोर्ड का 'एक वर्ष का रिपोर्ट कार्ड' जारी किया। इस दौरान उन्होंने बीते वर्ष की उपलब्धियों और भविष्य की योजनाओं की जानकारी दी। मृत्युंजय कुमार झा ने बताया कि वर्ष 2026 की मध्यमा परीक्षा में परीक्षार्थियों की संख्या 13,241 से बढ़कर लगभग 24 हजार हो गई है। पिछले आठ वर्षों में संस्कृत शिक्षा के प्रति विद्यार्थियों की संख्या में यह सबसे बड़ी वृद्धि है। संस्कृत शिक्षा के प्रचार-प्रसार के लिए सोशल मीडिया का व्यापक उपयोग किया गया जिससे विद्यार्थियों और अभिभावकों के बीच सकारात्मक माहौल बना। उन्होंने बताया कि पहली बार बिहार संस्कृत शिक्षा बोर्ड की अपनी सरकारी वेबसाइट विकसित की गई जिसके माध्यम से ऑनलाइन आवेदन और परीक्षा परिणाम प्रकाशित किए गए। मध्यमा परीक्षा 2026 का परिणाम मात्र 27 दिनों में जारी किया गया। साथ ही पहली बार पूरक परीक्षा का आयोजन कर असफल विद्यार्थियों को दूसरा अवसर प्रदान किया गया। संस्कृत शिक्षा को मुख्यधारा से जोड़ने के लिए केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान से मुलाकात कर सर्व शिक्षा अभियान से बोर्ड को जोड़ने की पहल की गई। शिक्षा मंत्रालय ने इस दिशा में सकारात्मक कदम उठाते हुए प्रक्रिया को संचालन स्तर पर पहुंचा दिया है। बोर्ड को बिहार विद्यालय परीक्षा समिति परिसर, बुद्ध मार्ग, पटना में नया कार्यालय आवंटित किया गया है। इसके अलावा कॉरपोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व के तहत भारतीय खाद्य निगम से लगभग दो करोड़ रुपये की सहायता प्राप्त करने की प्रक्रिया जारी है जिससे आधुनिक कंप्यूटर प्रयोगशालाओं सहित अन्य संसाधनों का विकास किया जाएगा। बोर्ड के 14 कर्मियों को लंबित सेवांत लाभ भी प्रदान किए गए। राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 के अनुरूप पाठ्यक्रम का पुनर्गठन किया गया है। भविष्य में 40 मॉडल संस्कृत विद्यालय विकसित किए जाएंगे जिनमें कंप्यूटर प्रयोगशाला, सूचना एवं संचार प्रौद्योगिकी सुविधाएं, डिजिटल पुस्तकालय और आधुनिक आधारभूत संरचना उपलब्ध होगी। कृत्रिम बुद्धिमत्ता आधारित शिक्षण, भाषा प्रयोगशाला तथा तकनीक आधारित शिक्षा को भी बढ़ावा दिया जाएगा। मृत्युंजय कुमार झा ने बताया कि परियोजना इकाई के गठन, अंतरराष्ट्रीय संस्कृत विश्व सम्मेलन, ई-लर्निंग पोर्टल तथा विभिन्न संस्थानों के साथ समझौता ज्ञापन के माध्यम से संस्कृत शिक्षा को रोजगारोन्मुखी और तकनीक-संपन्न बनाया जाएगा। इस अवसर पर बोर्ड सदस्य दुर्गेश कुमार राय, चन्द्र किशोर कुमार, धनेश्वर प्रसाद कुशवाहा, परीक्षा नियंत्रक उपेन्द्र कुमार तथा बोर्ड के कर्मचारी उपस्थित थे।

## पूर्व उपमुख्यमंत्री तारकिशोर प्रसाद ने समाजसेवी नरोत्तम जोशी के निधन पर दी श्रद्धांजलि

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**कटिहार।** बिहार के पूर्व उपमुख्यमंत्री तारकिशोर प्रसाद नॉर्थ ईस्टर्न बिहार चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के नवनिर्वाचित अध्यक्ष एवं प्रसिद्ध समाजसेवी नरोत्तम जोशी के निधन पर उनके आवास जाकर श्रद्धांजलि अर्पित की एवं शोक प्रकट किया साथ ही उनके परिजनों को सांत्वना दी। उन्होंने कहा कि कटिहार ने एक समाजसेवी को खो दिया है। हमेशा समाज की सेवा करने में अग्रणी भूमिका वे निभाते रहे हैं। उनकी धार्मिक कार्यों में विशेष रुचि रही। चेंबर के नवनिर्वाचित अध्यक्ष के रूप में उन्होंने व्यवसायियों एवं उद्यमियों से स्नेह पाया। ईश्वर उनकी दिवंगत आत्मा को शांति प्रदान करें। इस अवसर पर भाजपा नेता बब्बन झा, अमित कुमार गुप्ता, चेंबर के पूर्व अध्यक्ष विमल सिंह बेगानी, चेंबर के नवनिर्वाचित सचिव लाला सिंघानिया, निगम पार्षद प्रतिनिधि मनोज मिश्रा आदि उपस्थित थे।

# आर्यभट्ट ज्ञान विश्वविद्यालय में बनेगा बिहार का पहला आर्यभट्ट स्पेस क्लब

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना/नई दिल्ली।** आर्यभट्ट ज्ञान विश्वविद्यालय, पटना में बिहार का पहला आर्यभट्ट स्पेस क्लब स्थापित किया जाएगा। इसकी घोषणा विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. शरद कुमार यादव ने नई दिल्ली में आयोजित इंडिया स्पेस कांग्रेस 2026 के दौरान की। 15 से 17 जून तक आयोजित इस अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन का विषय 'रीइमैजिनिंग द ग्लोबल स्पेस लैंडस्केप' रहा जिसमें विभिन्न देशों के वैज्ञानिकों, नीति-निर्माताओं, उद्योग विशेषज्ञों, शिक्षाविदों और अंतरिक्ष क्षेत्र से जुड़े प्रतिनिधियों ने भाग लिया। सम्मेलन में उपग्रह संचार, अंतरिक्ष अवसंरचना, पृथ्वी अवलोकन, अंतरिक्ष नीति, जलवायु निगरानी, कृत्रिम बुद्धिमत्ता, अंतरिक्ष लॉजिस्टिक्स और अंतरिक्ष अर्थव्यवस्था जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तृत चर्चा हुई। इस अवसर पर प्रो. शरद कुमार यादव ने कहा कि दुनिया एक नए अंतरिक्ष युग में प्रवेश कर रही है जहां अंतरिक्ष विज्ञान केवल खोज तक सीमित नहीं रह गया है, बल्कि मानव जीवन, अर्थव्यवस्था और विकास का महत्वपूर्ण आधार बन चुका है। उन्होंने भारत के अंतरिक्ष कार्यक्रम की उपलब्धियों का उल्लेख करते हुए कहा कि आर्यभट्ट उपग्रह से लेकर चंद्रयान और मंगलयान तक की यात्रा देश की वैज्ञानिक क्षमता और आत्मनिर्भरता का प्रमाण है। उन्होंने भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) की उपलब्धियों की सराहना करते हुए कहा कि सीमित संसाधनों के बावजूद भारत ने विश्वस्तरीय उपलब्धियां हासिल कर वैश्विक स्तर पर अपनी अलग पहचान बनाई है। प्रो. यादव ने कहा कि आज अंतरिक्ष तकनीक का उपयोग संचार, कृषि, आपदा प्रबंधन, जलवायु परिवर्तन, शिक्षा, स्वास्थ्य और राष्ट्रीय सुरक्षा जैसे क्षेत्रों में तेजी से बढ़ रहा है। उन्होंने विश्वविद्यालयों की भूमिका पर जोर देते हुए कहा कि विद्यार्थियों को भविष्य की तकनीकों से जोड़ना और अनुसंधान व नवाचार को बढ़ावा देना समय की आवश्यकता है। उन्होंने बताया कि आर्यभट्ट स्पेस क्लब के माध्यम से विद्यार्थियों में अंतरिक्ष विज्ञान, खगोल विज्ञान, उपग्रह तकनीक, स्पेस डेटा विश्लेषण और आधुनिक अंतरिक्ष अनुसंधान के प्रति रुचि विकसित की जाएगी। क्लब के तहत विशेषज्ञ व्याख्यान, प्रशिक्षण कार्यक्रम, कार्यशालाएं, विज्ञान संवाद और छात्र शोध परियोजनाएं आयोजित की जाएंगी। कुलपति ने कहा कि यह पहल बिहार और पूर्वी भारत के युवाओं को अंतरिक्ष विज्ञान के क्षेत्र में नए अवसरों से जोड़ेगी तथा राज्य को अंतरिक्ष शिक्षा, अनुसंधान और नवाचार का मजबूत केंद्र बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी।

## इस्ट पॉइंट इंजीनियरिंग के छात्रों ने विकसित किया स्मार्ट महिला सुरक्षा उपकरण

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**पटना।** इस्ट पॉइंट कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी के कंप्यूटर साइंस एवं इंजीनियरिंग विभाग के छात्रों ने 'स्मार्ट वूमेन सिक्योरिटी सिस्टम यूजिंग आईओटी' नामक एक अभिनव पहनने योग्य सुरक्षा उपकरण विकसित किया है। यह डिवाइस आपातकालीन परिस्थितियों में महिलाओं को रियल-टाइम सहायता प्रदान करने और उनकी सुरक्षा को मजबूत बनाने के उद्देश्य से तैयार किया गया है। छात्र अभिषेक गौड़ा एम.एस., अभिनव मल्लप्पा रड्डर, माधन एम.एस. और रेखा एस. द्वारा डॉ. केशवन एम.वी. के मार्गदर्शन में विकसित इस परियोजना में जीएसएम, जीपीएस, आईओटी सेंसर, क्लाउड कनेक्टिविटी और स्वास्थ्य निगरानी तकनीकों को एकीकृत किया गया है। यह स्मार्ट डिवाइस अचानक गिरने, असामान्य गतिविधियों या संकटपूर्ण परिस्थितियों का पता लगाकर परिवार के सदस्यों एवं आपातकालीन संपर्कों को लाइव जीपीएस लोकेशन के साथ एसएमएस अलर्ट भेजता है। इसमें रियल-टाइम जीपीएस ट्रैकिंग, जीएसएम-आधारित आपातकालीन अलर्ट, अल्कोहल डिटेक्शन, हृदय गति एवं शरीर के तापमान की निगरानी जैसी सुविधाएं शामिल हैं।

# अंत्योदय के संकल्प को साकार कर रहा जन कल्याण शिविर अभियान : संजय सरावगी

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



**पटना।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में सेवा, सुशासन एवं गरीब कल्याण के 12 स्वर्णिम वर्षों की पूर्णता के अवसर पर प्रखंड सहयोग सह जन कल्याण शिविर आयोजित किये जा रहे हैं। भाजपा बिहार प्रदेश अध्यक्ष संजय सरावगी ने बिहार सरकार द्वारा 16, 17 एवं 18 जून को राज्य के सभी 534 प्रखंडों में आयोजित किए जा रहे प्रखंड सहयोग सह जन कल्याण शिविर का स्वागत करते हुए इसे जनसेवा, सुशासन और अंत्योदय के संकल्प को साकार करने वाला ऐतिहासिक अभियान बताया है। प्रदेश अध्यक्ष संजय सरावगी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार तथा मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी के नेतृत्व में बिहार सरकार समाज के अंतिम व्यक्ति तक विकास और कल्याण की योजनाओं का लाभ पहुंचाने के लिए निरंतर कार्य कर रही है। यह शिविर उसी संकल्प को धरातल पर उतारने का प्रभावी माध्यम बनेगा। उन्होंने कहा कि शिविरों में आयुष्मान भारत योजना, प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि, प्रधानमंत्री आवास योजना, किसान क्रेडिट कार्ड, सामाजिक सुरक्षा पेंशन, जीविका समूह, मुख्यमंत्री कन्या उत्थान योजना, छात्रवृति योजनाएं, मुख्यमंत्री उद्यमी योजना, मुख्यमंत्री ग्राम परिवहन योजना, मुख्यमंत्री स्वयं सहायता भत्ता योजना, दिव्यांग कल्याण योजनाओं, पीएम सूर्य घर, लखपति दीदी सहित अनेक जनकल्याणकारी योजनाओं से संबंधित आवेदन, निबंधन, सत्यापन एवं ई-केवाईसी जैसी सुविधाएं एक ही स्थान पर उपलब्ध कराई जाएगी। उन्होंने कहा कि इससे आम नागरिकों को काफी सुविधा होगी और योजनाओं का लाभ तेजी से पात्र लाभार्थियों तक पहुंचेगा। प्रदेश अध्यक्ष सरावगी ने इन शिविरों के उद्देश्यों को रेखांकित करते हुए कहा कि सरकार का उद्देश्य है कि कोई भी पात्र लाभार्थी सरकारी योजनाओं के लाभ से वंचित न रहे। प्रखंड स्तर पर आयोजित यह शिविर प्रशासन और जनता के बीच की दूरी को कम करेगा तथा सुशासन को और अधिक प्रभावी बनाएगा। उन्होंने कहा कि इन सभी शिविरों में एनडीए कार्यकर्ता लाभार्थियों को मदद देने के लिए उपलब्ध होंगे। कार्यकर्ता लाभार्थियों को न केवल इस शिविर को लेकर पूरी जानकारी उपलब्ध कराएंगे बल्कि आवेदनों को भरने और फॉर्म लेने में भी मदद देंगे। उन्होंने एनडीए के सभी कार्यकर्ताओं, जनप्रतिनिधियों एवं पदाधिकारियों से आह्वान किया कि वे अपने-अपने क्षेत्रों में इन शिविरों की जानकारी अधिक से अधिक लोगों तक पहुंचाएं तथा पात्र लाभार्थियों को शिविरों में भाग लेने के लिए प्रेरित करें।

## मद्य निषेध विभाग की परीक्षा रद्द कर पुनः परीक्षा गृह जिले में संपन्न करे सरकार : राजेश राम

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



**पटना।** बिहार में मद्य निषेध विभाग में पुलिस भर्ती की परीक्षा में हुए भारी अराजकता और अनियमितता को लेकर बिहार कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष राजेश राम ने सरकार से मांग की है कि परीक्षा को पुनः सुनियोजित और सुचारू रूप से गृह जिले में आयोजित कराई जाए। बिहार कांग्रेस के अध्यक्ष राजेश राम ने कहा कि बिना वैकल्पिक व्यवस्था के दक्षिण बिहार के परीक्षार्थियों को उत्तर बिहार में परीक्षा सेंटर देना और छात्रों का सेंटर तक पहुंचने के लिए साधनों की कमी के कारण कई परीक्षार्थी सेंटर तक पहुंच ही नहीं सके। अब तक कितने परीक्षार्थियों की परीक्षा हुई और कितनों की छूटी इसका आंकड़ा सरकार नहीं दे रही है जब सरकार को पता था कि 16 लाख परीक्षार्थियों ने फॉर्म भरा है तो कम से कम उनके परिवहन के लिए उन्हें व्यवस्था करनी चाहिए थी। गर्मी के दिन में इतनी दूर सेंटर देना और दूसरा परीक्षा के लिए कोई विशेष ट्रेन नहीं चलाना यह साबित करता है कि सरकार की मंशा परीक्षार्थियों के लिए ठीक नहीं थी।

# आइपीएस विकास वैभव के हाथों सम्मानित हुए डॉ. आनंद रंजन झा

नवबिहार टाइम्स संवाददाता




**जन्दाहा (वैशाली)।** वैशाली जिले के जन्दाहा प्रखंड के प्रतिष्ठित शिक्षाविद् एवं समाजसेवी तथा कैरियर मिशन कम्प्यूटर एकेडमी, जन्दाहा के निदेशक डॉ. आनंद रंजन झा को एक भव्य प्रतिभा सम्मान समारोह में सम्मानित किया गया। समारोह के दौरान बिहार के चर्चित आईपीएस अधिकारी विकास वैभव ने डॉ. झा को मोमेंटो प्रदान कर शिक्षा एवं समाज सेवा के क्षेत्र में उनके उल्लेखनीय योगदान की सराहना की। इसके साथ ही निर्मल इंडिया न्यूज के संचालक रविशंकर कुमार ने भी डॉ. आनंद रंजन झा को अंगवस्त्र भेंट कर सम्मानित किया और समाज के प्रति उनके समर्पण, युवाओं के कौशल विकास तथा शिक्षा के क्षेत्र में किए जा रहे कार्यों की प्रशंसा की। आईपीएस विकास वैभव ने अपने संबोधन में कहा कि समाज के निर्माण में शिक्षकों और शिक्षण संस्थानों की भूमिका सबसे महत्वपूर्ण होती है। उन्होंने कहा कि ऐसे शिक्षाविदों का सम्मान युवाओं को प्रेरित करता है और उन्हें सकारात्मक दिशा में आगे बढ़ने का उत्साह प्रदान करता है। डॉ. आनंद रंजन झा विगत कई वर्षों से कैरियर मिशन कम्प्यूटर एकेडमी, जन्दाहा के माध्यम से हजारों युवाओं को कंप्यूटर शिक्षा एवं कौशल प्रशिक्षण देकर आत्मनिर्भर बनाने का कार्य कर रहे हैं। इसके अतिरिक्त वे सामाजिक जागरूकता, प्रतिभा संवर्धन एवं युवा सशक्तिकरण के क्षेत्र में भी सक्रिय योगदान दे रहे हैं। सम्मान प्राप्त करने के उपरांत डॉ. आनंद रंजन झा ने कहा कि यह सम्मान केवल उनका नहीं, बल्कि उनके विद्यार्थियों, सहयोगियों और उन सभी लोगों का सम्मान है जिन्होंने हमेशा उन्हें समाजहित में कार्य करने की प्रेरणा दी।

## सीएम द्वारा सिवान के पचरुखी में 415.18 करोड़ की योजनाओं का उद्घाटन ऐतिहासिक पल : मंगल पांडेय

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**पटना।** पूर्व स्वास्थ्य मंत्री सह सिवान सदर विधायक मंगल पांडेय ने हर्ष व्यक्त करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी मंगलवार को सिवान जिले के पचरुखी प्रखंड के पपौर पंचायत में आयोजित 'सहयोग शिविर - सबका सम्मान, जीवन आसान' कार्यक्रम में शामिल हो रहे हैं। इस ऐतिहासिक अवसर पर सीएम द्वारा सिवान के विकास के लिए कुल 415.18 करोड़ रुपये की 44 विकास योजनाओं का शिलान्यास और उद्घाटन किया जा रहा है। इसमें 178.38 करोड़ की 18 योजनाओं का शिलान्यास और 236.80 करोड़ की 26 योजनाओं का शुभारंभ शामिल है। यह दिन सिवान के लिए स्वर्णिम पल है। यह पहल पीएम नरेंद्र मोदी व पूर्व सीएम नीतीश कुमार के विकास की सोच का प्रतीक है। श्री पांडेय ने कहा कि मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी द्वारा 415 करोड़ से अधिक की योजनाओं का लोकार्पण सिवान सदर की तस्वीर बदल देगा। 'सहयोग शिविर' के माध्यम से 20 विभागों के स्टॉल लगाकर जन समस्याओं का त्वरित समाधान करने की पहल सराहनीय है। यह शिविर 'सबका सम्मान, जीवन आसान' के संकल्प को धरातल पर उतार रहा है। सिवान के इस समग्र विकास के लिए मैं देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का हृदय से आभार व्यक्त करता हूं। डबल इंजन सरकार के कारण ही बिहार को विकास की ऐसी योजनाएं मिल रही हैं। साथ ही बिहार के कर्मठ मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी को बधाई, जिनके नेतृत्व में विकास की गति निरंतर तेज हो रही है।

# एनआइटी पटना में आइसीएसएसआर प्रायोजित दस दिवसीय शोध पद्धति पाठ्यक्रम का शुभारंभ

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**पटना।** राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान पटना के मानविकी एवं सामाजिक विज्ञान विभाग द्वारा आयोजित भारतीय सामाजिक विज्ञान अनुसंधान परिषद , शिक्षा मंत्रालय, भारत सरकार प्रायोजित दस दिवसीय शोध पद्धति पाठ्यक्रम का शुभारंभ सोमवार को मेघनाद साहा हॉल में हुआ। पाठ्यक्रम का विषय 'मानसिक स्वास्थ्य एवं सामाजिक समावेशन को आगे बढ़ाने हेतु नवीन शोध पद्धतियां' रखा गया है। यह कार्यक्रम स्नातकोत्तर, पीएचडी शोधार्थियों एवं पोस्ट-डॉक्टोरल फेलो (पीडीएफ) प्रतिभागियों के लिए आयोजित किया गया है। इसका उद्देश्य प्रतिभागियों को समकालीन शोध पद्धतियों, विश्लेषणात्मक उपकरणों तथा उभरती अनुसंधान तकनीकों से परिचित कराना है, ताकि वे मानसिक स्वास्थ्य एवं सामाजिक समावेशन से जुड़े जटिल सामाजिक मुद्दों पर प्रभावी एवं गुणवत्तापूर्ण शोध कर सके। कार्यक्रम का शुभारंभ पारंपरिक दीप प्रज्ज्वलन के साथ हुआ। इसके बाद पाठ्यक्रम निदेशक एवं सहायक प्राध्यापक डॉ. अमजद अली ने पाठ्यक्रम की रूपरेखा प्रस्तुत करते हुए इसके उद्देश्यों, विषयवस्तु तथा अपेक्षित परिणामों की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि वर्तमान सामाजिक चुनौतियों के समाधान के लिए नवीन एवं अंतःविषयक शोध पद्धतियों की आवश्यकता पहले से अधिक बढ़ गई है। सह-पाठ्यक्रम निदेशक एवं विभागाध्यक्ष डॉ. दीपक कुमार बेहरा ने विभाग की शैक्षणिक एवं शोध गतिविधियों का परिचय देते हुए उसकी उपलब्धियों पर प्रकाश डाला।

## महाप्रबंधक छत्रसाल सिंह ने किया विक्रमशिला-कटरिया नई लाइन निर्माण स्थल का निरीक्षण

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



**हाजीपुर।** पूर्व मध्य रेलवे के महाप्रबंधक छत्रसाल सिंह ने पाटलिपुत्र-शाहपुर पटोरी-बरौनी-नवगछिया रेलखंड का विंडो ट्रेलिंग निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान महाप्रबंधक ने रेलखंड के विभिन्न स्टेशनों, पुल-पुलियों, ओएचई प्रणाली, पथ-रचना तथा ट्रैक की संरक्षा एवं मजबूती का अवलोकन किया। इसके साथ ही महाप्रबंधक द्वारा विक्रमशिला-कटरिया नई लाइन परियोजना के निर्माण स्थल का भी निरीक्षण किया गया। निरीक्षण क्रम में महाप्रबंधक नवगछिया स्टेशन पहुंचे। इसके उपरांत महाप्रबंधक द्वारा नवगछिया के तरफ कटरिया के ऊपरी भाग के निर्माण साइट का निरीक्षण किया गया। इसके पश्चात महाप्रबंधक ने भागलपुर के तरफ स्थित निर्माण स्थल एवं नये स्टेशन साइट का भी निरीक्षण किया गया। इस परियोजना के तहत गंगा नदी पर 2.44 किमी लंबी डबल लाइन वाली पुल का भी निर्माण किया जाना है जिससे संबंधित निविदा प्रक्रिया पूरी कर ली गयी है तथा मिट्टी जांच का कार्य पूरा किया जा चुका है। मुख्य पुल के डिजाइन एवं ड्राइंग का कार्य अगले 03 माह में पूरा कर लिया जाएगा।

# 629 विद्यालयों में स्थापित होंगी मिनी सॉयल टेस्टिंग लैब, कृषि मंत्री ने दी स्वीकृति

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



**पटना।** कृषि मंत्री विजय कुमार सिन्हा ने मीठापुर स्थित कृषि भवन में आयोजित एक समीक्षा बैठक के दौरान मृदा स्वास्थ्य एवं उर्वरता योजना तथा मुख्यमंत्री बागवानी मिशन अंतर्गत संचालित विभिन्न कार्यक्रमों की प्रगति की समीक्षा की। बैठक में कृषि क्षेत्र में वैज्ञानिक दृष्टिकोण को बढ़ावा देने, छात्रों में अनुसंधान एवं प्रयोगात्मक क्षमता विकसित करने तथा किसानों को मृदा स्वास्थ्य के प्रति जागरूक बनाने संबंधी योजनाओं पर विस्तृत चर्चा की गई। बैठक में जानकारी दी गई कि वित्तीय वर्ष 2025-26 में मृदा स्वास्थ्य एवं उर्वरता योजना के अंतर्गत संचालित स्कूल सॉयल हेल्थ प्रोग्राम के तहत राज्य के कुल 160 पीएम श्री एवं राजकीय विद्यालयों में मिनी सॉयल टेस्टिंग प्रयोगशालाओं की स्थापना की जा चुकी है। इस पहल का उद्देश्य विद्यालय स्तर पर छात्रों को मृदा परीक्षण की वैज्ञानिक प्रक्रिया से जोड़ना तथा कृषि एवं पर्यावरण के प्रति उनकी समझ को विकसित करना है। मंत्री ने बताया कि वित्तीय वर्ष 2026-27 में इस कार्यक्रम का व्यापक विस्तार करते हुए राज्य के कुल 629 पीएम श्री एवं राजकीय विद्यालयों में मिनी सॉयल टेस्टिंग प्रयोगशालाएं स्थापित की जाएंगी और इस योजना को पूरी पारदर्शिता के साथ लागू किया जाएगा। इन प्रयोगशालाओं के माध्यम से कक्षा 7, 8, 9 एवं 11 के छात्र-छात्राएं मृदा परीक्षण, नमूना संग्रहण तथा मृदा स्वास्थ्य संबंधी व्यावहारिक गतिविधियों में भाग लेंगे। इससे विद्यार्थियों में वैज्ञानिक सोच, तकनीकी कौशल एवं अनुसंधान की प्रवृत्ति विकसित होगी। उन्होंने बताया कि प्रत्येक विद्यालय में मिनी सॉयल टेस्टिंग प्रयोगशाला की स्थापना के लिए एक लाख रुपये की लागत निर्धारित की गई है जिसमें 60 प्रतिशत राशि केंद्र सरकार तथा 40 प्रतिशत राशि राज्य सरकार द्वारा वहन की जाएगी। भारत सरकार द्वारा प्रत्येक विद्यालय को 50 मिट्टी नमूनों का संग्रहण, परीक्षण तथा किसानों के बीच मृदा स्वास्थ्य कार्ड वितरण का लक्ष्य दिया गया है। यह पहल छात्रों, विद्यालयों और किसानों के बीच एक प्रभावी समन्वय स्थापित करेगी तथा संतुलित उर्वरक उपयोग को बढ़ावा देगी।

# संपादकीय

## अंधविश्वास की जड़ों तक पहुंचे बिना नहीं रुकेगी जादू-टोने के भ्रम वाली हिंसा

कुछ दिन पहले ओड़िशा के संबलपुर जिले में साठ साल की एक महिला और उसकी बेटी की सिर्फ इसलिए कुल्हाड़ी से हत्या कर दी गई कि उन पर कुछ लोगों को जादू-टोना करने का संदेह था।जिस दौर में देश की अर्थव्यवस्था की चमकती तस्वीर दुनिया के सामने पेश की जा रही हो, उसी बीच आए दिन जब महज अंधविश्वास की वजह से निर्दोष लोगों की हत्या की घटनाएं भी हो रही हों, तो यह अपने आप में विकास की मौजूदा परिभाषा पर एक सवालिया निशान है।कुछ दिन पहले ओड़िशा के संबलपुर जिले में साठ साल की एक महिला और उसकी बेटी की सिर्फ इसलिए कुल्हाड़ी से हत्या कर दी गई कि उन पर कुछ लोगों को जादू-टोना करने का संदेह था। यह कोई पहली या अकेली घटना नहीं है, जिसमें सिर्फ अंधविश्वास के कारण निर्दोष महिलाओं की हत्या कर दी गई।झारखंड और ओड़िशा सहित देश के अन्य इलाकों से भी डायन या जादू-टोना के अंधविश्वास की वजह से आदिवासी या कमजोर तबकों की महिलाओं को यातना देने से लेकर उनकी हत्या कर देने की घटनाएं सामने आती रहती हैं। सरकारें मौजूदा कानूनी प्रक्रिया के तहत हत्या के आरोपी के खिलाफ कार्रवाई करती हैं, लेकिन उसका असर इतना नगण्य है कि कुछ दिनों बाद फिर डायन या जादू-टोना के नाम पर हत्या की कोई अन्य घटना सामने आ जाती है।यह सोचने की जरूरत है कि विकास के दावों के बीच अंधविश्वास की जड़ें इतनी गहरी क्यों हैं। विकास की चकाचौंध के पीछे भारतीय समाज की इस स्याह तस्वीर को हम क्यों नहीं देख पा रहे हैं। एक तरफ हम आधुनिकता के दंभ में जीते हैं, तो दूसरी तरफ समाज का एक वर्ग ऐसा भी है, जिसमें मनुष्यता का बोध नहीं।वह बेगुनाह लोगों की हत्या होते देखता है। दूसरी ओर, यह समझना मुश्किल है कि देश के दूरदराज इलाकों में सरकारें आधुनिक तकनीकी संसाधन और सुविधाएं पहुंचाने में कोई कोताही नहीं करतीं, लेकिन लोगों के बीच ऐसी सामान्य चेतना और समझ का विस्तार नहीं कर पातीं कि जादू-टोना और डायन जैसी धारणाएं महज अंधविश्वास हैं और यह किसी भी समाज के पिछड़े रह जाने के सबसे बड़े कारकों में से एक हैं।विडंबना यह है कि ऐसी घटनाओं को सामान्य आपराधिक घटनाओं की तरह देखा जाता है और उसके पीछे सामाजिक जड़ता और मनोवैज्ञानिक जटिलताओं को समझने और उसी मुताबिक उसका दूरगामी हल निकालने की कोशिश नहीं की जाती।

**यही वाक्य जब सीधे शब्दों में बदल कर आता है कि 'जगह जैसे मिली थी वैसे ही वापस करनी हैं', तो उसकी स्पष्टता ही उसका अधिकार बनती है। इस अंतर की वजह से तकनीक की आवश्यकता महसूस हुई, क्योंकि जानकारी तभी शक्ति बनती है, जब उसे समझा जा सके। कृत्रिम मेधा के माध्यम से कानूनी दस्तावेजों की व्याख्या, सार, सरल-भाषा और प्रश्न-उत्तर आधारित स्पष्टीकरण संभव होने लगे हैं। कई एआई आधारित मंच यह सुविधा दे रहे हैं कि नागरिक किसी दस्तावेज का अर्थ पूछे और वह आसान भाषा में मिल जाए। नागरिक यदि पूछे 'क्या इस क्लॉज में मेरे लिए कोई जोखिम है?' तो एआई उत्तर दे सकती है- यदि आप नियम तोड़ते हैं, तो कंपनी आप पर जुर्माना लगा सकती है। यह परिवर्तन न केवल सुविधा है, बल्कि न्याय को जनता तक ले जाने का माध्यम है।**

## जब अदालतों में कानून की भाषा सरल होगी, तभी न्याय सचमुच जनता तक पहुंचेगा

**(मनीष जैसल)**

अदालतों में दायर याचिकाओं से लेकर बैंक-कर्ज के दस्तावेजों, करायेदार से संबंधित समझौतों और बीमा-पॉलिसी की शर्तों तक हर जगह ऐसी भाषा दिखाई देती है, जिसे पढ़ने मात्र से आम आदमी भ्रम में पड़ जाता है। कानून की भाषा और आम नागरिक के बीच की दूरी कम करने में कृत्रिम मेधा नई संभावनाएं खोल रही है। समाज में कानून को लेकर जो धारणा वर्षों से बनी हुई है, वह किसी को भी असहज कर देने वाली है। अदालतों की लंबी तारीखों और मोटी फाइलों से आम आदमी विचलित होता है। लोग अक्सर कहते भी हैं कि कानून के फेर में न पड़ो, वरना जिंदगी कोर्ट-कचहरी में निकल जाएगी। जब कोई नोटिस या कानूनी कागज घर पहुंचता है, तो सबके चेहरे पर तनाव की रेखाएं खिंच जाती हैं।

देश में न्याय और नागरिक के बीच सबसे ऊंची दीवार यदि कोई है, तो वह है कानून की जटिल भाषा। अदालतों में दायर याचिकाओं से लेकर बैंक-कर्ज के दस्तावेजों, करायेदार से संबंधित समझौतों और बीमा-पॉलिसी की शर्तों तक हर जगह ऐसी भाषा दिखाई देती है, जिसे पढ़ने मात्र से आम आदमी भ्रम में पड़ जाता है।

न्याय व्यवस्था तकनीक और डिजिटलीकरण के साथ बदल रही है, लेकिन भाषा की जटिलता आज तक कम नहीं हुई है। कानून जनता के लिए बना है, लेकिन उसकी भाषा जनता से कोसों दूर है। ऐसे में कृत्रिम मेधा यानी एआई एक नए युग की शुरुआत कर रही है, जहां कानूनी शब्दावली और आम नागरिक के बीच की दूरी कम हो सकती है।

कानूनी भाषा के कठिन होने का एक बड़ा कारण उसकी सटीकता है। विधि-निर्माता इस बात की कोशिश करते हैं कि शब्दों का ऐसा इस्तेमाल हो, जिससे किसी अर्थ-भ्रम की संभावना न बचे। इसलिए लंबे वाक्य, जटिल उपवाक्य, विशिष्ट परिभाषाएं और बहुस्तरीय शर्तें दस्तावेजों का हिस्सा बनती हैं। मगर यही सटीकता आम आदमी को कानून की समझ से दूर कर देती है। वह समझना तो चाहता है, लेकिन शब्दों की दीवार उसे पीछे धकेल देती है।

कई नागरिक कभी-कभी अपने हस्ताक्षर किए हुए दस्तावेज भी पूरी तरह नहीं पढ़ते, क्योंकि वे यह मान लेते हैं कि वे इसे समझ ही नहीं पाएंगे। मौजूदा दौर में एआई अब वकीलों और उनके मुवक्किल के बीच एक सेतु बन रही है। आज ऐसी तकनीक विकसित हो रही है, जो जटिल कानूनी दस्तावेजों को सरल भाषा में बदल सकती है। यह अनुवाद मात्र शब्दों का



नहीं, अभिप्राय का होता है।

इस तरह के परिवर्तन से न सिर्फ जानकारी साफ होती है, बल्कि भय-भाव कम होता है, जो वर्षों से कानून के साथ जुड़ा रहा है। ऐसी ही स्थिति किरायेदारी-समझौते, बीमा-दावे, बैंक-कर्ज और सरकारी नोटिस में भी दिखाई देती है। जब किसी समझौते में लिखा होता है कि 'किराएदार को संपत्ति को पूर्ववत स्थिति में लौटाना अनिवार्य होगा', तो बहुत-से लोग इसका वास्तविक अर्थ नहीं समझते।

यही वाक्य जब सीधे शब्दों में बदल कर आता है कि 'जगह जैसे मिली थी वैसे ही वापस करनी है', तो उसकी स्पष्टता ही उसका अधिकार बनती है। इस अंतर की वजह से तकनीक की आवश्यकता महसूस हुई, क्योंकि जानकारी तभी शक्ति बनती है, जब उसे समझा जा सके। कृत्रिम मेधा के माध्यम से कानूनी दस्तावेजों की व्याख्या, सार, सरल-भाषा और प्रश्न-उत्तर आधारित स्पष्टीकरण संभव होने लगे हैं। कई एआई आधारित मंच यह सुविधा दे रहे हैं कि नागरिक किसी दस्तावेज का अर्थ पूछे और वह आसान भाषा में मिल जाए।

नागरिक यदि पूछे 'क्या इस क्लॉज में मेरे लिए कोई जोखिम है?' तो एआई उत्तर दे सकती है- यदि आप नियम तोड़ते हैं, तो कंपनी आप पर जुर्माना लगा सकती है। यह परिवर्तन न केवल सुविधा है, बल्कि न्याय को जनता तक ले जाने का माध्यम है। डिजिटल युग ने प्रक्रियाओं को सरल किया है, भाषा को नहीं। अब ई-फाइलिंग से बहस तक ऑनलाइन हो रही है। दस्तावेज डिजिटल स्वरूप में उपलब्ध हैं, लेकिन भाषा वही पहेली बनी हुई है। ऐसी स्थिति में एआई की भूमिका तकनीकी प्रगति के साथ न्यायिक लोकतंत्र की आवश्यकता भी है।

दुनिया के कई देशों में कानून की भाषा को सरल और नागरिक-अनुकूल बनाने के लिए एआई का प्रयोग तेजी से बढ़ रहा है। अमेरिका में न्यायालयों और विधि-फर्मों में एआई आधारित उपकरण का इस्तेमाल न सिर्फ कानूनी दस्तावेजों का विश्लेषण करने के लिए, बल्कि उन्हें साधारण भाषा में रूपांतरित करने के लिए भी किया जा रहा है।

ब्रिटेन में सरकार ने इस अभियान को एआई-सहयोग से और मजबूत किया है, ताकि नागरिकों को अदालतों और प्रशासनिक आदेशों की भाषा आसान रूप में मिल सके। कनाडा में भी न्याय-अभिगम कार्यक्रम के तहत एआई व्यवस्था अदालतों से जुड़े दस्तावेजों को आम नागरिक की भाषा में समझा कर उपलब्ध कराती है। ऑस्ट्रेलिया और न्यूजीलैंड में स्थानीय न्यायालयों ने उन क्षेत्रों के लोगों के लिए एआई-आधारित अनुवाद और सरलीकरण प्रणाली शुरू की है, जहां अंग्रेजी मातृभाषा नहीं है।

इन देशों के अनुभव बताते हैं कि भाषा-सरलीकरण के बाद न्यायिक प्रक्रियाओं में आम जनता की भागीदारी बढ़ी है और विवादों की संख्या में कमी आई है। यूरोप के कई देशों में भी न्याय-व्यवस्था में इसे शामिल किया जा रहा है और विशेष रूप से फ्रांस, जर्मनी और नीदरलैंड जैसे देशों में कानून की जटिल शब्दावली को नागरिक-अनुकूल रूप में बदलने की दिशा में संगठित पहल दिखाई देती है।

फ्रांस में न्याय मंत्रालय एआई-सहायता से अदालतों के आदेशों का सहज भाषा में सार उपलब्ध करा रहा है। जर्मनी में 'लीगल टेक' जैसे नवउद्यम किरायेदारी विवाद, बीमा दावे और कर संबंधी दस्तावेजों को आम आदमी की भाषा में समझाने में तेजी से लोकप्रिय हो रहे हैं। एस्टोनिया ने तो कृत्रिम मेधा-आधारित 'डिजिटल जज' शुरू किया है, जो छोटे मामलों में तकनीक-सहायता से निर्णय प्रक्रिया को सरल करता है। भारत में भी कानून की भाषा को सरल बनाने और तकनीकी माध्यम से आम नागरिक तक पहुंचाने की दिशा में उल्लेखनीय काम हो रहा है। एक अनुवाद मंच ने बाईस भारतीय भाषाओं में चालीस हजार से अधिक कानूनी दस्तावेजों का अनुवाद किया है, जिससे अंग्रेजी-भाषी कानूनी दस्तावेजों का लाभ हिंदी-भाषी और अन्य भाषाई समूहों तक पहुंचने लगा है। इसके साथ ही, कई 'लीगल-टेक' कृत्रिम मेधा का उपयोग कर कानूनी शोध, दस्तावेज विश्लेषण और समझ-सार तैयार करने में लगे हैं। इसके नतीजे सामने आ रहे हैं। आज आवश्यकता इस बात की है कि इस दिशा में संस्थाएं, न्यायालय, विश्वविद्यालय और प्रशासन मिलकर काम करें। जैसे हम शिक्षा में डिजिटल संसाधन उपलब्ध कराते हैं, वैसे ही कानून की भाषा को सरल बनाने का भी सार्वजनिक तंत्र विकसित होना चाहिए। कानून तभी लोगों का साथी बन सकता है, जब उसकी भाषा लोगों की भाषा हो। आज भी अनेक नागरिक अपने अधिकारों से इसलिए दूर रह जाते हैं, क्योंकि कानूनी शब्दावली उन्हें जटिल लगती है। जब तकनीक, विशेष रूप से कृत्रिम मेधा, इस भाषा को सरल, स्पष्ट और समझने योग्य बनाने का कार्य करेगी, तब न्याय केवल अदालतों तक सीमित अवधारणा नहीं रहेगा, बल्कि आम नागरिकों के जीवन का हिस्सा बन जाएगा। (यह लेखक के अपने विचार हैं)।

## जब चुनौतियों का अंत न दिख रहा हो- कमजोर मानसून, महंगा तेल और बढ़ती आर्थिक चिंता

**(जयंतीलाल भंडारी)**

वैश्विक बाजार में कच्चे तेल की कीमत बढ़ने से सरकार के नीतिगत हस्तक्षेप की गुंजाइश सीमित है, इसलिए हर वर्ग के लोगों को महंगाई का मुकाबला करने के लिए आगे बढ़ना होगा।

कमजोर मानसून और कच्चे तेल की महंगाई की दोहरी मार से अर्थव्यवस्था में मुद्रास्फीतिजनित मंदी की चुनौती बढ़ गई है। अमेरिका ने ईरान पर नए सिरे से हमले तेज कर दिए हैं, जिससे वैश्विक बाजार में कच्चे तेल की कीमतें बढ़ने लगी हैं। हाल ही में विश्व मौसम विभाग ने कहा है कि इस वर्ष 2026 में भारत अल नीनो से अत्यधिक प्रभावित होगा। इससे भारत में कमजोर मानसून और सूखे की स्थिति कृषि, जल आपूर्ति और महंगाई के लिए चुनौतियां पैदा करेंगी। एशियाई विकास बैंक की रिपोर्ट के मुताबिक, इस वर्ष 2026-27 में भारत में महंगाई 6.9 प्रतिशत के स्तर पर पहुंच सकती है। पेट्रोल, डीजल और गैस के महंगे होने का सबसे बड़ा असर आम आदमी की जेब पर पड़ने लगा है। खासतौर से खाड़ी देशों से आयातित कच्चे माल से बने उत्पादों की कीमतें सबसे ज्यादा बढ़ी हैं। आम आदमी के जीवन से जुड़ी वस्तुएं, कपड़े और घरेलू उपकरण आदि भी महंगे होते हुए दिखाई दे रहे हैं। इस समय दैनिक जरूरतों का सामान बनाने वाली कई फास्ट-मूविंग कंज्यूमर गुड्स (एफएमसीजी) कंपनियां अपने उत्पादों की कीमत बढ़ाने या पैकेट के वजन घटाने के विकल्पों पर विचार कर रही हैं। ऐसे में एक ओर कमजोर मानसून और सूखे से निर्मित होने वाली चिंताओं पर ध्यान देना होगा, वहीं कच्चे तेल की ऊंची कीमतों से निर्मित महंगाई की चिंताओं पर भी ध्यान देना होगा। किसानों को इस बड़े मौसमी संकट से बचाने के लिए सरकार ने एक जून से देशव्यापी खेत बचाओ अभियान के तहत रणनीतिपूर्वक कदम आगे बढ़ाए हैं। इसके तहत किसानों को उनके इलाके और फसल के हिसाब से खास सलाह दी जा रही है, ताकि वे मौसम के जोखिमों को समझकर सही फसल लगाएं। किसानों को मौसम, मिट्टी और बाजार की मांग के हिसाब से कृषि उत्पादन संबंधी व्यावहारिक मार्गदर्शन भी दिया जा रहा है। सरकार ने एक व्यापक और सहयोगी ढांचा तैयार किया है, जिसमें पंचायतों, राज्य सरकारों, कृषि विज्ञान केंद्रों, भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद के संस्थानों और स्थानीय कृषि विभागों को एक साथ जोड़ा गया है। नए कृषि मार्गदर्शन की पहुंच मजबूत करने के लिए 1,600 से ज्यादा विशेष टीमें बनाई गई हैं। ये टीमें किसानों को किसान क्रेडिट कार्ड और पीएम-किसान जैसी योजनाओं का लाभ दिलाने में मदद भी करेंगी। हालांकि वैश्विक बाजार में कच्चे तेल की कीमत बढ़ने से सरकार के नीतिगत हस्तक्षेप की गुंजाइश सीमित है, इसलिए सरकार के साथ-साथ उद्योग-कारोबार और हर वर्ग के लोगों को महंगाई का मुकाबला करने के लिए आगे बढ़ना होगा। लोगों को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अपील पर अमल करना चाहिए, जिसमें किफायत बरतने की जरूरत बताई गई है। सरकार ने हाल ही में पेट्रोल में एथेनॉल का मिश्रण 20 प्रतिशत से बढ़ाकर 85 प्रतिशत तक किए जाने का निर्णय लिया है, जिससे पेट्रोल की कीमत में प्रति लीटर 20 रुपये तक की कमी आएगी। सरकार को तेजी से इलेक्ट्रिक वाहनों को प्रोत्साहन देना चाहिए। एथेनॉल और इलेक्ट्रिक वाहनों के इस्तेमाल से जहां आम आदमी सस्ता और प्रदूषण-मुक्त सफर कर सकेंगे, वहीं कच्चे तेल का आयात कम होने से देश का पैसा बचेगा और किसानों की कमाई भी बढ़ेगी। सरकार ने एथेनॉल मिले पेट्रोल पर लगने वाली एक्साइज ड्यूटी खत्म कर दी है। उम्मीद करें कि सरकार भविष्य में नवीकरणीय ऊर्जा को पेट्रोल-डीजल का विकल्प बनाने जैसे दीर्घकालीन उपायों के साथ रणनीतिपूर्वक आगे बढ़ेगी।

**पेट्रोल, डीजल और गैस के महंगे होने का सबसे बड़ा असर आम आदमी की जेब पर पड़ने लगा है। खासतौर से खाड़ी देशों से आयातित कच्चे माल से बने उत्पादों की कीमतें सबसे ज्यादा बढ़ी हैं। आम आदमी के जीवन से जुड़ी वस्तुएं, कपड़े और घरेलू उपकरण आदि भी महंगे होते हुए दिखाई दे रहे हैं।**

## तृण तृण बिखरती तृणमूल

**(मृत्युंजय दीक्षित)**

**मात्र एक महीना पहले तक यही सांसद और विधायक ममता दीदी के साथ साए की तरह लगे रहते थे। जैसे ही बंगाल की जनता ने सत्ता बदली इन नेताओं का रुख बदल गया। आज ये नेता जिन विषयों पर ममता और अभिषेक बनर्जी को कोस रहे हैं सत्ता में रहते हुए कभी उन विषयों पर मुंह नहीं खोला, आर.जी. कर और संदेशखाली तक ये लोग मुंह में दही जमाए थे। राजनैतिक विश्लेषक मान रहे हैं कि इनमें से कई लोग ऐसे भी हैं जिनके ऊपर कोई न कोई केस चल रहा है और सत्ता जाने के बाद ममता दीदी में इनको बचाने का सारथ्य नहीं रहे तो ये भविष्य में किसी जांच और सजा से बचने के लिए ऐसा कर रहे हैं। तृणमूल सांसदों व विधायकों की लगातार बगावत से यह संकेत भी जा रहा है कि क्या ममता दीदी का अपने भतीजे अभिषेक बनर्जी के प्रति अधिक झुकाव उनकी पार्टी की इस हालत का कारण है। इससे तृणमूल के बागी नेताओं के स्वार्थी चरित्र की भी पोल खुल रही है।**

तृणमूल नेताओं के प्रति जनता के गुस्से का आलम ये है कि चुनाव में पार्टी को धूल चटाने के बाद भी उसका मन नहीं भरा है। आए दिन तृणमूल नेताओं की सड़कों पिटाई की जा रही है। तृणमूल नेता जहां भी जाते हैं जनता उन्हें चोर-चोर कहकर पुकारती है और उन पर टमाटर-अंडे फेंकती है।

जब 4 मई 2026 को बंगाल जनता ने ममता बनर्जी के नेतृत्व वाली तृणमूल सरकार की विदाई का जनादेश सुनाया तब किसी ने भी सपने नहीं सोचा था कि इस हार के बाद तृणमूल कांग्रेस तृण तृण होकर बिखरने लगेगी। बंगाल विधानसभा में तृणमूल के 80 विधायक जीतकर आए थे जिनमें से पहले 58 विधायक अलग हुए फिर उनकी संख्या बढ़कर 64 हो गई, नेता प्रतिपक्ष भी उन्होंने अपने मन का बना लिया। लोकसभा में 19 सांसदों ने बागी होकर अलग गुट बना लिया है, बागियों की संख्या आगे भी बढ़ सकती है। राज्यसभा सांसदों के त्यागपत्र भी आ रहे हैं। राज्यसभा सांसद सुखेदु शेखर रॉय और सुष्मिता देव तथा प्रकाश चिक बराईक इस्तीफा दे चुके हैं। आश्चर्यजनक रूप से ममता के सबसे करीबी कल्याण बनर्जी भी बगावती तेवर दिखा रहे हैं। जिला और पंचायत स्तर पर भी पार्टी की यही स्थिति है।

मात्र एक महीना पहले तक यही सांसद और विधायक ममता दीदी के साथ साए की तरह लगे रहते थे। जैसे ही बंगाल की जनता ने सत्ता बदली इन नेताओं का रुख बदल गया। आज ये नेता जिन विषयों पर ममता और अभिषेक बनर्जी को कोस रहे हैं सत्ता में रहते हुए कभी उन विषयों पर मुंह नहीं खोला, आर.जी. कर और संदेशखाली तक ये लोग मुंह में दही जमाए थे। राजनैतिक विश्लेषक मान रहे हैं कि इनमें से कई लोग ऐसे भी हैं जिनके ऊपर कोई न कोई केस चल रहा है और सत्ता जाने के बाद ममता दीदी में इनको बचाने का सारथ्य नहीं रहे तो ये भविष्य में किसी जांच और सजा से बचने के लिए ऐसा कर रहे हैं। तृणमूल सांसदों व विधायकों की लगातार बगावत से यह संकेत भी जा रहा है कि क्या ममता दीदी का अपने भतीजे अभिषेक बनर्जी के प्रति अधिक झुकाव उनकी पार्टी की इस हालत का कारण है। इससे तृणमूल के बागी नेताओं के स्वार्थी चरित्र की भी पोल खुल रही है। दल में तानाशाही इनको तब दिखाई दी जब सत्ता की मलाई छीन गई, यदि अभिषेक बनर्जी की अगुआई में पार्टी जीत गई होती और इनका लूट खसोट का धंधा चलता रहता तो इनकी आज जागी हुई आत्मा सोई पड़ी रहती।

आज जो सांसद बगावती तेवर अपना रहे हैं उनमें से दस पहली बार चुनकर आए हैं। ये तृणमूल नेताओं की वो पीढ़ी है जिसे ममता




बनर्जी ने बीजेपी के खिलाफ लड़ाई का नया चेहरा बनाकर आगे बढ़ाया था। अब यही लोग अपना भविष्य सुधारने के लिए ममता दीदी के खिलाफ आवाज उठा रहे हैं, क्योंकि ये जानते हैं बंगाल में सत्ता में आई पार्टियाँ कम से कम डेढ़-दो दशक सता में रहती हैं, इस तरह आने वाले 15-20 वर्षों तक इनका कोई भविष्य नहीं होगा।

तृणमूल नेताओं के प्रति जनता के गुस्से का आलम ये है कि चुनाव में पार्टी को धूल चटाने के बाद भी उसका मन नहीं भरा है। आए दिन तृणमूल नेताओं की सड़कों पिटाई की जा रही है। तृणमूल नेता जहां भी जाते हैं जनता उन्हें चोर-चोर कहकर पुकारती है और उन पर टमाटर-अंडे फेंकती है। अभिषेक बनर्जी और कल्याण बनर्जी जैसे नेताओ तक पर अंडे टमाटर फेंके जा चुके हैं और पिटाई हो चुकी है। यह भी संभव कि बंगाल की जनता में व्याप्त इस भयंकर आक्रोश से बचने के लिए भी तृणमूल नेता बगावती हो रहे हों।

तृणमूल के जिला स्तरीय नामचीन नेता इस्तीफा दे रहे हैं। कोलकाता के मेयर फिरहाद हकीम, चंदन नगर के मेयर राम चक्रवर्ती, बिधान नगर के मेयर कृष्णा चक्रवर्ती और कटवा म्युनिसिपलिटी चेयरमैन कमलकांता चक्रवर्ती ने सौ से अधिक पार्षदों सहित इस्तीफा दे दिया है। राज्यभर से तृणमूल से लगातार इस्तीफों व बगावत के समाचार आ रहे हैं। हुगली, नादिया, मुर्शिदाबाद और उत्तर व दक्षिण -24 परगना जैसे गढ़ों में प्रतिदिन पंचायत सदस्यों के पाला बदलने की खबरें आ रही हैं। टीएमसी में बगावत व इस्तीफों के बाद कोलकाता नगर निगम ही भंग कर दिया गया है। बंगाल में यह भी दावा किया जा रहा है कि इनमें से बहुत से लोग जेल जाने से बचने के लिए यह तरीका अपना रहे हैं। अभिषेक बनर्जी के डायमंड हार्बर मॉडल का कुख्यात चेहरा और चुनावों के दौरान अपने आप को पुष्पा कहने वाला फाल्टा विधानसभा चुनाव का उम्मीदवार जहाँगीर खां के जेल जाने से अफरा तफरी का माहौल है। तृणमूल नेताओं के पाप जैसे उतरा रहे हैं। बंगाल पुलिस को संदेशखाली के तालाब से बड़ी मात्रा में हथियार मिले हैं, एक खेत से करोड़ों का कैश और हथियार मिले हैं। बमों व अन्य हथियारों की फैक्ट्रियां मिल रही हैं। हजारों की संख्या में सफ़ेद साड़ियाँ मिली हैं जो तृणमूल ने चार मई के बाद भाजपा कार्यकर्ताओं की विधवाओं को देने के लिए रखी थीं यदि गलती से भी तृणमूल जीत जाती तो यही लोग जो आज इस्तीफा देकर भाग रहे हैं भाजपा कार्यकर्ताओं के नर संहार का नेतृत्व करते। अपराधों की जो फेहरिस्त है उसे देखकर लगता है कि ममता दीदी और उनके चाटुकारों का शेष जीवन अब कोर्ट कचहरी का चक्कर लगाने या फिर जेल में ही बीतने वाला है। एक समय वाराणसी लोकसभा से पीएम नरेंद्र मोदी को हराने और दिल्ली आकर इंडी गठबंधन का नेतृत्व करने वाली ममता दीदी के लिए अपनी पार्टी का अस्तित्व बचा कर रखना भी मुश्किल हो चुका है।(इस लेख में लेखक के अपने विचार हैं।)

# नागरिक देवो भव: के मंत्र को समर्पित यह वर्ष : शाहनवाज हुसैन

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**कटिहार।** 12 साल विश्वास के विकास के जनकल्याण के अवसर पर भाजपा जिला अध्यक्ष मनोज राय की अध्यक्षता में पार्टी कार्यालय में विकसित भारत संकल्प सम्मेलन कार्यक्रम आयोजित की गयी। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व केंद्रीय मंत्री सैयद शाहनवाज हुसैन मौजूद रहे। जिलाध्यक्ष ने मुख्य अतिथि का अंग वस्त्र एवं पुष्प देकर अभिनंदन को स्वागत किया। इस दौरान पूर्व उपमुख्यमंत्री तारकिशोर प्रसाद, प्राणपुर विधायक निशा सिंह, कोढ़ा विधायक कविता पासवान, भाजपा प्रदेश मंत्री सीमा झा, पूर्व विधायक विभाष चंद्र चौधरी, जिला परिषद अध्यक्ष रश्मि सिंह, पूर्व जिला अध्यक्ष चंद्रभूषण ठाकुर, लक्खी महतो, जिला महामंत्री रामनाथ पांडे, सौरभ कुमार मालाकार उपस्थित रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ पंडित दीनदयाल उपाध्याय एवं डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी के तैल चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर एवं वंदे मातरम के साथ किया गया।




मुख्य अतिथि पूर्व केन्द्रीय मंत्री सैयद शहनवाज हुसैन ने अपने सम्बोधन में कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कुशल नेतृत्व में देश 12 साल में ऐतिहासिक निर्णय के साथ-साथ कई महत्वपूर्ण कार्य किये हैं। मोदी सरकार नागरिक देवो भवः के मंत्र को समर्पित वर्ष है। शाहनवाज हुसैन ने कहा कि एक समय था जब सामान्य नागरिक के लिए सरकारी सेवाओं तक पहुंच आसान नहीं थी। छोटी-सी सुविधा के लिए भी लंबी प्रक्रियाओं, अनावश्यक भागदौड़ और प्रतीक्षा का सामना करना पड़ता था। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इस व्यवस्था को बदलते हुए ह्यनागरिक देवो भवःह्न के मंत्र को सुशासन का आधार बनाया। पिछले 12 वर्षों में सरकार की हर पहल का केंद्र नागरिक रहा है। परिणामस्वरूप, सरकार की सोच ह्यव्यवस्था की सुविधाह्न से आगे बढ़कर ह्यनागरिक की सुविधाह्न पर केंद्रित हुई है।आज ₹51 लाख करोड़ से अधिक की राशि डीबीटी के माध्यम से सीधे लाभार्थियों के खातों में पहुंच चुकी है। आयकर में राहत से लेकर आयुष्मान भारत के माध्यम से स्वास्थ्य सुरक्षा तक, सरकार ने नागरिकों के जीवन को अधिक सरल, सुरक्षित और सम्मानजनक बनाया है। मंचासीन सभी वक्ताओं ने अपने-अपने संबोधन में कहा कि यही मोदी सरकार के 12 वर्षों की पहचान है, जहां सरकार का उद्देश्य नागरिक के जीवन को आसान बनाना है। यही बदलता भारत है, जहां तकनीक ह्यसशक्तिकरणह्न का माध्यम बनी है और व्यवस्था हर नागरिक की ह्यचौखटह्न तक पहुंची है। एक सक्षम मध्यम वर्ग, आत्मविश्वासी नागरिक और जनकेंद्रित सुशासन विकसित भारत की उस मजबूत नींव का निर्माण कर रहे है। इस मौके पर विकसित भारत संकल्प सम्मेलन में जिला के सभी पदाधिकारी सभी मोर्चा प्रकोष्ठ के अध्यक्ष संयोजक मंडल अध्यक्ष, विधानसभा प्रभारी, विधानसभा संयोजक, मंडल प्रभारी, शक्ति केंद्र प्रमुख, पंचायत अध्यक्ष सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता शामिल हुए।

# कमजोर और महादलित को सशक्त बनाना राज्य सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता : प्रभारी मंत्री

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**पूर्णिया ।** बिहार समाज कल्याण विभाग की ओर से पूर्णिया में वृहद लाभुक वितरण कार्यक्रम का आयोजन प्रभारी मंत्री रत्नेश सदा की उपस्थिति में आयोजित की गयी। जिसमें मुख्यमंत्री अंतजार्तीय विवाह प्रोत्साहन अनुदान योजना, मुख्यमंत्री निःशक्तजन विवाह प्रोत्साहन अनुदान योजना तथा मुख्यमंत्री दिव्यांगजन सशक्तिकरण क्षेत्र निःशक्तजन विवाह प्रोत्साहन योजना दिव्यांग दम्पत्तियों को सामाजिक सुरक्षा और सम्मान प्रदान करने के उद्देश्य से विवाह करने वाले 2 दिव्यांग दम्पत्तियों को ₹1,00,000 की प्रोत्साहन राशि फिक्सड डिपोजिट सावधि प्रमाण पत्र रूप में सौंपी गई। लाभुक दम्पत्ति में वधु रूकसार प्रवीण दिव्यांग, वर रिजवान अंसारी, वधु चन्दा कुमारी,वर विपिन कुमार गुप्ता दिव्यांग शामिल है।



योजना ह्यह्यसंबलह्नह्न के अंतर्गत लाभुकों को प्रोत्साहन राशि एवं सहायक उपकरण प्रदान किए गए। यह कार्यक्रम जिला पदाधिकारी के नेतृत्व में अमरेश कुमार सहायक निदेशक जिला सामाजिक सुरक्षा कोषांग के द्वारा संचालित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में बिहार सरकार के आपदा प्रबंधन मंत्री सह पूर्णिया जिले के प्रभारी मंत्री रत्नेश सदा उपस्थित रहे। उनके साथ विशिष्ट अतिथि के रूप में भवन निर्माण मंत्री श्रीमती लेशी सिंह और विधायक विजय कुमार खेमका पूर्णिया सदर सहित जिले के अन्य सम्मानित जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे। कार्यक्रम में जिले के विकास और लोक-कल्याणकारी योजनाओं को जन-जन तक पहुँचाने वाले सभी विधायकों के प्रतिनिधित्व को रेखांकित किया गया। मौके पर विधायक कृष्ण कुमार ऋषि, नितीश कुमार सिंह, कलाधर प्रसाद मंडल, अख्तरुल ईमान, गुलाम सरवर भी मौजूद रहे। सहायक निदेशक अमरेश कुमार ने बताया कि मुख्यमंत्री मुख्यमंत्री अंतजार्तीय विवाह प्रोत्साहन योजना सामाजिक समरसता को बढ़ावा देने और जातीय भेदभाव को समाप्त करने की दिशा में कुल 9 अंतजार्तीय दम्पत्तियों को ₹1,00,000 की प्रोत्साहन राशि का फिक्सड डिपोजिट प्रमाण पत्र मुख्य अतिथियों द्वारा प्रदान किया गया।लाभुक दम्पत्ति में मनीषा कुमारी एवं मनीष कुमार, रानी कुमारी एवं ओम प्रकाश महतो, ममता कुमारी एवं रवि कुमार चौपाल, मुनमुन बनर्जी एवं श्रवण कुमार, शिमरण कुमारी एवं अनिल कुमार शर्मा, दुलाली बर्मन एवं अनिमेष चक्रवर्ती, शिम्पी भारती एवं अरविन्द कुमार, सुमन चौधरी एवं पंकज कुमार तथा आरती कुमारी एवं रंजन कुमार शामिल है। मुख्यमंत्री दिव्यांगजन सशक्तिकरण छत्र योजना ह्यसंबलह्न दिव्यांगजनों को आत्मनिर्भर बनाने के उद्देश्य से कुल 4 पात्र लाभुकों को बैट्री चालित ट्राईसाइकिल प्रदान की गई ताकि वे स्वतंत्र रूप से आवागमन कर सकें।लाभुक मनीष ऋषि, रंजी कुमार दास, राज कुमार राम एवं मो. महताब आलम शामिल है ।

## संक्षिप्त समाचार

### करंट लगने से किसान की मौत

**फलका/कटिहार (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** थाना क्षेत्र के मोरसंडा पंचायत के हसीमपुर टोला में करेंट लगने से एक किसान की मौत हो गयी। घटना को लेकर पूरे गांव में मातम पसरा हुआ है। मृतक की पहचान हसीमपुर निवासी इस्तखार आलम (26) के रूप में हुई है। जानकारी के अनुसार इस्तखार आलम अपने मवेशियों को बांधने के लिए घर के समीप खेत की ओर गया था। खेत के पास बिजली का तार नीचे लटक रहा था। इसी दौरान मवेशी बांधने के क्रम में उसका संपर्क बिजली प्रवाहित तार से हो गया और वह गंभीर रूप से झुलस गया और घटनास्थल पर ही उसकी मौत हो गयी। घटना की सूचना मिलते ही परिजन व ग्रामीण मौके पर पहुंचे। लेकिन तब तक उसकी मौत हो चुकी थी। युवक की मौत से परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है।परिवार का भरण-पोषण करता था। उसके निधन से परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। ग्रामीणों ने बिजली विभाग पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए कहा कि क्षेत्र में कई स्थानों पर बिजली के तार नीचे लटक रहे हैं। जिसकी शिकायत पूर्व में भी की गयी थी। लेकिन विभाग द्वारा कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गयी। लोगों का कहना है कि यदि समय रहते तारों की मरम्मत कर दी जाती तो इस हादसे को टाला जा सकता था। घटना की जानकारी मिलने के बाद स्थानीय जनप्रतिनिधि एवं ग्रामीणों ने शोक व्यक्त करते हुए पीड़ित परिवार को उचित मुआवजा देने तथा दोषी अधिकारियों पर कार्रवाई की मांग की है। प्रशासनिक स्तर पर मामले की जांच की बात कही जा रही है।घटना के बाद पूरे गांव में शोक की लहर व्याप्त है। सूचना मिलते ही फलका थानाध्यक्ष प्रहलाद यादव मौके पर पहुंचे व पोस्टमार्टम के लिए कहा गया, लेकिन परिजनों ने पोस्टमार्टम कराने से इंकार कर दिया।



### गैस एजेंसी पर उपभोक्ता के सिलेंडर की कालाबाजारी का आरोप

**कोढ़ा/कटिहार (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** गेड़ाबाड़ी स्थित इंडियन गैस एजेंसी एक बार फिर विवादों में घिर गई है। इस बार एजेंसी पर एक उपभोक्ता की जानकारी और अनुमति के बिना उसके हिस्से का रसोई गैस सिलेंडर उठाव कर दिए जाने का गंभीर आरोप लगा है। मामले के सामने आने के बाद क्षेत्र के उपभोक्ताओं में भारी आक्रोश देखा जा रहा है और एजेंसी की कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े होने लगे हैं। पीड़ित उपभोक्ता प्रियंका देवी का आरोप है कि उसने गैस सिलेंडर प्राप्त नहीं किया, लेकिन एजेंसी के रिकॉर्ड में सिलेंडर की डिलीवरी दर्शा दी गई। जब उपभोक्ता ने इसकी जानकारी लेने का प्रयास किया तो उसे संतोषजनक जवाब नहीं मिला। उपभोक्ता का कहना है कि उसके नाम पर सिलेंडर का उठाव कैसे हो गया, इसकी निष्पक्ष जांच होनी चाहिए।घटना की सूचना फैलते ही अन्य उपभोक्ताओं ने भी एजेंसी की कार्यप्रणाली पर नाराजगी जताई। लोगों का कहना है कि यदि किसी उपभोक्ता की जानकारी के बिना सिलेंडर की डिलीवरी दिखा दी जाती है तो यह गंभीर मामला है और इससे उपभोक्ताओं का भरोसा कमजोर होता है। मामले को लेकर जब गैस एजेंसी के संचालक से संपर्क कर उनका पक्ष जानने का प्रयास किया गया तो उन्होंने इस संबंध में कुछ भी बताने से इनकार कर दिया। एजेंसी संचालक की चुप्पी के कारण मामले को लेकर और भी सवाल खड़े हो रहे हैं। स्थानीय लोगों ने संबंधित विभाग से पूरे मामले की जांच कराने तथा दोषी पाए जाने वालों पर कड़ी कार्रवाई की मांग की है। उपभोक्ताओं का कहना है कि जांच के बाद ही सच्चाई सामने आएगी और भविष्य में ऐसी घटनाओं पर रोक लग सकेगी।



### घर गिराने की कोशिश का आरोप

**कोढ़ा/कटिहार (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** जिले के कोढ़ा थाना क्षेत्र के सोनापुर गांव की निवासी प्रवीण निशा ने पुलिस अधीक्षक को आवेदन देकर कुछ लोगों पर जबरन जेसीबी और ट्रैक्टर लगाकर उनके घर के समीप मिट्टी कटाई करने तथा घर गिराने की कोशिश का गंभीर आरोप लगाया है।आवेदन में कहा गया है कि 14 जून 2026 को दोपहर करीब 12 बजे 8 से 10 लोग लाठी-डंडे के साथ पहुंचे और जेसीबी व ट्रैक्टर की मदद से घर के पीछे की जमीन की मिट्टी काटने लगे। विरोध करने पर आरोपियों ने गाली-गलौज, मारपीट और जान से मारने की धमकी दी। पीड़िता का आरोप है कि आरोपियों ने घर के पास मिट्टी कटाई कर परिवार को भयभीत करने का प्रयास किया।पीड़ित परिवार ने घटना की सूचना डायल 112 पुलिस को दी। आवेदन के अनुसार पुलिस मौके पर पहुंची, लेकिन आरोपियों के खिलाफ कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई। बाद में बढ़ती भीड़ को देखते हुए जेसीबी और ट्रैक्टर को वहां से हटाया गया। पीड़िता ने बताया कि घटना से संबंधित वीडियो फुटेज और लिखित शिकायत कोलासी ओपी प्रभारी को भी सौंपी गई है। इसके बावजूद अब तक कोई कार्रवाई नहीं होने से परिवार में भय और असुरक्षा का माहौल बना हुआ है।

### चैम्बर ऑफ कामर्स के अध्यक्ष के निधन पर शोक

**सालमारी/कटिहार (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** नार्थ ईस्टर्न बिहार चेंबर ऑफ कामर्स के अध्यक्ष प्रसिद्ध समाजसेवी नरोत्तम जोशी के असमय निधन पर सालमारी निवासी चेंबर आफ कामर्स के सदस्य विष्णु अग्रवाल ने शोक व्यक्त करते हुए कहा की उनके निधन से व्यवसायिक एवं सामाजिक क्षेत्र के लिए अपूर्ण क्षति है उनकी कमी हमेशा खलेगी। पूर्व एमएलसी मोहनलाल अग्रवाल ने कहा की नरोत्तम जोशी सरल स्वभाव समाजिक सरोकार और व्यापारिक समुदाय के हितों के लिए किये गये कार्यों के लिए हमेशा याद किये जायेंगे। सीमांचल क्षेत्र में उनकी पहचान थी। सालमारी व्यवसायिक संघ के गोपाल अग्रवाल, शिव अग्रवाल,आदर्श अग्रवाल, अमित कुमार अग्रवाल, विजय सरावगी,अशोक सरावगी, ललीत बुबना,संजय अग्रवाल, प्रमोद कुमार केडिया, संदीप अग्रवाल, सुबोध शर्मा, विकास अग्रवाल,अरूण सिहानिया, कन्हैयालाल अग्रवाल, दिपक अग्रवाल,पीके शर्मा, शुभम अग्रवाल,संजय गुप्ता,हाजी मरगुबुल हक,आदि ने शोक संवेदना व्यक्त किये।



# पत्रकारों के लिए लगा मुफ्त हेल्थ कैंप

## विशेषज्ञ डॉक्टरों ने दी स्वास्थ्य संबंधी सलाह

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**कटिहार।** जिले में पत्रकारों और उनके परिवारों के स्वास्थ्य को ध्यान में रखते हुए मेडी मंत्रा की ओर से विशेष निःशुल्क स्वास्थ्य जांच एवं परामर्श शिविर का आयोजन किया गया। शहर के पानी टंकी चौक स्थित मेडी मंत्रा परिसर में आयोजित इस शिविर में बड़ी संख्या में पत्रकारों और उनके परिजनों ने पहुंचकर स्वास्थ्य जांच कराई और विशेषज्ञ चिकित्सकों से परामर्श लिया। शिविर में डॉ. टॉम, डॉ. नवीन कुमार और डॉ. पूजा राय ने अपनी सेवाएं दीं। चिकित्सकों ने लोगों की स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं को सुना और आवश्यक परामर्श प्रदान किया। इस दौरान ब्लड प्रेशर, शुगर समेत कई




जरूरी स्वास्थ्य जांच निःशुल्क की गई। डॉक्टरों ने संतुलित खानपान, नियमित व्यायाम और समय-समय पर स्वास्थ्य जांच कराने की सलाह भी दी। डॉ. नवीन कुमार ने बताया कि आज की भागदौड़ भरी जिंदगी में लोग अपने स्वास्थ्य पर पर्याप्त ध्यान नहीं दे पाते हैं। खासकर पत्रकारों का कार्यक्षेत्र काफी व्यस्त और तनावपूर्ण होता है, ऐसे में नियमित स्वास्थ्य जांच बेहद जरूरी है। उन्होंने कहा कि समय-समय पर जांच कराने से कई गंभीर बीमारियों का शुरूआती चरण में ही पता लगाया जा सकता है और उनका बेहतर इलाज संभव हो पाता है। शिविर में पहुंचे पत्रकारों ने इस पहल की सराहना करते हुए इसे उपयोगी और जनहितकारी प्रयास बताया। कार्यक्रम के दौरान स्वास्थ्य जागरूकता पर विशेष जोर दिया गया और लोगों से अपने स्वास्थ्य के प्रति सजग रहने की अपील की गई। शिविर का लाभ उठाने पहुंचे लोगों ने मेडी मंत्रा के इस प्रयास की प्रशंसा की और भविष्य में भी ऐसे आयोजन जारी रखने की मांग की।

# देशी शराब के साथ महिला तस्कर गिरफ्तार



नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**फलका (कटिहार) ।** थाना क्षेत्र के भरसिया पंचायत के बालू टोला में फलका पुलिस ने 30 लीटर देशी शराब के साथ एक महिला तस्कर को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। थानाध्यक्ष प्रहलाद यादव ने बताया कि गुप्त सूचना मिलने पर पुलिस ने छापामारी के दौरान 30 लीटर देशी शराब के साथ एक महिला तस्कर को गिरफ्तार कर मध्य निषेध अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया।

# मोहर्रम को लेकर प्रशासन अलर्ट, शांति समिति की बैठक

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**मनिहारी (कटिहार)।** आगामी मोहर्रम पर्व को शांतिपूर्ण, सौहार्दपूर्ण एवं व्यवस्थित ढंग से संपन्न कराने के उद्देश्य से नवाबगंज पंचायत भवन में शांति समिति की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में प्रशासनिक अधिकारियों, जनप्रतिनिधियों तथा विभिन्न समुदायों के गणमान्य लोगों ने भाग लेकर पर्व के सफल आयोजन को लेकर विस्तृत चर्चा की।

बैठक में अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी विनोद कुमार, थाना अध्यक्ष संतोष कुमार झा, इंस्पेक्टर पप्पू कुमार सिंह, मुखिया कामता प्रसाद सिंह, पूर्व मुखिया प्रदीप सिंह, लोजपा प्रखंड अध्यक्ष विनोद कुमार,



कांग्रेस नेता साजिद आलम, जदयू प्रखंड अध्यक्ष मंजय कुमार साह, सरपंच प्रतिनिधि पांडव कुमार सिंह, पूर्व सरपंच विनोद कुमार सिंह, एकलाख हुसैन, शाकिर हुसैन, अलाउद्दीन आलम, निरंजन यादव, खलीफा अनवर अंसारी, समाजसेवी आलमगीर आलम एवं आजाद कावड़ी सहित अन्य लोगों ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। बैठक को संबोधित करते हुए अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी विनोद कुमार ने कहा कि मोहर्रम का पर्व आपसी भाईचारे और सौहार्द का प्रतीक है। उन्होंने सभी लोगों से प्रशासन द्वारा जारी दिशा-निर्देशों का पालन करते हुए शांतिपूर्ण वातावरण में पर्व मनाने तथा मनिहारी की गंगा-जमुनी तहजीब को बनाए रखने की अपील की।वहीं थानाध्यक्ष संतोष कुमार झा ने सभी लाइसेंसधारी खलीफाओं से 24 तारीख से पूर्व आवश्यक दस्तावेज थाना में जमा कराने का आग्रह किया, ताकि प्रशासनिक प्रक्रियाएं समय पर पूरी की जा सकें और पर्व का आयोजन बिना किसी व्यवधान के संपन्न हो सके।बैठक के अंत में उपस्थित सभी लोगों ने आपसी सद्भाव, भाईचारे और प्रशासन के सहयोग से मोहर्रम पर्व को शांतिपूर्ण एवं सफल बनाने का संकल्प लिया।

# हाट जाने वाली सड़क पर बह रहा है नाली का गंदा पानी

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**फलका (कटिहार)।** प्रखंड के सोहथा दक्षिण पंचायत के वार्ड संख्या आठ के हटिया सड़क अब सड़क नही रहा। नाला में परिवर्तित हो गया है। सालो भर सावन भादो चैत हो या बैशाख नाला का पानी सड़क पर बहता रहता है। नाला का गंदा पानी के दुर्गंध से डेंगू मलेरिया डेरिया दस्त से लोग पीड़ित हो रहे हैं। आने जाने वाले राहगीरो को परेशानी हो रही है। शुक्रवार और सोमवार के दिन लगने वाले हटिया में आने वाले राहगीर एवं बेवसाय वर्ग के लोगों को सड़क पर लगी गंदे पानी से गुजरना पड़ता है। लोगों का चलना मुहाल हो गया है सालो भर सड़क पर नला का 'गंदा पानी लगा रहता है



इस ननिहालों का सुधि लेने वाला कोई नहीं है। विकास का दावा सिर्फ कागजों पर दिखाया जाता है। वार्ड में नाला का निर्माण कर तो दिया जाता है लेकिन गंदे पानी का निकासी नहीं रहने के कारण वार्ड के लोगों को झेलना पड़ता है। जिससे लोग बीमार ग्रस्त हो जाते हैं। सड़क का निर्माण नाला से तीन फीट नीचे होने से बरसात का पानी गंदे नाले का पानी सड़क पर बहने लगता है। इसे कहते हैं जय बिहार जय विकास? आखिर कब तक लोगों को यह विकास देखने को मिलेगा।जिससे लोग गंदे पानी के प्रदूषण से बीमार ग्रस्त हो जाए। वार्ड संख्या आठ के ग्रामीण सड़क पर बह गंदे पानी को लेकर आक्रोशित हैं।

# एएएम चिल्ड्रेन्स एकेडमी की छात्रा रिया दौलानी ने 12 वीं बोर्ड परीक्षा में लहराया परचम

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**कटिहार।** एएएम चिल्ड्रेन्स एकेडमी की मेधावी साइंस की छात्रा रिया दौलानी ने केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड सीबीएसई द्वारा आयोजित शैक्षणिक सत्र 2025-26 की कक्षा12 वीं की वार्षिक परीक्षा में 86.6 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय एवं क्षेत्र का नाम गौरवान्वित किया है।रिया की इस शानदार सफलता पर विद्यालय प्रबंध समिति के सचिव अशोक पोद्दार तथा प्रबंधन समिति के सभी सदस्यों ने उन्हें हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएँ दीं। इस अवसर पर उनकी उत्कृष्ट उपलब्धि के सम्मान में स्मृति-चिह्न मोमेंटो एवं पुरस्कार प्रदान किया गया। विद्यालय प्रबंधन ने कहा कि रिया की मेहनत, लगन एवं अनुशासन अन्य विद्यार्थियों के लिए प्रेरणा का स्रोत है। उनकी यह उपलब्धि विद्यालय के लिए गर्व का विषय है। विद्यालय परिवार ने उनके उज्ज्वल, सफल एवं मंगलमय भविष्य की कामना की है।



# प्रखंड स्तरीय शारदीय खरीफ कर्मशाला सह प्रशिक्षण का आयोजन

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**मनसाही (कटिहार)।** प्रखंड कृषि कार्यालय मनसाही में प्रखंड स्तरीय शारदीय खरीफ कर्मशाला सह प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ। इस मौके पर कृषि कार्यालय मनसाही के प्रखंड कृषि पदाधिकारी, कृषि समन्वयक, लेखापाल, कार्यपालक सहायक, प्रखंड तकनीकी प्रबंधक, किसान सलाहकार ने कृषि विज्ञान केंद्र कटिहार से आए कृषि वैज्ञानिक, प्रखंड प्रमुख, प्रखंड प्रमुख प्रतिनिधि, भारतीय जनता पार्टी के प्रखंड अध्यक्ष,पूर्व प्रखंड अध्यक्ष, चित्तौरिया पंचायत के मुखिया, जिला परिषद प्रतिनिधि सहित अन्य को एक-एक फलदार पौधा देकर सम्मानित किया। इनके उपरांत प्रखंड प्रमुख सुषमा कुमारी,कृषि विज्ञान केंद्र के कृषि वैज्ञानिक डॉक्टर मृणाल रंजन सहित अन्य ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस मौके पर कृषि विज्ञान केंद्र कटिहार के कृषि वैज्ञानिक डॉक्टर मृणाल रंजन ने कहा कि अभी खरीफ के मौसम में धान की बुवाई किया जाना हैं, किसान उन्नत किस्म के बीज ही लगावे। साथ ही सभी किसानों को फसल बुवाई से पूर्व मिट्टी जांच कराने एवं सभी किसानों को कहा कि अगर आप नहीं होते तो सभी लोग भूखे रह जाते किसान फसल उगा रहे हैं तो सभी लोग उन अनाज को खा रहे हैं।

प्रखंड प्रमुख सुषमा कुमारी ने किसानों को संबोधित करते हुए कहा कि सभी किसान प्रखंड से बीज का उठाकर बुवाई करें। भाजपा के प्रखंड अध्यक्ष बब्बन सिंह ने कृषि विभाग से फसल बुवाई के समय सभी के कागजात किसानों से ले अगर फसल क्षति होता हैं तो उनका सर्वे कर उन्हें मुआवजा सरकार के




द्वारा दिया जाएगा। इस बाबत किसान खुर्शीद आलम उर्फ राजा ने कहा कि फुलहरा पंचायत में सैकड़ों एकड़ में लगे मकई की फसल आंधी तूफान में गिरकर बर्बाद हो गया किसी भी किसान के एक भी मकई नहीं हुआ जिन पर विभाग संज्ञान नहीं लिया वहीं प्रखंड प्रमुख सहित पदाधिकारी को भी कहा कि आप लोग अगर जिला पदाधिकारी से फसल क्षति की मांग करते तो जरूर मिलता। इस बाबत प्रखंड प्रमुख प्रतिनिधि गौतम कुमार सिंह ने कहा कि हम सभी लोग जिला कृषि पदाधिकारी,जिला पदाधिकारी,विधान पार्षद, कटिहार विधायक सहित अन्य को फसल क्षति का लिखित रूप से आवेदन दिए हैं लेकिन उस पर कोई अमल नहीं हुआ। इस बाबत प्रखंड कृषि पदाधिकारी अभिषेक कुमार ने कहा कि पूरे प्रखंड में 33 फीसदी से कम मकई की क्षति हुई थी इसीलिए एक भी किसानों को क्षतिपूर्ति का लाभ नहीं मिला। वहीं चितरीया पंचायत के मुखिया दीप नारायण पासवान ने पूरे मनसाही प्रखंड में किसानों को खेती करने के लिए बिजली सुविधा देने की मांग की हैं। जिला परिषद प्रतिनिधि खुर्शीद आजाद ने कहा कि किसानों को फसल का समर्थन मूल्य नहीं मिल रहा हैं। वहीं किसान जो भी फसल लगाते हैं। वह आंधी तूफान में गिरकर बर्बाद हो रहे हैं। जिला प्रशासन को होना चाहिए कि जिन भी किसानों की फसल क्षति हुई हैं, उनका मुआवजा मिलना चाहिए। किसान राजेंद्र मंडल ने कहा कि सभी मनसाही के किसान अनुभवी हैं किसानों को सही बीज दुकानों से मिले तो कम पैदावार होने की संभावना नहीं होगा। इस अवसर पर कृषि विज्ञान केंद्र के कृषि वैज्ञानिक डॉक्टर मृणाल रंजन,प्रखंड प्रमुख सुषमा कुमारी, प्रखंड प्रमुख प्रतिनिधि गौतम कुमार सिंह,जिला परिषद प्रतिनिधि खुर्शीद आजाद, भाजपा के प्रखंड अध्यक्ष बब्बन सिंह, पूर्व प्रखंड अध्यक्ष, प्रखंड कृषि पदाधिकारी अभिषेक कुमार, प्रखंड उद्यान पदाधिकारी राजीव कुमार, प्रखंड कृषि समन्वयक मनीष कुमार, अरविंद कुमार, लेखापाल जीवन प्रकाश, कार्यपालक सहायक मोहम्मद मंजर आलम, प्रखंड तकनीकी प्रबंधक नीरव कांत, किसान सलाहकार संतोष कुमार सिंह, शिवनाथ सिंह, अनिल सिंह, धर्मवीर राय, मोहम्मद जमील,रंजीत कुमार सिंह, किसान राजेंद्र मंडल, मनोज कुमार यादव आदि उपस्थित रहे ।

## संक्षिप्त समाचार

### एम्बुलेंटरी भान द्वारा पशु चिकित्सा शिविर का आयोजन

**मोतिहारी/तुरकौलिया/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** जिला पशुपालन पदाधिकारी पूर्वी चंपारण के निर्देशानुसार तुरकौलिया प्रखंड के बिजूलपुर पंचायत के जगपुर गांव में एम्बुलेंटरी भान द्वारा पशु चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया जिसमें डॉ. विजय समीर भ्रमणशील पशु चिकित्सा पदाधिकारी सपहिडीह एवं डॉ. रूपेश कुमार श्रीवास्तव भ्रमणशील पशु चिकित्सा पदाधिकारी तुरकौलिया एवं गुलशन कुमार परिचारी सपहिडीह एवं रिजवी राज मोहम्मद परिचारी तुरकौलिया उपस्थित रहकर शिविर का संचालन किये। इस शिविर में कुल 44 पशुपालकों के 93 बड़े एवं 172 छोटे (कुल 265) पशुओं का निःशुल्क दवा वितरण, चिकित्सीय सलाह एवं मौसमी बीमारियों से बचाव हेतु आवश्यक जानकारी दिया गया।

### सड़क दुर्घटना में पति की मौत, पत्नी घायल

**छपरा/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** बिहार में सारण जिले के रसूलपुर थाना क्षेत्र में सड़क दुर्घटना में एक व्यक्ति की मौत हो गई। पुलिस सूत्रों ने बताया कि एकमा थाना क्षेत्र के हंसराजपुर गांव निवासी जगनारायण मांझी का पुत्र पप्पू मांझी अपने पत्नी को सोमवती अमावस्या पर पूजा कराने महेंद्र नाथ मंदिर मोटरसाइकिल से गया हुआ था। वापस आने के दौरान उसकी मोटरसाइकिल रसूलपुर बाजार पर दुर्घनाग्रस्त हो गई। जिसके कारण पप्पू मांझी की मौत हो गई। जबकि उसकी पत्नी घायल हो गई। जिसे बेहतर इलाज के लिए पटना भेज दिया गया है। सूत्रों ने बताया कि घटना की सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया है। पुलिस इस मामले में प्राथमिकी दर्ज कर जांच कर रही है।

### अगलगी में पांच घर जलकर राख

**सुपौल/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** बिहार में सुपौल जिले के राघोपुर थाने के अन्तर्गत आग लग जाने से चार परिवारों के पांच घर जलकर राख हो गए। पुलिस सूत्रों ने बताया कि सिमराही के वार्ड संख्या 1 में एक घर में गैस के सिलिंडर फट जाने से आग लग गई और देखते ही देखते आग ने श्याम सुंदर शर्मा,संजय शर्मा,विशो शर्मा और अशोक शर्मा के पांच घरों अपनी चपेट में ले लिया । सूचना मिलने पर जब तलक अग्नि शामक दस्ता वहां पहुंच पाता तब तक पांच घर और उसमें रखा सारा सामान जलकर राख हो गया । हालांकि अग्नि शामक दस्ता पहुंचने से आग अन्य घरों को अपनी चपेट में नहीं ले पाया। पुलिस ने बताया कि लगभग 10 लाख रुपए की सम्पत्ति जलकर राख हो गया है।

### प्रखंड स्तरीय प्रशिक्षण-सह - कार्यशाला का आयोजन

**मोतिहारी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** 30 जून 2026 तक पंचायत स्तरीय कृषि जन कल्याण चौपाल - सह-खेत बचाओ अभियान चलाया जा रहा है। 14.06.2026 को मुख्यमंत्री, बिहार के द्वारा एलईडी युक्त किसान जागरूकता वाहन को हरी झण्डी दिखाकर पटना से सभी जिला के लिए रवाना कराया गया है। 15 जून को समाहरणालय परिसर से अपर समाहर्त्ता मुकेश कुमार सिन्हा एवं उप विकास आयुक्त डॉ. प्रदीप कुमार के द्वारा संयुक्त रूप से एलईडी युक्त किसान



जागरूकता वाहन को हरी झण्डी दिखाकर पूर्वी चम्पारण जिला के सभी प्रखंडों के लिए रवाना किया गया है। प्रत्येक प्रखंड में तीन-तीन स्थलों पर उक्त प्रचार वाहन के माध्यम से कृषि आधारित लघु फिल्मों के माध्यम से योजनाओं एवं कृषि तकनीकों का प्रचार-प्रसार किया जाना है। उक्त कार्यक्रम में जिला कृषि पदाधिकारी-सह-परियोजना निदेशक आत्मा, पूर्वी चम्पारण मनीष कुमार, वरीय उप समाहर्ता अमरेश कुमार, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी ज्ञानेश्वर प्रकाश सहित अन्य पदाधिकारी एवं कृषि विभाग के कर्मी द्वारा भाग लिया गया ।

### मोहर्रम को लेकर शांति समिति की बैठक

**किशनगंज/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** टेढ़ागाछ थाना परिसर में आगामी मोहर्रम पर्व को शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण माहौल में संपन्न कराने को लेकर शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता थाना अध्यक्ष दिलशाद खान ने की। इस दौरान अंचल अधिकारी शशि कुमार, प्रखंड विकास पदाधिकारी अजय कुमार, जनप्रतिनिधि एवं क्षेत्र के बुद्धिजीवीगण उपस्थित रहे।बैठक में मोहर्रम के दौरान विधि-व्यवस्था बनाए रखने, आपसी भाईचारा कायम



रखने तथा अफवाहों से बचने की अपील की गई। अधिकारियों ने स्पष्ट कहा कि असामाजिक तत्वों पर प्रशासन की कड़ी नजर रहेगी तथा शांति व्यवस्था भंग करने वालों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी।सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत बनाने के उद्देश्य से संवेदनशील स्थानों पर सीसीटीवी कैमरा लगाने एवं निगरानी बढ़ाने पर भी चर्चा की गई। बैठक में विभिन्न पंचायतों से पहुंचे गणमान्य लोग, सम्मानित जनप्रतिनिधि एवं स्थानीय नागरिकों ने प्रशासन को सहयोग का भरोसा दिया।प्रशासन ने सभी लोगों से मोहर्रम पर्व को शांति, भाईचारे और आपसी सौहार्द के साथ मनाने की अपील की।

### डॉ रवींद्र कुमार सिंह बने फतुहा प्रखंड के उप प्रमुख

**फतुहा/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** पटना सिटी अनुमंडल कार्यालय में सोमवार को फतुहा उपप्रमुख का हुआ चुनाव में फतुहा के अलावलपुर पंचायत के पंचायत समिति सदस्य डॉ रवींद्र कुमार सिंह ने अपने निकटतम प्रतिद्वंदी मसाढ़ी पंचायत के पंचायत समिति सदस्या नीता देवी को 05 वोट के मुकाबले 11 वोटों से पराजित किया.18 पंचायत समिति सदस्य वाले सदन में नीता देवी को पांच वोट मिले वही डॉ रवींद्र कुमार सिंह को ग्यारह मत प्राप्त हुए. उप प्रमुख पद पर विजयी हुई डॉ रवींद्र कुमार सिंह



एसडीएम सत्यम सहाय ने जीत का सर्टिफिकेट दिया. फतुहा प्रखंड में दोपहर को पहुंचते ही उप प्रमुख को उनके समर्थक ने भव्य रूप से स्वागत किया.उनके साथ प्रखंड प्रमुख श्रुति श्री,रेखा देवी,आनंद मधुकर,पप्पू कुमार , लालाराय,संतोष कुमार समेत सैकड़ों लोग मौजूद थे।

### राजस्व महाअभियान से गायब कर्मियों से जवाब तलब एक दिन का मानदेय स्थगित

**कोटवा (पूर्वी चंपारण)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** राजस्व महाअभियान के तहत निर्धारित कार्यों में लापरवाही बरतने वाले पंचायत कार्यपालक सहायकों एवं विशेष सर्वेक्षण अमीनों पर प्रशासन ने कार्रवाई की है। विभागीय निर्देश एवं जिलाधिकारी के आदेश के आलोक में रविवार को



अंचल कार्यालय कोटवा में राजस्व महाअभियान के लिए विशेष कैंप आयोजित किया गया था। इस दौरान कई कर्मी बिना पूर्व सूचना के अनुपस्थित पाए गए। अंचल अधिकारी मोनिका आनंद द्वारा भेजे गए प्रतिवेदन के अनुसार विशेष सर्वेक्षण अमीन निर्मला कुमारी कोटवा पंचायत तथा पंचायत कार्यपालक सहायक मम्मी कुमारी कोटवा पंचायत, ज्योति कुमारी बड़हरवा कला पूर्वी, दीपक कुमार मच्छरगांवा, राजू कुमार भोपतपुर दक्षिणी, अभय कुमार भोपतपुर उत्तरी, गुड्डू पासवान करारिया एवं अस्मिता कुमारी अहिरौलिया कैंप में अनुपस्थित रहे।प्रतिवेदन में कहा गया है कि इन कर्मियों की अनुपस्थिति के कारण विभाग द्वारा निर्धारित लक्ष्य के अनुरूप कार्य निष्पादित नहीं हो सका, जिससे राजस्व महाअभियान प्रभावित हुआ। मामले को गंभीरता से लेते हुए जिलाधिकारी ने सभी अनुपस्थित कर्मियों से स्पष्टीकरण की मांग की है। साथ ही जिलाधिकारी ने संबंधित कर्मियों का एक दिन का मानदेय स्थगित रखने का निर्देश दिया है। प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि सरकारी कार्यों में लापरवाही एवं बिना सूचना अनुपस्थित रहने वाले कर्मियों के विरुद्ध आगे भी नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

# विद्युत सेवा आपूर्ति की मांग को लेकर शहर में निकाला गया विरोध मार्च

**विरोध मार्च मैं शामिल नेता कार्यकर्ता जनप्रतिनिधि ने किया नारेबाजी**

**जमालपुर (मुंगेर)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** जमालपुर नगर में नियमित तथा निर्बाध विद्युत सेवा आपूर्ति की मांग को लेकर जमालपुर नगर परिषद क्षेत्र के वार्ड संख्या 29 से 36 के विद्युत उपभोक्ताओं ने विरोध मार्च निकाला। विरोध मार्च की अध्यक्षता राजद नेता बमबम यादव ने किया। वार्ड संख्या 31 पानी टंकी के निकट एकत्रित हुए विद्युत उपभोक्ताओं ने धरहरा रोड, शिव साईं धाम मंदिर, फुलवारी होते हुए मसोमात तालाब रोड के समीप हीरा मोड़ पर जमकर आक्रोश प्रकट किया। आक्रोशित विद्युत उपभोक्ताओं ने सांसद एवं विधायक के साथ विद्युत अधीक्षण अभियंता, विद्युत कार्यपालक अभियंता तथा विद्युत सहायक अभियंता का पुतला दहन किया। पुतला दहन के उपरांत एक



सभा को संबोधित करते हुए राजद नेता बमबम यादव ने कहा कि विगत कुछ समय से वार्ड संख्या 29 से वार्ड संख्या 34 को सफियाबाद सब स्टेशन से अलग कर रामचंद्रपुर सब स्टेशन से 11 केवीए को जोड़ कर ग्रामीण फीडर में सम्मिलित कर दिया गया है। जमालपुर नगर परिषद क्षेत्र के वार्ड संख्या 1 से वार्ड संख्या 36 तक शहरी क्षेत्र अंतर्गत आता है बावजूद वार्ड संख्या 1 से वार्ड 28 तक की विद्युत सेवा शहरी फीडर में रखा गया है। जबकि वार्ड 29 से वार्ड 36 को ग्रामीण फीडर में शामिल कर विद्युत सेवा की कटौती की जा रही है। आए दिन भीषण गर्मी में दिन में और शाम के समय इन क्षेत्रों के उपभोक्ताओं को पावर कट की समस्या से दो-चार होना पड़ता है। कभी कभार पूरी रात विद्युत सेवा पूरी तरह से बाधित कर दी जाती है। विद्युत पदाधिकारी को फोन करने पर पदाधिकारी द्वारा निर्देश दिया जाता है कि अगले दिन इसकी लिखित सूचना कार्यालय में जाकर करें। तभी इस समस्या का समाधान निकाला जाएगा। मयंक राज उर्फ छोटू डॉन, बरकत अली, सिद्धेश्वर नाथ विश्वकर्मा, अभय चंद्र, वार्ड प्रतिनिधि दिलीप तांती ने कहा कि सफियाबाद पावर ग्रिड से रामचंद्रपुर पावर सबस्टेशन को ग्रामीण फीडर से अलग करते हुए इसे भी शहरी फीडर में शामिल करने की व्यवस्था की जाए। तथा रामचंद्रपुर पावर सबस्टेशन के लिए प्लास्टिक कोटेड वायर की मदद से 33 केवीए की पृथक व्यवस्था किया जाए। ताकि रामचंद्रपुर पावर सबस्टेशन को 33 केवीए की निर्वाण उपलब्धता सुनिश्चित हो सके। और पूरे शहर में निर्वात विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित हो। मौके पर उमेश पासवान, अमर यादव, शैलेश कुमार, राजकुमार शर्मा, कामेश्वर साह, परमेश्वर पासवान, शंभू यादव, छोटू कुमार, सूरज कुमार, निशांत कुमार, सियाराम पासवान, उदय कुमार, अमित कुमार सहित दर्जनों विद्युत उपभोक्ता शामिल थे।

## नवविवाहिता ने फंदे से लटककर दी जान, जांच में जुटी पुलिस

**चिरैया (पूर्वी चंपारण)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** शिकारगंज थाना क्षेत्र के शिकारगंज गांव में एक नवविवाहिता द्वारा फंदे से लटककर आत्महत्या किए जाने का मामला सामने आया है। मृतका की पहचान उक्त गांव निवासी मुमताज अंसारी की पत्नी सानिया खातून (20 वर्ष) के रूप में हुई है। घटना की सूचना मिलने पर शिकारगंज थाना पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया। मामले में मृतका की मां तथा ढाका थाना क्षेत्र के पीपरा वाजिद गांव निवासी रईशा खातून के लिखित आवेदन पर प्राथमिकी दर्ज की गई है। दर्ज बयान में कहा गया है कि सानिया खातून की शादी लगभग तीन माह पूर्व हुई थी। शादी के बाद से उसकी मानसिक स्थिति ठीक नहीं थी और वह अवसाद से ग्रसित रहती थी।

## बिजली संकट के खिलाफ हस्ताक्षर अभियान शुरू

**- शहरी क्षेत्र को पूर्ववत विद्युत आपूर्ति बहाल करने की मांग - नगर परिषद क्षेत्र के 9 वार्डों में 12 से 14 घंटे ही मिल रही बिजली**

**जमालपुर (मुंगेर) /नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** नगर परिषद जमालपुर क्षेत्र में व्याप्त बिजली संकट के विरोध में सोमवार को हस्ताक्षर अभियान चलाया गया। अभियान के माध्यम से साउथ बिहार पावर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड के प्रबंध निदेशक को ज्ञापन भेजकर शहरी क्षेत्र के उपभोक्ताओं को पूर्ववत सफियाबाद विद्युत शक्ति उपकेंद्र से निर्बाध बिजली आपूर्ति बहाल करने की मांग की गई। नगर परिषद क्षेत्र के 36 वार्डों में से अधिकांश वार्डों को सफियाबाद पावर सब स्टेशन से बिजली मिल रही है, जबकि वार्ड संख्या 29 से 36 तथा वार्ड 17 के कुछ हिस्सों के उपभोक्ताओं को रामचंद्रपुर विद्युत शक्ति उपकेंद्र से आपूर्ति दी जा रही है। इससे इन वार्डों के उपभोक्ताओं को प्रतिदिन केवल 12 से 14 घंटे ही बिजली मिल पा रही है, जबकि अन्य



शहरी क्षेत्रों में लगभग 24 घंटे आपूर्ति हो रही है। ज्ञापन में कहा गया है कि रामचंद्रपुर 33/11 केवी विद्युत उपकेंद्र पर ओवरलोडिंग के कारण बार-बार 33 हजार वोल्ट की लाइन काट दी जाती है, जिससे उपभोक्ताओं को लंबे समय तक अंधेरे में रहना पड़ता है। वहीं हस्ताक्षर अभियान में शामिल लोगों ने 9 और 10 जून को हुई लंबी बिजली बाधित रहने की घटनाओं का भी उल्लेख करते हुए कहा कि तकनीकी खराबियों और लगातार ट्रिपिंग से लोगों का जनजीवन प्रभावित हो रहा है। हस्ताक्षर अभियान में लोजपा नगर अध्यक्ष मनीष कुमार मंडल, आईआईपी युवा जिला अध्यक्ष मयंक राज,वार्ड पार्षद प्रियांशु कुमार,राकेश कुमार, रूपेश कुमार, सतेंद्र तांती रूबी कुमारी, पूर्व वार्ड पार्षद नवीन कुमार चंद्रशेखर प्रसाद सहित बड़ी संख्या में उपभोक्ता, समाजसेवी एवं जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे। तथा एक स्वर में कहा कि मांगें पूरी नहीं हुई तो आंदोलन को और व्यापक बनाया जाएगा।

## मोकामा में 15 साल से फरार पॉस्को आरोपित गिरफ्तार

**मोकामा/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** नाबालिग से दुष्कर्म के मामले में 15 साल से फरार चल रहे आरोपी को हाथीदह पुलिस ने सोमवार सुबह गिरफ्तार कर लिया। आरोपी की पहचान मोहम्मद सलाम के रूप में हुई है।आरोपी मोहम्मद सलाम पर गांव की एक नाबालिग बालिका के साथ दुष्कर्म का आरोप लगा था।हाथीदह थाने में आरोपी के खिलाफ पाक्सो एक्ट के तहत प्राथमिकी दर्ज हुई थी।घटना को अंजाम देकर आरोपी गांव से भाग गया था और तब से फरार चल रहा था।हाथीदह थानाध्यक्ष अभिषेक कुमार ने बताया कि उन्हें गुप्त सूचना मिली थी। सूचना के आधार पर सोमवार सुबह घेराबंदी कर मोहम्मद सलाम को दबोच लिया गया।आरोपी चोरी-छिपे गांव में ही रह रहा था। पकड़े जाने के डर से वह घर से बहुत कम बाहर निकलता था, इसलिए किसी को उसकी भनक नहीं लगी। पुलिस ने उसके खिलाफ सभी कानूनी प्रक्रिया पहले ही पूरी कर ली थी, लेकिन वह सरेंडर नहीं कर रहा था।

## कॉलेज जाने निकली युवती रहस्यमय ढंग से लापता

**- अपहरण की प्राथमिकी दर्ज - पिता ने युवक पर बहला-फुसलाकर ले जाने का लगाया आरोप**

**जमालपुर (मुंगेर)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** जमालपुर थाना क्षेत्र के छोटी केशोपुर इलाके से कॉलेज जाने के दौरान एक युवती के रहस्यमय ढंग से गायब हो जाने का मामला प्रकाश में आया है। घटना को लेकर युवती के पिता ने जमालपुर थाना में लिखित आवेदन देकर अपहरण की प्राथमिकी दर्ज कराई है। पुलिस ने मामला दर्ज कर युवती की बरामदगी तथा आरोपी की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी शुरू कर दी है। पीड़ित पिता के अनुसार उनकी पुत्री 12 जून की सुबह करीब 11 बजे घर से कॉलेज में एडमिट कार्ड लेने की बात कहकर निकली थी। काफी समय बीत जाने के बाद भी जब वह घर वापस नहीं लौटी तो परिजनों ने उसके मोबाइल पर संपर्क किया। पिता का आरोप है कि फोन पर बात करने के दौरान युवती घबराई हुई लग रही थी और स्पष्ट रूप से कुछ बता नहीं पा रही थी। इसी बीच अचानक मोबाइल बंद हो गया, जिसके बाद परिजनों की चिंता बढ़ गई। परिजनों ने अपने स्तर से खोजबीन शुरू की, लेकिन युवती का कोई पता नहीं चल सका। पीड़ित पिता ने आवेदन में आरोप लगाया है कि छोटी केशोपुर नालापार निवासी स्वर्गीय जय पासवान का पुत्र गौतम पासवान उर्फ अभिषेक कुमार उनकी पुत्री को बहला-फुसलाकर अपने साथ ले गया है। उन्होंने बताया कि जानकारी जुटाने पर पता चला कि आरोपी युवती को लेकर जमुई जिले के बरमनिया थाना क्षेत्र स्थित अपनी बहन और बहनोई गुड्डू पासवान के घर गया था। परिजन जब उक्त स्थान पर पहुंचे तो वहां मौजूद लोगों ने बताया कि आरोपी युवती को लेकर वहां आया था, लेकिन कुछ समय बाद उसे साथ लेकर कहीं और चला गया।

## स्वर्ण रजत एवं कांस्य पदक जीतकर खिलाड़ियों ने बढ़ाया जिले का मान

**बिहार एथलेटिक्स चैंपियनशिप में मुंगेर का शानदार प्रदर्शन**

**जमालपुर (मुंगेर)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** पटना के पाटलिपुत्र स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में 10 से 13 जून 2026 तक आयोजित 92वीं बिहार जूनियर एवं सीनियर एथलेटिक्स चैंपियनशिप में मुंगेर जिले के खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए दो स्वर्ण, एक रजत और एक कांस्य पदक अपने नाम किया।



खिलाड़ियों की इस उपलब्धि से जिले में खुशी का माहौल है। मुंगेर जिले का नेतृत्व करते हुए छोटी दौलतपुर निवासी सेवानिवृत्त रेलकर्मी मदन प्रसाद की पुत्री श्वेता माधुरी आनंद ने महिला वर्ग की 200 मीटर एवं 400 मीटर दौड़ में प्रथम स्थान प्राप्त कर दो स्वर्ण पदकों पर कब्जा जमाया। श्वेता के उत्कृष्ट प्रदर्शन ने मुंगेर जिले को राज्य स्तर पर गौरवान्वित किया। वहीं 18 वर्ष आयु वर्ग के डिस्कस थ्रो प्रतियोगिता में रजवाड़ा भलार, दशरथपुर निवासी तथा सरस्वती विद्या मंदिर, दौलतपुर जमालपुर के छात्रा सह सुशील कुमार सिंह की पुत्री पृथा सिंह तीसरा स्थान प्राप्त कर कांस्य पदक अर्जित की, जबकि पुरुष वर्ग के डेकाथलन प्रतियोगिता में बड़ी लगमा, हेमजापुर निवासी सेवानिवृत्त आर्मी जवान सुशील कुमार राय के पुत्र प्रीतम कुमार ने शानदार प्रदर्शन करते हुए दूसरा स्थान प्राप्त कर रजत पदक अपने नाम किया। इसके अलावा 20 वर्ष आयु वर्ग की 110 मीटर हर्डल दौड़ में मोहित कुमार चौथे स्थान पर रहे।

## मांगों के समर्थन में स्टेशन मास्टरों ने मनाया डिमांड डे

**जमालपुर (मुंगेर)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** ऑल इंडिया स्टेशन मास्टर एसोसिएशन के मंडलीय आह्वान पर सोमवार को जमालपुर सहित विभिन्न रेलवे स्टेशनों पर स्टेशन मास्टरों एवं रेलकर्मियों ने डिमांड डे मनाया। इस दौरान कर्मचारियों ने अपनी लंबित मांगों के समर्थन में काली पट्टी एवं डिमांड डे बैच लगाकर नियमित ड्यूटी का निर्वहन किया और रेलवे प्रशासन का ध्यान अपनी समस्याओं की ओर आकर्षित किया। जमालपुर स्टेशन पर शाखा सचिव संजीव कुमार, मनीष कुमार, राजीव कुमार, रणवीर कुमार तथा जुसी कुमारी ने डिमांड डे में भाग लिया। वहीं मुंगेर स्टेशन पर सुमित कुमार और रविंद्र कुमार शर्मा, अभयपुर स्टेशन पर प्रशांत कुमार एवं मृत्युंजय कुमार, सुल्तानगंज स्टेशन पर राजेश कुमार, बरियारपुर स्टेशन पर विनय कुमार तथा उरैन स्टेशन पर आलोक रंजन ने डिमांड डे बैच लगाकर अपनी मांगों के समर्थन में प्रदर्शन किया। इस संबंध में एआईएसएमए जमालपुर शाखा के सचिव संजीव कुमार ने बताया कि संगठन द्वारा कुल दस प्रमुख मांगों को लेकर यह अभियान चलाया जा रहा है।

## जन समस्या एवं शिकायत के प्रति जिलाधिकारी गंभीर

**जमालपुर (मुंगेर)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** आम नागरिकों की समस्याओं के त्वरित समाधान के उद्देश्य से आयोजित किए जाने वाले जन सुनवाई कार्यक्रम के तहत समाहरणालय परिसर में जिलाधिकारी निखिल धनराज निप्पाणीकर द्वारा आमजनों की समस्याएं सुनी गईं। कार्यक्रम में जिले के विभिन्न प्रखंडों एवं पंचायतों से आए नागरिकों ने अपनी समस्याओं एवं शिकायतों को जिलाधिकारी के समक्ष प्रस्तुत किया।जन सुनवाई में कुल 14 आवेदन प्राप्त हुए। प्राप्त आवेदनों में अधिकांश मामले भूमि विवाद, भूमि अतिक्रमण, दाखिल-खारिज संबंधी मामलों से जुड़े थे। जन सुनवाई के दौरान जिलाधिकारी ने सभी आवेदनों का गंभीरतापूर्वक अवलोकन किया तथा संबंधित आवेदकों से उनकी समस्याओं के संबंध में विस्तृत जानकारी प्राप्त की। उन्होंने



प्राप्त शिकायतों पर तत्काल संज्ञान लेते हुए संबंधित विभागों एवं अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए। भूमि विवाद से संबंधित मामलों में संबंधित अंचल अधिकारियों, राजस्व अधिकारियों तथा अन्य संबंधित पदाधिकारियों को निर्धारित समय-सीमा के भीतर जांच प्रतिवेदन उपलब्ध कराने एवं नियमानुसार आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया। चकहासिम निवासी नासरीन प्रवीण ने अपने पति की मृत्यु के पश्चात मिलने वाले अनुदान की राशि की मांग की। धरहरा घटवारी निवासी मुन्नी देवी ने दबंगों पर उनकी जमीन को जबरन जोतने की शिकायत की। लल्लू पोखर निवासी रुणा देवी ने अपने बंद राशन कार्ड को खुलवाने एवं राशन दिलाने की मांग की। प्रशांत, फारुख आदि स्वच्छता साथी ने पूर्व में उनके द्वारा किए गए कार्यों के बकाया राशि भुगतान की मांग की। इसके अलावे भी अन्य आवेदनों की सुनवाई की गई। जिलाधिकारी ने सभी आवेदनों की गहनता पूर्वक जांच कर संबंधित अधिकारियों को समुचित कार्रवाई के निदेश दिए।

## री नीट में सफलता हेतु गोल इंस्टीट्यूट ने आयोजित किया विशेष मार्गदर्शी सेमिनार

**पटना/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** आगामी री नीट परीक्षा को ध्यान में रखते हुए विद्यार्थियों को मानसिक एवं अकादमिक रूप से सशक्त बनाने के उद्देश्य से गोल इंस्टीट्यूट द्वारा एक विशेष प्रेरणादायी एवं रणनीतिक सेमिनार का आयोजन किया गया। सेमिनार में विद्यार्थियों को अंतिम दिनों की



तैयारी, समय प्रबंधन, परीक्षा रणनीति एवं मानसिक संतुलन बनाए रखने के महत्वपूर्ण सुझाव दिए गए। गोल इंस्टीट्यूट के संस्थापक एवं प्रबंध निदेशक श्री बिपिन सिंह ने कहा कि अंतिम सप्ताह में विद्यार्थियों को केवल रिविजन एन सी ई आर टी आधारित अध्ययन, मॉक टेस्ट एवं एरर अनलिसीस पर ध्यान देना चाहिए। उन्होंने विद्यार्थियों को सोशल मीडिया से दूरी बनाकर आत्मविश्वास एवं सकारात्मक सोच के साथ परीक्षा देने की सलाह दी। सहायक निदेशक श्री रंजय सिंह ने कहा कि री नीट विद्यार्थियों के लिए स्वयं को पुनः सिद्ध करने का सुनहरा अवसर है। उन्होंने विद्यार्थियों को तनाव एवं तुलना से बचने, अपने लक्ष्य पर केंद्रित रहने तथा आत्मविश्वास बनाए रखने का संदेश दिया। आर एंड डी हेड श्री आनंद वात्स ने स्मार्ट स्टडी की महत्ता बताते हुए कहा कि अंतिम दिनों में अध्ययन की मात्रा नहीं, बल्कि गुणवत्ता महत्वपूर्ण होती है। उन्होंने विद्यार्थियों को पिछले वर्षों के प्रश्नों, महत्वपूर्ण कांसेप्ट, फॉमूर्ला एवं टेस्ट अनालिसीस पर विशेष फोकस करने की सलाह दी। सेमिनार में गोल इंस्टीट्यूट सफल विद्यार्थियों एवं वर्तमान पी एम सी एच के छात्र अंकिश, सचिन, कृति एवं आकांक्षा ने भी अपने अनुभव साझा किए। उन्होंने विद्यार्थियों को अंतिम दिनों में नई सामग्री पढ़ने के बजाय अपनी तैयारी को मजबूत करने पर ध्यान देने की सलाह दी। विशेषज्ञों एवं सफल मेडिकल छात्रों ने विद्यार्थियों को विश्वास दिलाया कि यदि वे अंतिम दिनों में सही रणनीति, अनुशासन, सकारात्मक सोच एवं निरंतर अभ्यास बनाए रखते हैं तो री निट में उत्कृष्ट सफलता अवश्य प्राप्त कर सकते हैं।

## समर कैंप के प्रतिभागियों को जमालपुर नेत्रालय में होगी निशुल्क जांच

**जमालपुर (मुंगेर)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** रीना कला केंद्र द्वारा आयोजित डांस, ड्राइंग एवं योगा समर कैंप का भव्य ग्रैंड फिनाले हर्षोल्लास एवं उत्साहपूर्ण वातावरण में सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। इस अवसर पर लगभग 120 बच्चों ने अपनी अद्भुत प्रतिभा का प्रदर्शन करते हुए कार्यक्रम को यादगार बना दिया। बच्चों के शानदार नृत्य, कला एवं मंचीय प्रस्तुतियों ने उपस्थित दर्शकों का दिल जीत लिया। कार्यक्रम का शुभारंभ



अतिथि जमालपुर नेत्रालय के डॉक्टर अमन, महेश अंजना, शिक्षक अमरजीत ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया ग्रैंड फिनाले में बच्चों द्वारा कुल 34 नृत्य प्रस्तुतियाँ दी गईं। प्रत्येक प्रस्तुति ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया और तालियों की गड़गड़ाहट से पूरा सभागार गूंज उठा। कार्यक्रम में लगभग 500 से अधिक अभिभावक एवं दर्शक उपस्थित रहे, जिन्होंने बच्चों का उत्साहवर्धन किया।

## विश्व रक्तदाता दिवस पर वीरगंज में रक्तदान महाअभियान

**भारत-नेपाल मैत्री को मिला मानवीय विस्तार**

**वीरगंज (पूर्वी चंपारण)/ नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** विश्व रक्तदाता दिवस के अवसर पर रविवार को वीरगंज स्थित भारतीय महावाणिज्य दूतावास परिसर मानव सेवा और भारत-नेपाल मित्रता के अनूठे संगम का साक्षी बना। दूतावास की पहल पर आयोजित स्वैच्छिक रक्तदान शिविर में बड़ी संख्या में युवाओं, सामाजिक कार्यकताओं और विभिन्न संगठनों के प्रतिनिधियों ने रक्तदान कर जरूरतमंदों के जीवन बचाने का संकल्प दोहराया। 'एक बूंद मानवता की, रक्तदान कर बचाएं जीवन' थीम पर आयोजित इस कार्यक्रम में नेपाल-भारत मैत्री संघ (निफा), नेपाल इनोवेटिव सोसाइटी, नेपाल रेडक्रॉस सोसाइटी तथा नेपाल यंग एंटरप्रेन्योर्स फोरम (एनवाईईएफ) ने सक्रिय सहयोग किया। शिविर में रक्तदाताओं का उत्साह देखते ही बन



रहा था। कार्यक्रम के दौरान नेपाल में भारत के महावाणिज्यदूत देवी सहाय मीणा ने रक्तदाताओं से मुलाकात कर उनका उत्साहवर्धन किया। उन्होंने कहा कि रक्तदान मानवता की सबसे बड़ी सेवाओं में से एक है, क्योंकि इससे किसी अनजान व्यक्ति को नया जीवन मिल सकता है। उन्होंने रक्तदाताओं के निःस्वार्थ योगदान को समाज के लिए प्रेरणादायक बताते हुए कहा कि ऐसे प्रयास मानवीय मूल्यों को मजबूत करते हैं। महावाणिज्यदूत ने कहा कि भारत और नेपाल के बीच ऐतिहासिक, सांस्कृतिक और सामाजिक संबंधों की गहराई ऐसे जनकल्याणकारी कार्यक्रमों में स्पष्ट रूप से दिखाई देती है। रक्तदान जैसे अभियान दोनों देशों के लोगों के बीच सहयोग, सद्भाव और आत्मीयता को और सुदृढ़ करते हैं। दूतावास के सूचना अधिकारी मनीष दास ने बताया कि यह शिविर केवल रक्त संग्रह का कार्यक्रम नहीं, बल्कि समाज के प्रति जिम्मेदारी और सेवा भाव को बढ़ावा देने की एक महत्वपूर्ण पहल है। उन्होंने कार्यक्रम की सफलता में सहयोग देने वाले सभी संस्थानों, स्वयंसेवकों और रक्तदाताओं के प्रति आभार व्यक्त किया। विश्व रक्तदाता दिवस पर आयोजित इस शिविर ने यह संदेश दिया कि रक्तदान का एक छोटा-सा प्रयास कई परिवारों के लिए जीवन की नई उम्मीद बन सकता है। साथ ही, इस आयोजन ने भारत-नेपाल मैत्री को मानवीय संवेदनाओं के नए आयाम से जोड़ने का कार्य किया।

# पेयजल की मांग को ले सड़क पर उतरे लोग

## बाल्टी और बर्तन लेकर सड़क पर बैठे ग्रामीण

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पलामू।** भीषण गर्मी के बीच पेयजल संकट से जूझ रहे कोनवाई गांव के ग्रामीणों का आक्रोश सोमवार को सड़क पर फूट पड़ा।

पेयजल उपलब्ध कराने की मांग को लेकर ग्रामीणों ने कोनवाई बस स्टैंड के समीप पांकी-मेदिनीनगर मुख्य पथ को जाम कर धरना शुरू कर दिया, जिससे पिछले तीन घंटे से आवागमन पूरी तरह बाधित है।

ग्रामीणों का आरोप है कि गांव में जल जीवन मिशन के तहत लगाए गए जलमीनार और नल-जल योजनाएं शोपीस बनकर रह गई हैं। करोड़ों रुपये खर्च होने के बावजूद लोगों को एक बूंद पानी तक नसीब नहीं हो रहा है। आक्रोशित महिला-पुरुष बाल्टी और बर्तन लेकर सड़क पर बैठ गए हैं तथा प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी कर रहे हैं।

धरना का नेतृत्व कर रहीं मुखिया मंजू देवी ने कहा कि भीषण गर्मी में गांव के लोग पेयजल के लिए दर-दर भटकने को मजबूर हैं, लेकिन जिम्मेदार अधिकारी समस्या के समाधान के बजाय आंखें मूंदे हुए हैं।

बृजदेव सिंह, बीरेंद्र सिंह, सुजित सोनी, लक्ष्मण सिंह और गीता देवी समेत अन्य ग्रामीणों ने कहा कि



जलमीनार स्थापित कर लोगों को बेहतर पेयजल उपलब्ध कराने का दावा किया गया था, लेकिन आज तक किसी भी योजना से नियमित जलापूर्ति शुरू नहीं हो सकी। ग्रामीणों ने चेतावनी दी है कि जब तक पेयजल आपूर्ति बहाल करने का ठोस आश्वासन नहीं मिलता, तब तक आंदोलन जारी रहेगा। वहीं, जाम के कारण राहगीरों और यात्रियों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

## एमएलसी को हुई सजा

**मोतिहारी** । सड़क पर अधिवक्ता के साथ मारपीट कर जान जोखिम में डालने के मामले में प्रथम अवर मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी प्रसन्नजीत सिंह की अदालत ने पश्चिमी चंपारण जिले के मनुआपुल थाना क्षेत्र के जोकहां निवासी सहजानंद चौधरी के पुत्र सौरभ कुमार उर्फ सौरभ चौधरी को विभिन्न धाराओं में दोषी पाते हुए सोमवार को सजा सुनाई।न्यायालय ने स्पष्ट किया कि सभी सजाएं क्रमबद्ध रूप से चलेंगी। यानी एक सजा पूरी होने के बाद दूसरी सजा प्रभावी होगी। सजा सुनाए जाने के बाद सौरभ को जमानत मिल गई। यहां बता दें कि घटना के वक्त सौरभ विधान परिषद के सदस्य नहीं थे। घटना 2019 में हुई थी। सौरभ ने 2022 में विधान परिषद की सदस्यता ली है। अभियोजन के अनुसार नगर थानाक्षेत्र के अगरवा निवासी अधिवक्ता शम्सुर्रहमान खान ने सुगौली थाना में कांड संख्या 489/2019 दर्ज कराई थी। भारतीय न्याय संहिता की धारा 341 में एक महीने की सजा व पांच सौ जुमार्ना, 323 में छह महीने की सजा पांच सौ रुपये जुमार्ना, 279 में छह माह व एक हजार जुमार्ना, 504 में एक साल व पांच हजार का जुमार्ना व 506 में दो साल की सजा व दस हजार रुपये जुमार्ना की सजा सुनाई गई है।

# नरेंद्र मोदी के सबसे ज्यादा दिनों तक पीएम के रिकॉर्ड के अवसर पर प्रगति पथ यात्रा

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**बोकारो।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 12 साल पूरे होने और निर्वाचित प्रधानमंत्री के रूप में सबसे लंबे दिनों के कार्यकाल का रिकॉर्ड बनाने पर भाजपा 5 जून 21जून तक विभिन्न कार्यक्रम का आयोजन कर रही है।

इसी कड़ी में आज भाजपा चास मुफस्सिल और चास नगर उत्तरी की ओर से ह्यप्रगति पथ यात्राह्न का आयोजन किया गया, जिसमें बोकारो के पूर्व विधायक बिरंची नारायण भी शामिल हुए।

भाजपा चास मुफस्सिल अध्यक्ष हरीश चंद्र सिंह भाजपा चास नगर उत्तरी अध्यक्ष राजेश घोषाल भाजपा जिला उपाध्यक्ष संजय त्यागी,सुजीत चक्रवर्ती, पन्नालाल कांदु,अरविंद राय,स्वदेश ख्वास,मोहन गोराई,निमाई महथा, पप्पू चौरसिया,दीपक शर्मा,प्रकाश नायक,लालू मोदक भागवत प्रसाद,अखिलेश शर्मा, सत्यनारायण स्वर्णकार,मृत्युंजय ख्वास,राजा मुखर्जी,दुर्जन गोप, शांति गोप,रवि गोप,दुलाल गोप,शिबू गोराई,शिवनाथ गोप, दिलीप सिंह,लालू सिंह राजू रजवार,के डी सुपर,चंदन चक्रवर्ती, प्रदीप चक्रवर्ती, विनोद चक्रवर्ती यात्रा के दौरान भाजपा कार्यकर्ताओं ने नारे लगाए यात्रा में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को अब तक का सबसे सफल प्रधानमंत्री बताते हुए कहा कि ग्राम वासियों के वर्षो पुराना सपना को साकार करने के दिशा में मोदी सरकार कार्य कर रही हैं।

'प्रगतिपथ यात्रा' में शामिल बोकारो के पूर्व विधायक बिरंची नारायण ने वर्तमान केंद्र सरकार के 12 सालों की उपलब्धियों की चर्चा करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने वास्तव में सबका साथ-सबका विकास के कॉन्सेप्ट को धरातल पर उतारने का काम किया है। उसी के तहत चास स्टेशन का निर्माण कराया गया रेलवे ट्रैक की संख्या बढ़ाई गई और प्लेटफार्म को सुव्यवस्थित किया गया शीघ्र ही यात्री सुविधा बढ़ाने और सवारी गाड़ी के ठहराव हो इस दिशा में कार्ययोजना बन रही इसे शीघ्र धरातल उतरेगी।

यात्रा के दौरान भाजपा कार्यकर्ताओं ने केंद्र सरकार की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं और विकास कार्यों को जनता तक पहुंचाने का संदेश दिया है। कार्यक्रम के दौरान बोकारो के पूर्व विधायक बिरंची नारायण ने कहा कि केंद्र की मजबूत इच्छा शक्ति वाली सरकार और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कुशल नेतृत्व में देश, विकास के पथ पर आगे बढ़ा है, नक्सलवाद, आतंकवाद का सफाया हुआ है. राष्ट्रीयता की भावना के साथ देश को 2047 तक 'विकसित भारत' बनाने के संकल्प को गति मिली है।

# पंचायत समिति की निधि के दुरूपयोग की डीएम से शिकायत

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**जमुई।** प्रखंड में पंचायत समिति मद की राशि के उपयोग को लेकर विवाद गहरा गया है। प्रखंड उप प्रमुख धांती देवी ने जिलाधिकारी नवीन और जिला पंचायती राज पदाधिकारी बीरेंद्र कुमार को लिखित शिकायत देकर प्रखंड प्रमुख उर्मिला देवी पर पंचायत समिति निधि में अनियमितता एवं राशि के दुरुपयोग का आरोप लगाया है।

शिकायत में कहा गया है कि पंचायत समिति की सामान्य बैठक में प्रस्ताव पारित कराए बिना ही 27 यूनिट जिम स्थापना के नाम पर करीब 1.40 करोड़ रुपये की राशि की निकासी की गई।

आरोप लगाया गया है कि पंचायती राज विभाग के दिशा-निदेर्शों की अनदेखी कर योजनाओं का चयन किया गया तथा राशि का वितरण समानुपातिक विकास के सिद्धांत के अनुरूप नहीं हुआ।

उप प्रमुख का आरोप है कि प्रमुख के गृह पंचायत पेटारपहाड़ी में दो करोड़ रुपये से अधिक की योजनाएं संचालित की गईं, जबकि डढ़वा, बोंगी, पोझा, चौफला, रामसिंहडीह, नावाडीह, सिलफरी, घुटवे, सरौन और माधोपुर जैसी पंचायतों को अपेक्षित विकास राशि नहीं मिली।शिकायत में पंचायत समिति सदस्यों की ओर से यह भी आरोप लगाया गया है कि बैठक पंजी पर हस्ताक्षर कराने के बाद प्रस्तावों में फेरबदल किया गया और कुछ नए प्रस्ताव जोड़े गए। सदस्यों का कहना है कि जिन क्षेत्रों में योजनाओं की अधिक आवश्यकता थी, उन्हें नजरअंदाज कर प्रभाव के आधार पर राशि आवंटित की गई।

उप प्रमुख ने पेटारपहाड़ी पंचायत में पिछले सात वर्षों से पदस्थापित तकनीकी सहायक स्वीटी प्रिया की भूमिका पर भी सवाल उठाए हैं। शिकायत में आरोप लगाया गया है कि तालाब एवं आहर निर्माण की कुछ योजनाओं में अनियमितता हुई है तथा कई मामलों में राशि निकासी के बावजूद कार्य धरातल पर नहीं दिख रहा है।

वहीं, बोंगी पंचायत में पूर्ण हो चुकी कुछ योजनाओं का भुगतान अब तक लंबित बताया गया है। उप प्रमुख एवं पंचायत समिति सदस्यों ने मामले की उच्चस्तरीय जांच कराने, संदिग्ध अभिलेखों की समीक्षा करने तथा संबंधित तकनीकी सहायक के स्थानांतरण की मांग की है।

उनका कहना है कि विकास योजनाओं की राशि जनता की संपत्ति है और इसके उपयोग में पारदर्शिता सुनिश्चित होनी चाहिए।प्रखंड प्रमुख उर्मिला देवी ने सभी आरोपों को निराधार और राजनीति से प्रेरित बताया है। उन्होंने कहा कि पंचायत समिति मद से संचालित सभी योजनाएं विभागीय दिशा-निदेर्शों एवं नियमानुसार क्रियान्वित की गई हैं।

## फरार आरोपित गिरफ्तार

**एकमा।** एकमा थाना क्षेत्र के परसागढ़ बाजार में पूर्व से दर्ज शराब कांड में फरार चल रहे एक आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया।

## हटाया गया अतिक्रमण

कटिहार।शहर को अतिक्रमण मुक्त बनाने और आम नागरिकों को सुगम आवागमन की सुविधा उपलब्ध कराने के उद्देश्य से कटिहार नगर निगम की ओर से विशेष अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया गया। नगर निगम के अधिकारियों एवं कर्मियों की टीम ने विभिन्न प्रमुख सड़कों और सार्वजनिक स्थलों पर कार्रवाई करते हुए अवैध रूप से किए गए अतिक्रमण को हटाया।

अभियान के दौरान सड़क किनारे लगाए गए अस्थायी ढांचे, अवैध दुकानें एवं अन्य अवरोधों को हटाया गया। नगर निगम की टीम ने संबंधित लोगों को भविष्य में दोबारा अतिक्रमण नहीं करने की चेतावनी भी दी। अधिकारियों ने बताया कि अतिक्रमण के कारण यातायात व्यवस्था प्रभावित हो रही थी तथा आम लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा था। नगर निगम प्रशासन ने स्पष्ट किया कि शहर को स्वच्छ, सुंदर और व्यवस्थित बनाने के लिए अतिक्रमण के विरुद्ध अभियान लगातार जारी रहेगा। साथ ही नागरिकों से अपील की गई कि वे सार्वजनिक सड़कों, नालों एवं सरकारी भूमि पर किसी प्रकार का अतिक्रमण न करें।

# ट्रैफिक कम पावर ब्लॉक ने बदले ट्रेनों के रूट

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**धनबाद।** इस माह की अलग-अलग तिथियों में पुरी से आनंदविहार जाने वाली नीलांचल एक्सप्रेस तथा कोलकाता-ऋषिकेश स्पेशल परिवर्तित मार्ग से चलेंगी। उत्तर रेलवे के लखनऊ मंडल में नॉन-इंटरलॉकिंग एवं ट्रैफिक कम पावर ब्लॉक के मद्देनजर ट्रेनों के मार्ग में अस्थायी रूप से परिवर्तन किया जाएगा।23, 26, 28 व 30 जून को 12875 पुरी-आनंद विहार टर्मिनल नीलांचल एक्सप्रेस वाराणसी- जफराबाद- सुलतानपुर-लखनऊ होकर चलेगी। भदोही, प्रतापगढ़, अमेठी, गौरीगंज व रायबरेली में ठहराव नहीं होगा।

28 को चलने वाली 04311 कोलकाता-योग नगरी ऋषिकेश स्पेशल वाराणसी- सुलतानपुर व उतरेटिया होकर चलेगी। भदोही, प्रतापगढ़, रायबरेली में ठहराव नहीं होगा। आसलपुर, जोबनेर व सुलतानपुर में टस्थायी होगा।

26 जून को चलने वाली 04312 योग नगरी ऋषिकेश- कोलकाता स्पेशल उतरेटिया-सुलतानपुर व जफराबाद व वाराणसी होकर चलेगी रायबरेली, भदोही, प्रतापगढ़ में ठहराव नहीं होगा। सुलतानपुर, आसलपुर व जोबनेर में अस्थायी ठहराव होगा।

भागा-आद्रा व चंद्रपुरा-भोजूडीह मेमू रद, चक्रधरपुर-गोमो महुदा तक झारखंड से बंगाल जाने वाली कम दूरी की कई ट्रेनें इस सप्ताह एक बार प्रभावित रहेंगी। आठ ट्रेनें रद तो 10 ट्रेनें गंतव्य तक



नहीं जाएंगी। भागा से आद्रा के बीच चलने वाली मेमू 21 जून को नहीं चलेगी। वापसी में आद्रा से भागा के बीच भी रद रहेगी।चंद्रपुरा से महुदा होकर भोजूडीह तक जाने वाली मेमू 21 को रद रहेगी। वापसी में भोजूडीह से भी नहीं चलेगी। आद्रा-आसनसोल व आदा-मिदनापुर मेमू भी अलग-अलग दिनों में रद रहेंगी। इसके साथ ही चक्रधरपुर-गोमो मेमू 16, 19 व 21 जून को चक्रधरपुर से महुदा तक चलेगी। वापसी में भी इन तिथियों में महुदा से चक्रधरपुर के बीच ही चलेगी। महुदा से गोमो के बीच रद रहेगी।इसके अलावा आसनसोल-टाटा, आसनसोल-पुरुलिया, टाटा-आसनसोल-बाराभूम मेमू भी आद्रा तक चलेगी। दक्षिण पूर्व रेल के आद्रा रेल मंडल में विकास कार्यों के कारण ट्रेनें प्रभावित रहेंगी। पिछले कई माह से थोड़े-थोड़े दिनों के अंतराल में ट्रेनें प्रभावित होने से यात्री दुश्वारियां झेल रहे हैं।

## लापता जुड़वा भाई बरामद

**रांची।** धुर्वा स्थित शालीमार बाजार के पास से गत 14 दिनों से लापता 12 वर्षीय जुड़वा भाई करण-अर्जुन और हमउम्र शिवा (अर्जुन का दोस्त) के मामले में रांची पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। पुलिस ने पड़ोसी राज्य ओडिशा के पुरी से अर्जुन को सकुशल बरामद कर लिया है, लेकिन करण और शिवा भाग गए। दोनों की तलाश में पुलिस की तीन-चार टीमें जांच ऑपरेशन चला रही हैं।

अर्जुन भाई करण और दोस्त शिवा के साथ घर से निकला था। पुलिस सीसीटीवी फुटेज व अन्य साक्ष्यों की मदद से पुरी पहुंची, जहां अर्जुन का पता लगाया गया। पूछताछ में अर्जुन ने बताया कि समुद्र देखने के लिए घर से निकला था। तीनों बच्चे समुद्र तट और मंदिर क्षेत्र में घूमते रहे। जब पैसे खत्म हो गए तो मांगकर भोजन करते थे, जहां-तहां रात गुजारते थे।


**दक्षिण पूर्व रेलवे – निविदा**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से एवं उनके लिए, मंडल विद्युत अभियंता (सामान्य)/आद्रा द्वारा निम्नलिखित विवरण के अनुसार विद्युत कार्यों के लिए ई-निविदा आमंत्रित की जाती है: **क्रम सं., ई-निविदा सूचना सं. एवं कार्य का विवरण** निम्नानुसार हैं: **1. इलेक्ट-जी-एडीए-2026-05, दिनांक 12.06.2026,** आद्रा मंडल में 3 अदद लेवल क्रॉसिंग गेटों (केए-48, आरसी-2 एवं एमआर-35) के इंटरलॉकिंग के लिए विद्युत कार्य जहाँ टीयूवी 10000 से अधिक है। **निविदा मूल्य :** रु. 10,69,234/-, **2. इलेक्ट-जी-एडीए-2026-06, दिनांक 12.06.2026,** आद्रा मंडल में विद्युत (सामान्य) कार्यों के लिए 15 नामांकित अमृत भारत स्टेशनों पर सॉफ्ट अपग्रेडेशन के लिए विद्युत कार्य। **निविदा मूल्य :** रु. 2,06,58,616/-, **3. इलेक्ट-जी-एडीए-2026-07, दिनांक 12.06.2026,** आद्रा मंडल के लिए दक्षिण पूर्व रेलवे के तहत विभिन्न क्षमताओं के अति पुराने ट्रांसफॉर्मरों के प्रतिस्थापन द्वारा विद्युत सुरक्षा के सुधार के लिए विद्युत कार्य। **निविदा मूल्य :** रु. 13,83,293/-, **ई-निविदाओं की अंतिम तिथि और समय दिनांक 06.07.2026 को 12.00 बजे है और दिनांक 06.07.2026 को 12.30 बजे के बाद निविदाएँ खोली जाएंगी।** उक्त ई-निविदा के विवरण के लिए, कृपया वेबसाइट **www.ireps.gov.in** देखें। **(PR-325)**


# बारिश ने खोली व्यवस्था की पोल, लोग हुए परेशान

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रांची।** महज दो घंटे की तेज बारिश ने राजधानी रांची की सरकारी व्यवस्था की पोल खोलकर रख दी। शहर के कई प्रमुख मार्ग और निचले इलाके जलमग्न हो गए, जिससे लोगों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ा।

सेवा सदन रोड, हरमू करम चौक, करमटोली चौक, हरमू रोड, रातू रोड, पंडरा, पंचशील नगर, मौलाना आजाद कॉलोनी समेत कई क्षेत्रों में सड़कें पानी में डूब गईं। हालात ऐसे हो गए कि कई जगहों पर वाहन रेंगते नजर आए और लोगों को पैदल चलने में भी कठिनाई हुई।

सेवा सदन रोड के पास बारिश का पानी कमर तक भर गया। इस दौरान बारिश का पानी सेवा सदन हॉस्पिटल और लक्ष्मी नारायण मंदिर परिसर में भी प्रवेश कर गई। आम आदमी के साथ- साथ मरीजों के परिजनों को भी काफी परेशानियों का सामना करना पड़ा।

दवाई लाने और खाना पहुंचाने के लिए मरीज के परिजनों को डूब कर हॉस्पिटल तक जाना पड़ा। इस दौरान सेवा सदन की सड़क नदी में तब्दील हो गई।

बारिश के दौरान शहर की अधिकांश नालियां उफान पर नजर आईं और कई जगह नदी का रूप ले लिया। शहर में अधिकांश सड़कों पर नालियों का पानी सड़क पर बहता दिखाई पड़ा। नलियों से सड़क पर बहती बदबूदार पानी लोगों का सड़क पर चलना मुश्किल कर दिया। दूसरी ओर तालाबों और जलाशयों का जलस्तर भी तेजी से बढ़ गया।

स्थानीय लोगों का कहना है कि हर वर्ष मानसून से पहले जल निकासी व्यवस्था दुरुस्त करने के दावे किए जाते हैं, लेकिन पहली तेज बारिश में ही व्यवस्था धराशायी हो जाती है। बारिश और तेज हवाओं का असर बिजली आपूर्ति पर भी पड़ा। शहर के कई हिस्सों में तार टूटने, ट्रांसफार्मर का फ्यूज उड़ने और पेड़ गिरने की घटनाएं सामने आईं।

# स्कूल में इंडक्शन प्रोग्राम का आयोजन

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

बोकारो। मिथिला अकादमी पब्लिक स्कूल, बोकारो में आज कक्षा 11वीं में प्रवेश लेने वाले विद्यार्थियों, उनके अभिभावकों एवं अध्यापकों के लिए इंडक्शन प्रोग्राम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों को सीनियर सेक्शन के नए शैक्षणिक माहौल, अनुशासन एवं अवसरों से अवगत कराना था।



कार्यक्रम का शुभारंभ दीपप्रज्वलन के साथ हुआ। दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का उद्घाटन विद्यालय के अध्यक्ष राजेंद्र कुमार, सचिव दिलीप कुमार झा एवं सभी सीनियर शिक्षकों द्वारा संयुक्त रूप से किया गया।

अध्यक्ष राजेंद्र कुमार ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि ₹आप अपने जीवन के लिए जो लक्ष्य निर्धारित करते हैं, उसकी प्राप्ति के लिए आपको पूर्ण समर्पण, सजगता, कड़ी मेहनत और निरंतरता की आवश्यकता होगी। 11वीं कक्षा आपके भविष्य की आधारशिला है। यदि आज आप अनुशासित होकर पढ़ाई करेंगे, तो कल सफलता निश्चित रूप से आपके कदम चूमेगी। समय का सदुपयोग करें । विद्यालय प्रशासन और शिक्षकगण हर पल आपके साथ हैं।₹स्कूल आपको हर कदम पर मार्गदर्शन देगा।₹

सचिव दिलीप कुमार झा ने अभिभावकों से आग्रह किया कि वे बच्चों की पढ़ाई में सहयोग करें और विद्यालय प्रशासन के साथ समन्वय बनाए रखें। उन्होंने कहा कि ₹शिक्षक-अभिभावक-विद्यार्थी का त्रिकोण ही सफलता की कुंजी है। मेहनती छात्र किसी भी परिस्थिति में अपने लक्ष्य की प्राप्ति करते हैं। आज के दौर में मेहनत के अलावा दूसरा कोई अतिरिक्त उपाय नहीं है, बच्चों को पढ़ाई के लिए प्रेरित करें। यदि घर और स्कूल एक साथ चलेंगे, तो हरेक विद्यार्थी सफल होंगे और अपने जीवन के हरेक लक्ष्य को प्राप्त करेंगे। उन्होंने यह भी कहा कि विद्यालय हर विद्यार्थी पर व्यक्तिगत ध्यान दे रहा है उन्होंने सभी 11वीं के विद्यार्थियों को उज्वल भविष्य की शुभकामनाएँ दीं।

इस संबंधी प्रचार्य अमर प्रसाद एवं उप प्रचार्य देव दुलाल मित्रा ने बताया कि इस प्रोग्राम के तहत जहां विद्यार्थियों के अभिभावकों को जागरूक किया। वहीं विद्यार्थियों को लाइब्रेरी का अधिक से अधिक इस्तेमाल, खेल क्रियाओं, मेडिटेशन, प्रेरणादायक लेक्चर, करियर गाइडेंस व कई अन्य प्रकार की गतिविधियां के विषय से अवगत करवाई गई। इसका उद्देश्य विद्यार्थियों का समय का मित्र बनाना है । इस अवसर पर सभी सीनियर शिक्षकों ने नए विद्यार्थियों का स्वागत किया और उन्हें स्कूल की परम्पराओं, नियमों, प्रतियोगिताओं एवं भविष्य की संभावनाओं की जानकारी दी। कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने सांस्कृतिक प्रस्तुतियाँ भी दीं, जिसने माहौल को और उत्साहपूर्ण बना दिया।

कार्यक्रम के अंत में धन्यवाद ज्ञापन के साथ सभी उपस्थितजनों ने एक नई शैक्षणिक यात्रा की शुरूआत की।

## आत्मसमर्पण

**एकमा।** एकमा थाना क्षेत्र के परसा गढ़ बाजार में फरवरी माह में दर्ज कांड संख्या 57/26 के नामजद अभियुक्त मनीष पटेल ने पुलिस के बढ़ते दबाव के बीच छपरा न्यायालय में आत्मसमर्पण कर दिया। थाना अध्यक्ष रामबालक यादव ने बताया कि उक्त मामले में पुलिस ने पूर्व में छापेमारी कर अभियुक्त नीतीश पटेल को गिरफ्तार किया था।

# कृष्ण कल्याण परिषद का चुनाव सम्पन्न, प्रदीप यादव अध्यक्ष व मदन यादव बने सचिव

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**तेनुघाट।** सरहचिया पंचायत अंतर्गत कृष्ण मंदिर तेनुघाट 3 नम्बर में बेरमो अनुमंडल स्तरीय कृष्ण कल्याण परिषद का आम चुनाव सम्पन्न हुआ। 22 सदस्यों की कमेटी ने पूरे चुनाव प्रक्रिया को शांतिपूर्ण माहौल में सम्पन्न कराया। इस दौरान पीठासीन अधिकारी के रूप में बोकारो थर्मल डिग्री कॉलेज के प्राचार्य गुप्तेश्वर यादव एवं संयोजक के रूप में झरी लाल यादव तथा नकुल यादव मुख्य रूप से मौजूद थे। कृष्ण कल्याण परिषद के 124 सदस्यों ने अपने अपने मतों का प्रयोग किया। मतदान के पश्चात मतों की गिनती की गई। जिसमें प्रदीप कुमार यादव अध्यक्ष एवं मदन प्रसाद यादव सचिव पद पर निर्वाचित घोषित किए गए। वहीं कोषाध्यक्ष के पद पर एक बार फिर से धनेश्वर गोप निर्वाचित घोषित किए गए।

इस अवसर पर नवनिर्वाचित अध्यक्ष प्रदीप कुमार यादव ने कहा कि वे परिषद को नई ऊंचाइयों तक ले जाने और समाज के कल्याण हेतु निरंतर कार्य करने के लिए प्रतिबद्ध हैं।

उन्होंने कहा कि कृष्ण कल्याण परिषद समाज में आपसी भाईचारा, सामाजिक एकता और उसकी मजबूतीकरण के लिए लगातार कार्य करते रहेगी।



वहीं सचिव मदन प्रसाद यादव ने सभी सदस्यों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि नई कमेटी, पुराने कमेटी के साथ सामंजस्य बिठाकर कर सामाजिक हित से जुड़े कार्यो को और अधिक बेहतर एवं प्रभावी तरीके से से आगे बढ़ाएगी। इसके बाद उन्होंने संगठन को और मजबूत बनाने का संकल्प भी लिया।

मौके पर परिषद के वरिष्ठ सदस्य बालेश्वर गोप, सुरेंद्र प्रसाद यादव, पाचुलाल यादव, फुटूचनद यादव, देवनारायण यादव, भीम यादव, रूपलाल यादव, हेमलाल यादव, चंद्रिका यादव, कन्हैया यादव, बासुदेव यादव,नागेश्वर यादव, सुखलाल यादव, कारू यादव, देवेन्द्र यादव, घनश्याम यादव, गोपाल यादव, पप्पू यादव, संजय यादव, अशोक यादव सहित बड़ी संख्या में समाज के लोग उपस्थित थे।

# अभाविप जिला संयोजक बने रोशन

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**बोकारो।** कोडरमा में आयोजित चार दिवसीय प्रदेश अभ्यास वर्ग के दौरान अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद की संगठनात्मक घोषणा में पवन कुशवाहा को धनबाद विभाग संयोजक और रोशन जायसवाल को बोकारो जिला संयोजक का दायित्व सौंपा गया है। उनके विभाग संयोजक और जिला संयोजक मनोनीत होने पर परिषद कार्यकताओं एवं छात्र-छात्राओं में हर्ष का माहौल है।

पवन कुशवाहा और रोशन जायसवाल दोनों लंबे समय से विद्यार्थी परिषद के विभिन्न दायित्वों का सफलतापूर्वक निर्वहन करते हुए संगठन को मजबूती प्रदान करते रहे हैं। उनके संगठनात्मक अनुभव, नेतृत्व क्षमता एवं छात्र हितों के प्रति समर्पण को देखते हुए परिषद ने उन्हें यह महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी है।

नवनियुक्त विभाग संयोजक पवन कुशवाहा ने संगठन के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद ने जो जिम्मेदारी उन्हें सौंपी है, उसका निर्वहन वे पूरी निष्ठा, ईमानदारी और समर्पण भाव से करेंगे। उन्होंने कहा कि विद्यार्थी परिषद केवल एक छात्र संगठन नहीं, बल्कि राष्ट्र पुनर्निर्माण का एक सशक्त आंदोलन है। संगठन के विचारों और उद्देश्यों को अधिक से अधिक विद्यार्थियों तक पहुंचाने तथा छात्र-छात्राओं की समस्याओं के समाधान के लिए वे निरंतर कार्य करेंगे।

नवनियुक्त जिला संयोजक रोशन जायसवाल ने संगठन के शीर्ष नेतृत्व एवं कार्यकर्ताओं के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि उन्हें जो दायित्व सौंपा गया है, उसका वे पूर्ण निष्ठा एवं समर्पण के साथ निर्वहन करेंगे। उन्होंने कहा कि विद्यार्थी परिषद के मूल मंत्र ह्लज्ञान, शील और एकताह्व को लेकर वे जिले के प्रत्येक महाविद्यालय एवं छात्र-छात्राओं तक संगठन के विचार और कार्यों को पहुंचाने का प्रयास करेंगे।


**पूर्व रेलवे**

**निविदा सूचना संख्या: एसजी.टेंडर/डीएसटीई/एसडीएएच/620, दिनांक: 12.06.2026।** वरिष्ठ मंडल संकेत एवं दूरसंचार अभियंता, पूर्व रेलवे, सियालदह, डीआरएम बिल्डिंग, काइज़र स्ट्रीट, कोलकाता-700014 द्वारा निम्नलिखित कार्य के लिए ई-निविदा आमंत्रित की जाती है: **ई-निविदा संख्या: एसडीएसटीई/एसआईजी/टी/10/26-27/सीएपी। कार्य का नाम सहित उसका स्थान:** सियालदह मंडल में एक्सल काउंटर सिस्टम का मज़बूतीकरण तथा रिले रूम, लोकेशन बॉक्स आदि की पुनर्बहाली। **निविदा मूल्य:** ₹ 4,40,42,528.18। **निविदा दस्तावेज की कीमत:** शून्य। **जमा की जानेवाली बयाना राशि/बोली प्रतिभूति:** ₹ 8,80,900। **कार्य पूरा करने की अवधि:** 09 महीना। **निविदा जमा शुरू होने की तारीख:** 26.06.2026। **निविदा जमा बंद होने की तारीख:** 10.07.2026 को दोपहर 2.00 बजे तक। **निविदा बोली खुलने की तारीख:** 10.07.2026 को दोपहर 2.30 बजे। **विवरण जहाँ उपलब्ध है: www.ireps.gov.in। तकनीकी पात्रता की शर्तें:** निविदादाता को जिस महीने में निविदा आमंत्रित की गई है उसके ठीक पहले वाले महीने के अंतिम दिन को समाप्त विगत 07 (सात) वर्षों के दौरान कार्य (यों) की निम्नलिखित श्रेणियों में से कोई भी एक कार्य को सफलतापूर्वक पूरा किया हुआ होना अथवा काफी हद तक पूरा किया हुआ होना चाहिए: (i) समरूप प्रकृति के तीन कार्य, जिसमें से प्रत्येक की कीमत निविदा के विज्ञापित मूल्य के कम से कम 30% की राशि के समान हो अथवा (ii) समरूप प्रकृति के दो कार्य, जिसमें से प्रत्येक की कीमत निविदा के विज्ञापित मूल्य के कम से कम 40% की राशि के समान हो अथवा (iii) समरूप प्रकृति का एक कार्य, जिसकी कीमत निविदा के विज्ञापित मूल्य के कम से कम 60% की राशि के समान हो। **वित्तीय पात्रता की शर्तें:** निविदादाता के पास वी/एन अथवा 'वी', जो भी कम हो, का न्यूनतम औसतन वार्षिक ठेकागत कारोबार अवश्य होना चाहिए; जहाँ वी = निविदा का विज्ञापित मूल्य करोड़ रुपये में, एन = कार्य संपादन हेतु निर्धारित वर्षों की संख्या, जिसके लिए बोलियां आमंत्रित की गई हैं। औसत वार्षिक ठेकागत कारोबार की गणना लेखा-परीक्षित तुलन पत्र के अनुसार विगत तीन वित्तीय वर्षों में "कुल ठेकागत भुगतान" के औसत के रूप में की जाएगी। तथापि, पिछले वर्ष का तुलन पत्र अभी तक तैयार/लेखा-परीक्षित ना होने के मामले में, औसत वार्षिक ठेकागत कारोबार की गणना के लिए पिछले चौथे वर्ष के लेखा-परीक्षित तुलन पत्र पर विचार किया जायेगा। निविदादाता को लेखा-परीक्षित तुलन पत्र द्वारा यथोचित समर्थित सनदी लेखापाल से प्राप्त प्रमाणपत्र/सनदी लेखापाल द्वारा यथोचित प्रमाणित लेखा-परीक्षित तुलन पत्र की प्रतियों के साथ जीसीसी 2022 के अनुलग्नक-VIबी (इंस्टेंट निविदा दस्तावेज की प्रपत्र-6) के अनुसार आवश्यक जानकारियां अवश्य जमा करनी होंगी। **जमा किये जाने वाले अन्य दस्तावेज:** निविदा दस्तावेज में उल्लिखित अनुसार। **समरूप प्रकृति का कार्य:** डेटा लॉगर या आरटीयू की आपूर्ति, स्थापना और शुरुआत या ईआई या आरआरआई या पीआई या आईबीएस या आईबीएच या लेवल क्रॉसिंग गेट इंटरलॉकिंग या यार्ड संशोधन या यूएफएसबीआई या ट्रैक सर्किट (एएफटीसी या डीसी टीसी) या एक्सल काउंटर (एसएसडीएसी या एमएसडीएसी या एचए-एसएसडीएसी) या स्वचालित सिग्नलिंग से जुड़ा कोई भी सिग्नल इंटरलॉकिंग कार्य। **द्रष्टव्य:** निविदादाता को निविदा प्रस्ताव के साथ निविदा दस्तावेज में उल्लिखित अनुसार पात्रता की शर्तों को पूरा करने के उनके/उसके दावे के समर्थन में दस्तावेज अवश्य जमा करना होगा। निविदादाता द्वारा जमा किये जाने वाले अनुशंसा पत्र के समर्थन में दस्तावेजों/प्रमाणपत्रों की प्रतियों के प्रत्येक पृष्ठ पर निविदादाता या निविदा देने वाली फर्म के अधिकृत प्रतिनिधि द्वारा स्व-अभिप्रमाणन/डिजीटल रूप से हस्ताक्षर अवश्य हो ने चाहिए। स्व-सत्यापन में शामिल हैं हस्ताक्षर, मुहर एवं तारीख (प्रत्येक पृष्ठ पर)।

(SDAH-79/2026-27)

निविदा सूचना वेबसाइट: **www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in** पर भी उपलब्ध है

**हमें यहाँ देखें: @EasternRailway easternrailwayheadquarter**




# जर्मनी ने तोड़ा ब्राजील का विश्व रिकॉर्ड

## कुराकाओ को 7-1 से हराकर रच दिया इतिहास

**नई दिल्ली।** दुनिया की बेहतरीन टीमों में शुमार जर्मनी ने फीफा वर्ल्ड कप 2026 में अपनी शुरुआत धमाकेदार अंदाज में की और इस सीजन में डेब्यू करने वाली टीम कुराकाओ को 7-1 के बड़े अंतर से हरा दिया। इस जीत के साथ जर्मनी ने ना सिर्फ 3 अंक हासिल किए बल्कि फुटबॉल वर्ल्ड कप इतिहास में एक ऐसा रिकॉर्ड अपने नाम कर लिया जो पहले ब्राजील के नाम पर दर्ज था।

ग्रुप ई में हुए इस मुकाबले में जर्मनी की टीम शुरुआत से ही कुराकाओ पर पूरी तरह से हावी नजर आई और इस टीम ने वैसा ही खेल दिखाया जिसके लिए वो जाने जाते हैं। जर्मनी में किसी भी पल इस मैच में विरोधी टीम को जरा सा भी खुद पर हावी नहीं होने दिया और 7-1 के अंतर से उसे हराया और साल 2014 वर्ल्ड कप सेमीफाइनल की याद ताजा करवा दी जिस मुकाबले में जर्मनी ने ब्राजील को 7-1 से हराया था।

### जर्मनी को बड़े अंतर से मिली जीत

इस मैच में कुराकाओ के खिलाफ जर्मनी ने बेहद तेज अंदाज में शुरुआत की। छठे मिनट में फेलिक्स नेमेचा ने शानदार गोल दागकर टीम को बढ़त दिलाई। हालांकि 21वें मिनट में कुराकाओ ने बराबरी का गोल दागते हुए स्कोर को 1-1 से बराबर कर दिया। इसके बाद जर्मनी ने मैच पूरी तरह अपने कब्जे में ले लिया। 38वें मिनट में निको श्लॉटरबेक ने कॉर्नर पर शानदार हेडर लगाकर टीम को बढ़त वापस दिलाई। हाफ टाइम से ठीक पहले काई हैवर्ट्ज ने पेनल्टी को गोल में बदलकर स्कोर 3-1 कर दिया। दूसरे हाफ की शुरुआत के सिर्फ 69 सेकेंड बाद ही जमाल मुसियाला ने गोल दागकर मुकाबला लगभग समाप्त कर दिया। इसके बाद नाथानियल ब्राउन, डेनिज उंडाव और काई हैवर्ट्ज ने गोलों की बरसात जारी रखी और जर्मनी ने 7-1 के अंतर से मैच जीत लिया।

### वर्ल्ड कप इतिहास में में जर्मनी ने 239 गोल हो गए

कुराकाओ के खिलाफ 7 गोल दागने के साथ ही जर्मनी फीफा वर्ल्ड कप के इतिहास में सबसे ज्यादा गोल करने वाली टीम बन गई। जर्मनी के अब फुटबॉल वर्ल्ड कप में कुल 239 गोल हो गए जबकि ब्राजील 238 गोल के साथ दूसरे नंबर पर आ गया। वहीं फीफा वर्ल्ड कप में सबसे ज्यादा गोल करने के मामले में तीसरे नंबर पर अर्जेंटीना है जिसके 152 गोल हैं। यही नहीं ये चौथा मौका है जब जर्मनी ने किसी वर्ल्ड कप मैच में 7 या उससे ज्यादा गोल दागे हैं। इससे पहले यह रिकॉर्ड हंगरी के नाम था, जिसने तीन बार ऐसा कमाल किया था।

## आइवरी कोस्ट ने इक्वाडोर को 1-0 से हराया

### अमाद डियालो ने अंतिम क्षणों में किया गोल



**फिलाडेल्फिया।** मैनचेस्टर यूनाइटेड के विंगर अमाद डियालो के 90वें मिनट में किए गए गोल की मदद से आइवरी कोस्ट ने सोमवार को फिलाडेल्फिया स्टेडियम में फीफा वर्ल्ड कप 2026 के ग्रुप ई के रोमांचक मैच में इक्वाडोर को 1-0 से हराया। ऐसा लग रहा था कि मुकाबला गोलरहित ड्रॉ पर समाप्त होगा, लेकिन सब्स्टीट्यूट खिलाड़ी के तौर पर आए अमाद ने शानदार शॉट लगाते हुए आइवरी कोस्ट को 2014 के बाद विश्व कप में पहली जीत दिलाई। इस जीत से आइवरी कोस्ट ग्रुप ई में जर्मनी के बाद दूसरे स्थान पर पहुंच गया है। रविवार को कुराकाओ को 7-1 से हराने के बाद जर्मनी पहले स्थान पर है। मैच के पहले हाफ में इक्वाडोर ने कई अच्छे मौके बनाए। जॉन येबोआ का एक दमदार शॉट क्रॉसबार से टकरा गया और गोल नहीं हो सका। इसके कुछ ही समय बाद एलन मिंडा भी गोल करने के करीब पहुंचे, लेकिन उनका शॉट भी बार से टकराकर बाहर चला गया। इस तरह इक्वाडोर शुरुआती बढ़त हासिल करने का मौका गंवा बैठा।

दूसरी ओर, आइवरी कोस्ट ने भी कुछ खतरनाक हमले किए। यान डियोमांडे ने दाएं छोर से शानदार खेल दिखाया और लगातार विपक्षी डिफेंस पर दबाव बनाया। वहीं, बाजूमाना टूरे के एक तेज शॉट को इक्वाडोर के गोलकीपर हर्नान गैलिंडेज ने बेहतरीन बचाव करते हुए गोल में जाने से रोक दिया। इस मैच में यान डियोमांडे ने एक खास उपलब्धि भी हासिल की। 19 साल और 212 दिन की उम्र में वह आइवरी कोस्ट के लिए वर्ल्ड कप मैच खेलने वाले पहले किशोर खिलाड़ी बने।

# ऋचा घोष ने 200 के स्ट्राइक रेट से पारी खेली

### बड़ा कीर्तिमान बना, भारत का टी20 वर्ल्ड कप में तीसरा सर्वोच्च स्कोर

**नई दिल्ली।** टी20 वर्ल्ड कप 2026 में पाकिस्तान के खिलाफ रविवार (14 जून) को भारत ने 6 विकेट पर 170 रन बनाए। उप-कप्तान स्मृति मंधाना की अर्धशतकीय पारी के अलावा ऋचा घोष ने 200 के स्ट्राइक रेट से पारी खेलकर बड़े स्कोर तक पहुंचाया। ऋचा ने 17 गेंद पर 5 चौके और 1 छक्के की मदद से 34 रन बनाए। वह जब क्रीज पर आईं तब भारतीय टीम



की हालत खराब थी। उसने 14.2 ओवर में 110 रन पर 4 विकेट गंवा दिए। इस तूफानी बल्लेबाजी के कारण ऋचा घोष के नाम भारत के लिए टी20 वर्ल्ड कप में नंबर 6 या नीचे बल्लेबाजी करते हुए सर्वोच्च स्कोर हो गया। उनकी इस पारी के दम पर भारत ने टी20 वर्ल्ड कप में अपना तीसरा सर्वोच्च स्कोर बनाया। भारत ने 2018 न्यूजीलैंड के खिलाफ 5 विकेट पर 194 रन बनाए थे। यह उसका सर्वोच्च स्कोर है। उसने श्रीलंका के खिलाफ 2024 में 3 विकेट पर 172 रन बनाए। यह भारत का टी20 विश्व कप में पाकिस्तान के खिलाफ सर्वोच्च स्कोर भी है।

### विश्वकप में भारत का बड़े स्कोर

- 194/5 बनाम न्यूजीलैंड, प्रोविडेंस, 2018
- 172/3 बनाम श्रीलंका, दुबई, 2024
- 170/6 बनाम पाकिस्तान, बर्मिंघम, 2026
- 167/8 बनाम ऑस्ट्रेलिया, प्रोविडेंस, 2018
- 167/8 बनाम ऑस्ट्रेलिया, केपटाउन, 2023

## स्मृति ने खेली पाकिस्तान के खिलाफ T20 वर्ल्ड कप इतिहास की सबसे बड़ी पारी

### हरमनप्रीत-मिताली के बराबरी की



**नई दिल्ली।** भारतीय महिला क्रिकेट टीम ने महिला टी20 वर्ल्ड कप 2026 का आगाज शानदार तरीके से किया और अपने पहले ही लीग मैच में पाकिस्तान की टीम को 64 रन के बड़े अंतर से हरा दिया। भारत की इस जीत में स्मृति मंधाना की शानदार बल्लेबाजी और दिप्ती शर्मा की घातक गेंदबाजी का बड़ा योगदान रहा। स्मृति ने इस मैच में गजब की पारी खेली और वो पाकिस्तान के खिलाफ महिला टी20 वर्ल्ड कप में भारत की तरफ से सबसे बड़ी पारी खेलने वाली बैटर बन गईं जबकि दिप्ती शर्मा अब महिला टी20 वर्ल्ड कप इतिहास में भारत के लिए बेस्ट प्रदर्शन करने वाली बॉलर बन गईं।

**स्मृति ने खेली पाकिस्तान के खिलाफ सबसे बड़ी पारी-** स्मृति ने इस मुकाबले में पाकिस्तान के खिलाफ 44 गेंदों पर 2 छक्के और 9 चौकों की मदद से 68 रन की शानदार पारी खेली जिसके दम पर भारत ने 170 रन बनाए। स्मृति अब महिला टी20 वर्ल्ड कप में पाकिस्तान के खिलाफ भारत की तरफ से सबसे बड़ी पारी खेलने वाली महिला बैटर बन गईं। वहीं स्मृति महिला टी20 वर्ल्ड कप में भारत की तरफ से सबसे बड़ी पारी खेलने वाली ओवरऑल पांचवीं प्लेयर बन गईं। इस लिस्ट में पहले नंबर पर कप्तान हरमनप्रीत कौर हैं।

# भारत ने पाकिस्तान को 64 रनों से हराया

## महिला विश्व कप में दीप्ति ने 5 विकेट चटकाए




**नई दिल्ली।** महिला टी20 विश्व कप 2026 का छठे मैच में रविवार (14 जून) को भारत ने पाकिस्तान को 64 रनों से हरा दिया। बर्मिंघम में भारत ने टॉस




जीतकर पहले बल्लेबाजी का फैसला किया और 20 ओवर में 6 विकेट पर 170 रन बनाए। स्मृति मंधाना ने अर्धशतक जड़ा। ऋचा घोष ने अंत में तूफानी बल्लेबाजी की और स्कोर 170 तक पहुंचाया। हरमनप्रीत कौर ने भी रन बनाए, लेकिन वह संघर्ष करते दिखीं। पाकिस्तान ने 17 ओवर में 106 रन बनाए। दीप्ति शर्मा ने 5 विकेट झटके और वह महिला टी20 क्रिकेट में सबसे ज्यादा विकेट लेने वाली गेंदबाज बनीं। पाकिस्तान की शुरुआत अच्छी हुई थी। उसने पावरप्ले में बगैर विकेट के 38 रन बनाए। इसके बाद पारी पटरी से उतर गई। भारत के लिए स्मृति मंधाना ने 44 गेंद पर 68, हरमनप्रीत कौर ने 35 गेंद पर 36 और ऋचा घोष ने 17 गेंद पर 34 रन बनाए। श्रेयांका पाटिल 1 और दीप्ति शर्मा 12 रन बनाकर नाबाद रहीं। शैफाली वर्मा 6 रन बनाकर आउट हुई। पारी की पहली ही गेंद पर छक्का जड़ा। जेमिमा रोड्रिग्स और भारती फुलमाली ने 1-1 रन बनाए। बांग्लादेश के लिए सादिया इकबाल और फातिमा सना ने 2-2 विकेट लिए। तस्मिया रुबाब और रमीन शमीम ने 1-1 विकेट लिए।

पाकिस्तान के लिए गुल फिरोजा ने 12, मुनीबा अली ने 41, आयशा जफर ने 12, सायरा जाबिन ने 2, आलिया रियाज ने 18, नतालिया परवेज ने , फातिमा सना ने 0, रमीन शमीम ने 4, नशरा संधू ने 4, तस्मिया रुबाब ने 0 और सादिया इकबाल ने नाबाद 1 रन बनाए। भारत के लिए दीप्ति शर्मा ने 5 विकेट लिए। श्री चरणी ने 3 और शैफाली वर्मा ने 1 विकेट लिए।यास्तिका भाटिया की जगह भारती फुलमाली को मौका मिला। रेणुका सिंह ठाकुर को मौका नहीं मिला।

### बड़ी उपलब्धि

## महिला टी20 इंटरनेशनल में सर्वाधिक विकेट लेने वाली गेंदबाज बनी दीप्ति शर्मा

**नई दिल्ली।** भारतीय टीम ने महिला टी20 विश्व कप 2026 का आगाज धमाकेदार अंदाज में किया। बर्मिंघम के एजबेस्टन मैदान पर खेले गए मुकाबले में भारतीय टीम ने पाकिस्तान को 64 रनों से हराया। टीम की इस जीत की नायक दीप्ति शर्मा रहीं, जिन्होंने 4 ओवर के स्पेल में सिर्फ 10 रन देकर 5 विकेट निकाले। दीप्ति ने अपने इस स्पेल के साथ ही बड़ी उपलब्धि हासिल कर ली है। वह टी20 इंटरनेशनल क्रिकेट में सबसे ज्यादा विकेट लेने वाली गेंदबाज बन गई हैं। दीप्ति ने पाकिस्तान की बल्लेबाज नाशरा संधू का विकेट लेने के साथ ही यह मुकाम हासिल किया।

दीप्ति क्रिकेट के सबसे छोटे फॉर्मेट में अब तक खेले 145 मुकाबलों में 166 विकेट निकाल चुकी हैं। उन्होंने इस मामले में थाईलैंड की गेंदबाज थिपाचा पुत्थावोंग को पीछे छोड़ दिया है। थिपाचा ने टी20 इंटरनेशनल में खेले 105 मुकाबलों में 165 विकेट चटकाए हैं। दीप्ति ने महिला टी20 विश्व कप में भारत की ओर से सबसे बेहतरीन स्पेल फेंकने का रिकॉर्ड भी अपने नाम किया।

दीप्ति से पहले यह रिकॉर्ड रेणुका ठाकुर के नाम था, जिन्होंने साल 2023 में इंग्लैंड के खिलाफ 15 रन देकर 5 विकेट निकाले थे। इसके साथ ही दीप्ति इंटरनेशनल क्रिकेट में 350 विकेट पूरे करने वाली दूसरी गेंदबाज बनीं।

पाकिस्तान के खिलाफ 5 विकेट लेने के बाद दीप्ति अब इंटरनेशनल क्रिकेट में 354 विकेट अपने नाम कर चुकी हैं। इस लिस्ट में उनसे आगे सिर्फ भारत के पूर्व गेंदबाज झूलन गोस्वामी हैं, जिन्होंने 355 विकेट चटकाए हैं। मुकाबले में पहले बल्लेबाजी करते हुए भारतीय टीम ने 20 ओवर में 6 विकेट खोकर स्कोरबोर्ड पर 170 रन लगाए। टीम की ओर से स्मृति मंधाना ने बेहतरीन बल्लेबाजी करते हुए 44 गेंदों में 68 रनों की दमदार पारी खेली, जबकि कप्तान हरमनप्रीत कौर ने 36 रनों का योगदान दिया।

### 28 गेंद पर चाहिए थे 9 रन, फिर 5 रन पर गंवाए 4 विकेट

# बांग्लादेश के खिलाफ क्लीन स्वीप से बचा ऑस्ट्रेलिया

**नई दिल्ली।** बांग्लादेश को रविवार (14 जून) को 1 विकेट से हराकर ऑस्ट्रेलिया तीन वनडे मैचों की सीरीज में क्लीन स्वीप से बाल-बाल बच गया। ओपनर कूपर कोनोली ने शानदार शतक जड़ा। 275 रनों के लक्ष्य को आसान बना दिया, लेकिन ऑस्ट्रेलिया को 28 गेंद पर 9 रन चाहिए थे तब बांग्लादेश ने 5 रन पर 4 विकेट लेकर वापसी की।




ऑस्ट्रेलिया का छठा विकेट 45.2 ओवर में 266 रन पर गिरा। उसका स्कोर 48.3 ओवर में 9 विकेट पर 271 रन हो गया। ऑस्ट्रेलिया को आखिरी ओवर में 3 रन चाहिए थे। एडम जम्पा ने तीसरी गेंद पर चौका जड़कर मैच खत्म कर दिया। इस तरह से ऑस्ट्रेलिया 3 मैचों की सीरीज में क्लीन स्वीप से बचा। बांग्लादेश ने 2-1 से सीरीज अपने नाम किया।

**बांग्लादेश की पारी-** इससे पहले बांग्लादेश के लिए तौहिद ह्रदोय ने 83, लिटन दास ने 78 गेंद पर नाबाद 58 और मोसादेक हुसैन ने 51 गेंद पर नाबाद 56 रन बनाए। नजमुल हसन शान्तो ने 24, तंजिद हसन तमिमि ने 19, मेहदी हसन ने 3 और सौम्य सरकार ने 2 रन बनाए। ऑस्ट्रेलिया के लिए जेवियर बार्टलेट और मैट रेनशॉ ने 2-2 विकेट लिए।

### कूपर कोनोली ने ठोके 149 रन

ऑस्ट्रेलिया के लिए ओपनर कूपर कोनोली ने 134 गेंद पर 13 चौके और 6 छक्के की मदद से 149 रन बनाए। मार्नस लाबुशेन ने 29, कैमरन ग्रीन और ओलिवर पीक 27-27 रन बनाए। जोश इंग्लिस ने 21 रन बनाए। एलेक्स कैरी 8, बेन ड्वारशुईस 4 और जेवियर बार्टलेट बगैर खाता खोले आउट हुए। एडम जम्पा 4 और रिले मैरिडिथ 2 रन बनाकर नाबाद रहे। बांग्लदेश के लिए शोरिफुल इस्लाम ने 48 रन देकर 6 विकेट लिए। तस्किन अहमद, मुस्तफिजुर रहमान और मेहदी हसन ने 1-1 विकेट लिए।

### कूपर कोनोली ने बांग्लादेश के खिलाफ जड़ा शतक

# पोटिंग-स्मिथ के क्लब में शामिल



बांग्लादेश में 3 मैचों की वनडे सीरीज में ऑस्ट्रेलिया पर क्लीन स्वीप का खतरा मंडरा रहा है। इस बीच आखिरी वनडे में कूपर कोनोली ने संघर्ष दिखाया और शतक जड़ा और कंगारू टीम की क्लीन स्वीप से बचने की आस जगा दी।

बांग्लादेश ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 5 विकेट पर 274 रन बनाए। इसके जवाब में ऑस्ट्रेलिया ने सधी शुरुआत के बाद जल्दी-जल्दी 3 विकेट गंवा दिया। इस बीच कोनोली क्रीज पर डटे रहे और 87 गेंद पर शतक जड़ दिया। 22 साल के इस खिलाड़ी का वनडे क्रिकेट में पहला शतक है। कोनोली इस पारी में ऑस्ट्रेलिया के लिए वनडे में शतक लगाने वाले तीसरे सबसे युवा खिलाड़ी बन गए। ऑस्ट्रेलिया के लिए वनडे में बतौर सबसे युवा खिलाड़ी शतक जड़ने का रिकॉर्ड रिकी पोटिंग के नाम है। उन्होंने 1996 में 21 साल 21 दिन की उम्र में शतक लगाया था। 22 साल साल की उम्र तक उन्होंने 2 शतक जड़ दिए थे। इसके अलावा स्टीव बैरी स्मिथ के नाम भी 21 साल 118 दिन की उम्र में शतक जड़ दिया था। उन्होंने भी 22 साल साल की उम्र में 2 शतक जड़ दिए थे।

# विधायक ने लोगों की सुनीं समस्याएं

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**गिरिडीह।** गांडेय विधायक कल्पना सोरेन ने सोमवार को गिरिडीह परिसदन में जनता दरबार का आयोजन कर क्षेत्र के विभिन्न हिस्सों से आए लोगों की समस्याएं सुनीं। जनता दरबार में बड़ी संख्या में ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्र के लोग अपनी शिकायतों, समस्याओं और सुझावों को लेकर पहुंचे इस दौरान लोगों ने सड़क, बिजली, पेयजल, पेंशन, आवास सहित विभिन्न जनसुविधाओं से जुड़े मामलों को विधायक के समक्ष रखा। विधायक कल्पना सोरेन ने सभी समस्याओं को गंभीरता से सुनते हुए संबंधित विभागों के अधिकारियों को आवश्यक कार्रवाई करने का निर्देश देने तथा मामलों के त्वरित निष्पादन का आश्वासन दिया जनता दरबार को संबोधित करते हुए विधायक ने कहा कि जनता की समस्याओं का समाधान उनकी सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि क्षेत्र के समग्र विकास और आम लोगों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए वे लगातार प्रयास कर रही हैं। उन्होंने कहा कि जनता दरबार जैसे कार्यक्रमों के माध्यम से लोगों को अपनी समस्याएं सीधे जनप्रतिनिधि तक पहुंचाने का अवसर मिलता है, जिससे समस्याओं के समाधान की प्रक्रिया और अधिक प्रभावी बनती है।जनता दरबार में विभिन्न पंचायतों और गांवों से आए लोगों ने अपनी समस्याएं रखीं तथा विधायक से क्षेत्र के विकास से जुड़े मुद्दों पर चर्चा की।

# महिला हिंसा के मामलों पर सख्त कार्रवाई की मांग

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**गिरिडीह।** राष्ट्रीय लोक जनशक्ति पार्टी (रालोजपा) झारखंड के प्रदेश अध्यक्ष राजकुमार राज ने सोमवार को नई दिल्ली में विजया रहाटकर से शिष्टाचार मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने झारखंड में महिलाओं के खिलाफ बढ़ते अपराध, महिला सुरक्षा, उत्पीड़न और हिंसा से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर विस्तार से चर्चा की मुलाकात के दौरान राजकुमार राज ने झारखंड में महिलाओं के साथ हो रहे अत्याचार, घरेलू हिंसा, यौन उत्पीड़न और अन्य गंभीर अपराधों के मामलों पर चिंता व्यक्त की। उन्होंने कहा कि राज्य के विभिन्न हिस्सों से लगातार महिला उत्पीड़न की घटनाएं सामने आ रही हैं, जिन पर त्वरित कार्रवाई और पीड़ितों को समय पर न्याय मिलना आवश्यक है राजकुमार राज ने राष्ट्रीय महिला आयोग से झारखंड में घटित महिला हिंसा और उत्पीड़न के प्रमुख मामलों पर स्वतः संज्ञान लेने तथा आवश्यकतानुसार राज्य प्रशासन और पुलिस अधिकारियों से रिपोर्ट तलब करने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि महिलाओं की सुरक्षा और सम्मान सुनिश्चित करना लोकतांत्रिक व्यवस्था की मूल जिम्मेदारी है तथा इस दिशा में सभी संस्थाओं को संवेदनशीलता और गंभीरता के साथ कार्य करना चाहिए बैठक में महिला सशक्तिकरण, महिलाओं की शिक्षा, रोजगार के अवसर और सामाजिक भागीदारी बढ़ाने जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर भी चर्चा हुई। राजकुमार राज ने कहा कि महिलाओं को सुरक्षित वातावरण और समान अवसर उपलब्ध कराना समय की आवश्यकता है, ताकि वे समाज और राष्ट्र निर्माण में अपनी प्रभावी भूमिका निभा सकें। इस अवसर पर विजया रहाटकर ने महिला अधिकारों और सुरक्षा के प्रति आयोग की प्रतिबद्धता दोहराते हुए कहा कि महिलाओं के हितों की रक्षा और उन्हें न्याय दिलाने के लिए आयोग लगातार कार्य कर रहा है। उन्होंने महिला सुरक्षा से जुड़े मामलों में आवश्यक कदम उठाने का भरोसा भी दिलाया यह मुलाकात झारखंड में महिला सुरक्षा, महिला अधिकारों और सशक्तिकरण के मुद्दों को राष्ट्रीय स्तर पर मजबूती से उठाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल मानी जा रही है।

# कदाचार रहित शांतिपूर्ण माहौल में नीट (यूजी) परीक्षा का करें आयोजन

## राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी द्वारा जारी गाइडलाइन का सभी अक्षरशः करें पालन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बोकारो।** समाहरणालय सभागार में सोमवार को उपायुक्त अजय नाथ झा एवं पुलिस अधीक्षक नाथू सिंह मीना ने संयुक्त रूप से आगामी 21 जून को आयोजित होने वाले नीट (यूजी) पुनः परीक्षा 2026 की तैयारियों को लेकर बैठक की। मौके पर पुलिस अधीक्षक नाथू सिंह मीना, वरीय पदाधिकारी सह उप विकास आयुक्त शताब्दी मजूमदार, अपर समाहर्ता सुनील चन्द्र, प्रभारी पदाधिकारी डीपीआरओ मो. सफीक आलम, डीसीएलआर पूर्णिमा कुमारी, अनुमंडल पदाधिकारी चास प्रांजल ढ़ांडा, एएसपी चास, डीएलएओ अनुराधा कुमारी, अनुमंडल पदाधिकारी बेरमो मनोज कुमार, सीटी डीएसपी राजीव रंजन, नोडल पदाधिकारी सह डीईओ जगरनाथ लोहरा, सिटी



कार्डिनेटर सह केंद्रीय विद्यालय नंबर वन सेक्टर 04 बोकारो के प्राचार्य मनोज कुमार समेत सभी प्रतिनियुक्त वरीय पदाधिकारी, दंडाधिकारी, संबंधित बीडीओ - सीओ, केंद्राधीक्षक आदि उपस्थित थे। उपायुक्त ने अपने संबोधन में कहा कि नीट (यूजी) परीक्षा 2026 का संचालन कदाचार रहित एवं शांतिपूर्ण माहौल में संपन्न कराना जिला प्रशासन का दायित्व हैं और इसको लेकर वरीय पदाधिकारियों, दंडाधिकारियों, पुलिस पदाधिकारियों को जो दायित्व दिया गया है, उसका निर्वहन करेंगे, कहीं कोई चूक नहीं हो। परीक्षा केन्द्रों के प्रवेश द्वार पर प्रतिनियुक्त दंडाधिकारी परीक्षा के दिन केवल परीक्षार्थी, परीक्षा से जुड़े अधिकारियों, एनटीए अधिकारियों और डीएलसीसी सदस्यों को ही परीक्षा केंद्र में प्रवेश की अनुमति देंगें। उन्होंने परीक्षा को लेकर राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (एन.टी.ए) द्वारा जारी गाइडलाइन का अक्षरशः कड़ाई से अनुपालन संबंधित सभी पदाधिकारी-कर्मियों/केंद्राधीक्षकों को सुनिश्चित करने को कहा। परीक्षा केंद्रों में प्रवेश 21 जून को 11 बजे से शुरू हो जाएगा, जो अपराह्न 1.30 बजे तक जारी रहेगा। अपराह्न 1.30 बजे के बाद किसी भी परिस्थिति में परीक्षा केंद्रों में प्रवेश की अनुमति नहीं होगी। ऐसे में परीक्षार्थियों से अपील है कि वह भोजन करके ससमय केंद्र में प्रवेश करेंगे। परीक्षार्थी अपने साथ केवल परीक्षा का एडमिट कार्ड, पासपोर्ट साइज फोटो एवं कोई भी एक पहचान पत्र (आधार कार्ड, पैन कार्ड, ड्राइविंग लाइसेंस आदि) साथ लाएंगें। परीक्षार्थी अपने साथ लिखने के लिए कलम (पेन) भी नहीं लाएंगे। परीक्षा कक्ष में ही उन्हें एन.टी.ए. द्वारा उपलब्ध कलम (पेन) उपलब्ध कराया जाएगा। वहीं, पुलिस अधीक्षक नाथू सिंह मीना ने कहा कि सुरक्षा व्यवस्था के तहत सभी केंद्रों पर पर्याप्त संख्या में पुरुष एवं महिला पुलिस बल प्रतिनियुक्त किया गया है। एचएचएमडी (हैंड हेल्ड मेटल डिटेक्टर) के साथ परीक्षार्थियों की फिस्कींग के लिए भी अलग-अलग टीम तैनात रहेगी। प्रश्नपत्र ओएमआर सीट को परीक्षा केंद्र ले जाने में किसी भी तरह की कोई लापरवाही नहीं बरतेंगे। इसके अलावा कई अन्य बिंदुओं पर भी विचार-विमर्श कर जरूरी दिशा-निर्देश द्वय पदाधिकारियों ने दिया। मौके पर सिटी कार्डिनेटर सह केंद्रीय विद्यालय नंबर वन सेक्टर 04 बोकारो के प्राचार्य मनोज कुमार ने नीट (यूजी) परीक्षा से संबंधित गाइडलाइन/तैयारियों के संबंध में बिंदुवार पावर प्वाइंट प्रेजेंटेशन के माध्यम से सभी प्रतिनियुक्त वरीय पदाधिकारी, दंडाधिकारी, केंद्राधीक्षक, पुलिस पदाधिकारी को बताया। जानकारी हो कि, नीट परीक्षा को लेकर जिले में 08 परीक्षा केंद्र क्रमशः केंद्रीय विद्यालय नंबर वन सेक्टर फोर, श्री महावीर जी प्लस टू हाई स्कूल बिजुलिया, डिस्ट्रिक्ट रामरूद्रा सीएम एसओई चास बोकारो, सर्वोदय प्लस टू विद्यालय पिंड्राजोरा, प्लस टू हाई स्कूल पेटरवार, पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय नंबर 03, केंद्रीय विद्यालय सीटीपीएस चंद्रपुरा बोकारो, एवं अपग्रेडेड राजकीयकृत प्लस टू हाई स्कूल लकड़ाखंदा को बनाया गया है।

# दो बच्चों को बाल मजदूरी से कराया गया मुक्त

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**गिरिडीह।** बाल श्रम उन्मूलन के उद्देश्य से जिला प्रशासन के निर्देश पर सोमवार को श्रम विभाग, जिला बाल संरक्षण इकाई तथा जस्ट राइट्स फॉर चिल्ड्रेन के सहयोगी संगठन बनवासी विकास आश्रम के संयुक्त तत्वावधान में विशेष अभियान चलाया गया। यह अभियान बरवाडीह से कोलडीहा क्षेत्र तक संचालित किया गया, जिसमें दो बच्चों को बाल मजदूरी से मुक्त कराया गया। अभियान के दौरान पूर्व चिन्हित प्रतिष्ठानों की जांच की गई। टीम ने बरवाडीह स्थित सितारा बेकरी तथा कोलडीहा स्थित मन्नत ऑटो पार्ट्स से कार्यरत दो बच्चों को मुक्त कराया। इसके साथ ही विभिन्न दुकानों, प्रतिष्ठानों एवं कार्यस्थलों का निरीक्षण कर बाल श्रम निषेध कानूनों की जानकारी दी गई और लोगों से बच्चों को मजदूरी में नहीं लगाने की अपील की गई। अभियान का मुख्य उद्देश्य बाल श्रम की रोकथाम, बच्चों के अधिकारों की सुरक्षा तथा उन्हें शिक्षा की मुख्यधारा से जोड़ना था। अधिकारियों ने कहा कि बच्चों का स्थान स्कूल में है, न कि कार्यस्थलों पर। अभियान में श्रम प्रवर्तन पदाधिकारी राजेश कुमार एवं विक्रम कुमार, जिला बाल संरक्षण इकाई के रविंद्र कुमार सिन्हा, बाल कल्याण समिति के योगेंद्र कुमार एवं शैलेंद्र कुमारी, मुफ्फसिल थाना के प्रभारी तथा बनवासी विकास आश्रम एवं जस्ट राइट्स फॉर चिल्ड्रेन के सामुदायिक कार्यकर्ता रूपा कुमारी, उत्तम कुमार और नीरज मुर्मू सहित अन्य लोग शामिल थे श्रम प्रवर्तन पदाधिकारी राजेश कुमार ने कहा कि बाल श्रम एक सामाजिक अपराध है और इसके उन्मूलन के लिए प्रशासन, सामाजिक संस्थाओं तथा आम नागरिकों की संयुक्त भागीदारी आवश्यक है। उन्होंने कहा कि भविष्य में भी ऐसे अभियान लगातार चलाए जाएंगे।

# विशेष समकालीन अभियान के तहत 23 फरार वारंटियों को किया गया गिरफ्तार

## 31 टीमों का किया गया था गठन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**हजारीबाग।** पुलिस अधीक्षक हजारीबाग के निर्देश पर 12/13 जून 2026 की रात्रि जिले भर में विशेष समकालीन एवं छापेमारी अभियान चलाया गया। अभियान का उद्देश्य विभिन्न मामलों में फरार चल रहे अपराधियों, वारंटियों एवं वांछित अभियुक्तों की गिरफ्तारी सुनिश्चित करना था। हजारीबाग जिले के सभी पुलिस उपाधीक्षकों एवं पुलिस निरीक्षकों के नेतृत्व में चलाए गए इस अभियान में कुल 31 टीमों का गठन किया गया। इन टीमों में लगभग 123 पुलिस पदाधिकारी एवं पुलिसकर्मियों को शामिल किया गया था। अभियान के दौरान गठित टीमों ने जिले के विभिन्न क्षेत्रों में वांछित अपराधियों के 73 संभावित ठिकानों पर छापेमारी की। व्यापक कार्रवाई के दौरान कुल 23 अपराधियों एवं वारंटियों को गिरफ्तार करने में पुलिस को सफलता मिली।

पुलिस अधीक्षक ने बताया कि जिले में अपराध नियंत्रण एवं कानून-व्यवस्था को सुदृढ़ बनाए रखने के लिए इस प्रकार के विशेष अभियान आगे भी लगातार जारी रहेंगे। उन्होंने आम जनता से भी अपील की कि यदि उनके क्षेत्र में कोई अपराधी या वारंटी गिरफ्तारी के भय से छिपकर रह रहा हो, तो इसकी सूचना तत्काल नजदीकी थाना को दें। सूचना प्राप्त होने पर उसका सत्यापन कर आवश्यक कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

हजारीबाग पुलिस ने स्पष्ट किया है कि अपराधियों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई जारी रहेगी तथा कानून का उल्लंघन करने वालों को किसी भी स्थिति में बख्शा नहीं जाएगा।

# चन्द्रगुप्ता कोल परियोजना में रैयतों का उग्र विरोध

## ट्रकों को खदेड़ा, सड़क काटकर जताया आक्रोश

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**केरेडारी/हजारीबाग।** सीसीएल की चन्द्रगुप्ता कोल परियोजना में स्थानीय रैयतों ने कोयला परिवहन को लेकर जोरदार विरोध प्रदर्शन किया है। रैयतों का आरोप है कि उनकी सहमति और लंबित मांगों के समाधान के बिना कोयला ट्रांसपोर्टिंग शुरू करने की कोशिश की जा रही थी, जिसके विरोध में उन्होंने लोडिंग स्थल पर पहुंचकर ट्रकों को वापस लौटा दिया। प्रदर्शन कर रहे ग्रामीणों का कहना है कि



परियोजना प्रबंधन द्वारा स्थानीय रैयतों और प्रभावित परिवारों से उचित वार्ता किए बिना कोयला डिस्पैच की प्रक्रिया आगे बढ़ाई जा रही है। इससे क्षेत्र के लोगों में नाराजगी बढ़ गई है। विरोध के दौरान रैयतों ने स्पष्ट चेतावनी दी कि जब तक उनकी मांगों पर सकारात्मक पहल नहीं होती, तब तक किसी भी प्रकार का कोयला डिस्पैच नहीं होने दिया जाएगा। स्थिति उस समय और तनावपूर्ण हो गई जब प्रदर्शनकारियों ने कथित तौर पर जेसीबी मशीन की मदद से सड़क को काटकर आवागमन बाधित कर दिया। रैयतों का कहना है कि यह कदम उनकी अनदेखी के खिलाफ मजबूरी में उठाया गया है ताकि प्रबंधन उनकी बात सुने और वार्ता के लिए आगे आए। स्थानीय ग्रामीणों का आरोप है कि परियोजना से प्रभावित लोगों की रोजगार, मुआवजा, पुनर्वास तथा अन्य स्थानीय मुद्दों से जुड़ी मांगें लंबे समय से लंबित हैं। उनका कहना है कि कई बार प्रशासन और प्रबंधन को समस्याओं से अवगत कराया गया, लेकिन अपेक्षित कार्रवाई नहीं हुई। प्रदर्शनकारी रैयतों ने दो टूक कहा है कि जब तक प्रबंधन और प्रशासन के साथ औपचारिक वार्ता नहीं होती तथा मांगों पर ठोस आश्वासन नहीं मिलता, तब तक कोयला परिवहन और डिस्पैच कार्य का विरोध जारी रहेगा। घटना की सूचना मिलने के बाद क्षेत्र में स्थिति पर नजर रखी जा रही है। हालांकि, समाचार लिखे जाने तक प्रबंधन की ओर से इस मामले पर कोई आधिकारिक प्रतिक्रिया सामने नहीं आई थी। चन्द्रगुप्ता परियोजना में उत्पन्न यह गतिरोध एक बार फिर स्थानीय रैयतों और परियोजना प्रबंधन के बीच संवाद की आवश्यकता को रेखांकित कर रहा है। अब देखना होगा कि प्रशासन और प्रबंधन इस विवाद के समाधान के लिए क्या कदम उठाते हैं।

# भारत किसी को छेड़ता नहीं, अगर कोई छेड़ता है, तो उसे छोड़ता नहीं : नवीन जायसवाल

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**हजारीबाग।** भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 12 वर्षों के शासनकाल पूरे होने, साथ ही सबसे लंबे समय तक लगातार भारत में शासन करने का रिकॉर्ड बनाने के उपरांत, हजारीबाग में प्रेस वार्ता का आयोजन किया गया। प्रेस वार्ता में बतौर मुख्य अतिथि विधानसभा में भाजपा के मुख्य सचेतक, हटिया विधानसभा के विधायक, नवीन जायसवाल जी उपस्थित हुए। प्रेस वार्ता की अध्यक्षता भाजपा जिला अध्यक्ष विवेकानंद द्वारा की गई। विशिष्ट अतिथि के रूप में हजारीबाग, सदर विधायक प्रदीप प्रसाद भी उपस्थित थे। श्री जायसवाल ने कहा कि प्रधानमंत्री



नरेंद्र मोदी ने अपने कार्यकाल के ऐतिहासिक 12 वर्ष पूरे कर लिए हैं। इन वर्षों में भारत ने बुनियादी ढांचे, डिजिटल क्रांति और वैश्विक कूटनीति के मामले में एक अभूतपूर्व परिवर्तन देखा गया। राजीव गांधी के शासनकाल में वे खुद कहा करते थे, कि केंद्र से100 भेजा जाता है तो लाभुक के बीच मात्र 15 ही जा पाता, आज मोदी सरकार की डिजिटल क्रांति की देन है कि 100 के 100 लाभुक के खातों में भेजी जा रही है। शासन के इस सफर ने देश को एक नए मुकाम पर पहुंचा है। भारत में डिजिटल पेमेंट और युपीआई तकनीक ने विश्व स्तर पर एक मिसाल कायम की है। 12 वर्षों के दौरान भारत दुनिया की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था के रूप में उभरा है। सब्सिडी और सरकारी सहायता का पैसा सीधे लाभार्थियों की बैंक खातों में जमा करके, भ्रष्टाचार को कम किया गया है। देश के करोड़ों जरूरतमंद परिवारों को मुफ्त इलाज की सुविधा दी है। आयुष्मान भारत योजना के तहत 55 करोड़ से अधिक लाभार्थियों को प्रतिवर्ष 5 लख रुपए का मुफ्त इलाज कराया गया। ऐतिहासिक निर्णय और कूटनीति के क्षेत्र में जम्मू कश्मीर से अनुच्छेद 370 को निरस्त किया गया। आगे उन्होंने यह भी कहा कि भारत किसी को छेड़ता नहीं है, अगर भारत को कोई छेड़ता है, तो उसे भारत छोड़ना भी नहीं।

# जिले के सभी प्रखंडों में दो दिवसीय सहयोग शिविर का आयोजन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बेगूसराय।** केंद्र एवं राज्य सरकार की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ समाज के अंतिम पायदान पर खड़े पात्र व्यक्तियों तक सुनिश्चित रूप से पहुंचाने के उद्देश्य से जिला प्रशासन द्वारा 17 एवं 18 जून को जिले के सभी प्रखंडों में दो दिवसीय प्रखंड सहयोग सह जनकल्याण शिविर का आयोजन किया जाएगा। जिला पदाधिकारी श्रीकांत शास्त्री ने इस संबंध में सभी प्रखंड विकास पदाधिकारियों एवं संबंधित विभागीय अधिकारियों को आवश्यक निर्देश जारी करते हुए शिविर के सफल संचालन एवं व्यापक जनसहभागिता सुनिश्चित करने का निर्देश दिया है। इस विशेष शिविर के माध्यम से केंद्र एवं राज्य सरकार की विभिन्न लाभार्थीपरक योजनाओं से संबंधित नए आवेदन, निबंधन, सत्यापन, ई-केवाईसी तथा अन्य लंबित मामलों का त्वरित निष्पादन किया जाएगा। साथ ही पात्र लाभार्थियों को योजनाओं का लाभ उपलब्ध कराने की दिशा में आवश्यक कार्रवाई भी की जाएगी। शिविर में आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना, आयुष्मान वय वंदना योजना, सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजनाएं, प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण), लखपति दीदी योजना, प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना, पीएम स्वनिधि, किसान क्रेडिट कार्ड, प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि, मुख्यमंत्री कन्या उत्थान योजना, विभिन्न छात्रवृत्ति योजनाएं, मुख्यमंत्री उद्यमी योजना, मुख्यमंत्री ग्राम परिवहन योजना, दिव्यांगजन कल्याण योजनाएं, मुख्यमंत्री स्वयं सहायता भत्ता योजना तथा बिहार भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण बोर्ड से संबंधित योजनाओं का लाभ उपलब्ध कराया जाएगा। जिला प्रशासन द्वारा शिविर में आने वाले नागरिकों की सुविधा के लिए विशेष व्यवस्था की गई है। प्रत्येक योजना के लिए अलग-अलग काउंटर स्थापित किए जाएंगे तथा संबंधित विभागों के नोडल पदाधिकारी एवं प्रखंड स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहेंगे। आमजन को आवश्यक मार्गदर्शन उपलब्ध कराने हेतु हेल्प डेस्क की स्थापना की जाएगी, जहां प्रशिक्षित कर्मी एवं स्वयंसेवक आवेदन प्रपत्र भरने तथा संबंधित काउंटर तक पहुंचने में सहायता करेंगे। शिविर स्थल पर स्वास्थ्य विभाग द्वारा मेडिकल स्टॉल भी स्थापित किए जाएंगे, जहां लोगों की निःशुल्क प्राथमिक स्वास्थ्य जांच, रक्तचाप एवं ब्लड शुगर की जांच के साथ आवश्यक स्वास्थ्य परामर्श प्रदान किया जाएगा। जिला पदाधिकारी ने बताया कि शिविर की सतत निगरानी जिला स्तर के वरीय अधिकारियों द्वारा की जाएगी। दोनों दिनों में विभिन्न प्रखंडों का भ्रमण कर शिविरों का निरीक्षण किया जाएगा।

# विधायक कल्पना सोरेन ने किया कई परियोजनाओं का शिलान्यास

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**गिरिडीह।** गांडेय विधानसभा क्षेत्र में शिक्षा, आधारभूत संरचना, कौशल विकास और आजीविका सशक्तिकरण को बढ़ावा देने के उद्देश्य से सोमवार को विधायक कल्पना मुर्मू सोरेन ने विभिन्न विकासात्मक योजनाओं का शिलान्यास किया। इस दौरान उपायुक्त रामनिवास यादव, पुलिस अधीक्षक डॉ बिमल कुमार सहित कई प्रशासनिक अधिकारी मौजूद रहे कार्यक्रम की शुरुआत ताराटांड़ उच्च विद्यालय के निरीक्षण से हुई। विधायक ने विद्यालय की शैक्षणिक एवं आधारभूत सुविधाओं का जायजा लिया और छात्र-छात्राओं से संवाद करते हुए उन्हें शिक्षा, अनुशासन और लक्ष्य के प्रति समर्पण का संदेश दिया। उन्होंने कहा कि गुणवत्तापूर्ण शिक्षा ही बच्चों के उज्ज्वल भविष्य की मजबूत नींव है। इस अवसर पर झारखंड राज्य खो-खो संघ द्वारा



आयोजित 19वीं जूनियर स्टेट लेवल गर्ल्स खो-खो चैंपियनशिप में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली छात्राओं और खिलाड़ियों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया इसके बाद पथ निर्माण विभाग की लगभग 55 करोड़ रुपये की लागत वाली बड़कीटांड़ गिरनिया मोड़ सड़क परियोजना का भूमि पूजन एवं शिलान्यास किया गया। वहीं गांडेय प्रखंड स्थित जिला परिषद निरीक्षण भवन परिसर में गांडेय दस्तकार यूनिट का भी शिलान्यास किया गया। इस परियोजना से स्थानीय कारीगरों, महिला समूहों और युवाओं को रोजगार एवं स्वरोजगार के नए अवसर उपलब्ध होंगे तथा पारंपरिक हस्तशिल्प को बढ़ावा मिलेगा। इसके अलावा बेंगाबाद प्रखंड के कर्णपुरा पंचायत निवासी किसान खुर्शीद हादी के कृषि फार्म का भी निरीक्षण किया गया। विधायक ने आधुनिक कृषि तकनीकों और कृषि नवाचारों की सराहना करते हुए किसानों को सरकारी योजनाओं का लाभ लेने और कृषि को अधिक लाभकारी बनाने के लिए प्रेरित किया।

# 21 को शिबू सोरेन स्मृति भवन में आयोजित होगा योग दिवस पर कार्यक्रम

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बोकारो।** आगामी 21 जून को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर जिला प्रशासन द्वारा कैंप टू स्थित शिबू सोरेन स्मृति भवन सभागार (टाउन हॉल), बोकारो में जिला स्तरीय योग दिवस कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रातः 6:00 बजे होगा, जिसमें जिला स्तरीय पदाधिकारी-कर्मी, आमजन एवं विभिन्न संस्थानों के प्रतिनिधि भाग लेंगे। कार्यक्रम की सफल तैयारी एवं समुचित व्यवस्थाओं को लेकर सोमवार को समाहरणालय स्थित कार्यालय कक्ष में उपायुक्त (डीसी) अजय नाथ झा की अध्यक्षता में समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में उपायुक्त ने संबंधित विभागों के अधिकारियों को सभी आवश्यक तैयारियां समयबद्ध तरीके से पूर्ण करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि योग दिवस केवल एक दिवस का आयोजन नहीं, बल्कि स्वस्थ जीवनशैली एवं जन-जागरूकता का महत्वपूर्ण माध्यम है। इसलिए कार्यक्रम को व्यापक जनभागीदारी के साथ सफल बनाया जाए। बैठक में कार्यक्रम स्थल पर बैठने, पेयजल, चिकित्सा सहायता, स्वच्छता, सुरक्षा, ध्वनि व्यवस्था एवं अन्य आवश्यक सुविधाओं की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। साथ ही, विभिन्न योग संस्थानों एवं प्रशिक्षकों की सहभागिता सुनिश्चित करने पर भी बल दिया गया। उपायुक्त ने बताया कि योग के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान एवं बेहतर प्रदर्शन करने वाले योग प्रशिक्षकों को कार्यक्रम के दौरान सम्मानित भी किया जाएगा, ताकि समाज में योग के प्रति जागरूकता और प्रोत्साहन को बढ़ावा मिल सके। बैठक में पुलिस अधीक्षक (एसपी) नाथू सिंह मीना, उप विकास आयुक्त (डीडीसी) शताब्दी मजूमदार आदि उपस्थित थे।

# दिव्यांगों के बीच स्कूटी का वितरण

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**झरिया।** झरिया कोयलांचल के प्रख्यात मजदूर नेता, पूर्व विधायक और श्रमिक हितों की बुलंद आवाज रहे स्वर्गीय सूर्यदेव सिंह की 35वीं पुण्यतिथि सोमवार को श्रद्धा, सम्मान और जनसेवा के संकल्प के साथ मनाई गई। इस अवसर पर झरिया क्षेत्र 'वीर सूर्यदेव सिंह अमर रहें' के नारों से गूंज उठा। कतरास मोड़ चौक स्थित उनकी प्रतिमा पर श्रद्धांजलि अर्पित करने के लिए सुबह से ही हजारों लोगों का जनसैलाब उमड़ पड़ा। भीषण गर्मी और तेज धूप के बावजूद श्रद्धांजलि कार्यक्रम में शामिल होने वालों का उत्साह देखते ही बन रहा था। झारखंड के विभिन्न जिलों के अलावा उत्तर प्रदेश, बिहार और पश्चिम बंगाल से पहुंचे मजदूरों, समर्थकों और शुभचिंतकों ने अपने प्रिय नेता को श्रद्धासुमन अर्पित किए। पूरे दिन श्रद्धांजलि देने वालों का तांता लगा रहा। कार्यक्रम की खास बात यह रही कि लंबे समय



बाद विभिन्न राजनीतिक दलों के नेता, सामाजिक कार्यकर्ता, बुद्धिजीवी और संगठन से जुड़े लोग बड़ी संख्या में श्रद्धांजलि सभा में शामिल हुए। इस दौरान सूर्यदेव सिंह के परिवार के सभी सदस्य उपस्थित रहे और उनके संघर्षपूर्ण जीवन तथा श्रमिकों के लिए किए गए योगदान को याद किया गया। कार्यक्रम में धनबाद के मेयर संजीव सिंह, झरिया विधायक रागिनी सिंह, सारठ के पूर्व विधायक रणधीर सिंह सहित हजारों समर्थक मौजूद रहे। वक्ताओं ने कहा कि वर्ष 1991 में सूर्यदेव सिंह के निधन के तीन दशक से अधिक समय बीत जाने के बावजूद उनकी लोकप्रियता और मजदूरों के बीच उनकी पहचान आज भी बरकरार है। पुण्यतिथि समारोह को केवल श्रद्धांजलि तक सीमित नहीं रखा गया बल्कि इसे जनसेवा से भी जोड़ा गया। झरिया विधायक रागिनी सिंह ने अपने विधायक मद से एक दर्जन दिव्यांगजनों के बीच स्कूटी का वितरण किया। लाभुकों ने इस पहल को अपने जीवन के लिए महत्वपूर्ण बताते हुए आभार व्यक्त किया।

# राजस्व व भू-संबंधित मामलों के त्वरित निष्पादन पर उपायुक्त का जोर

**राजस्व संग्रहण में सुधार, लंबित मामलों के शीघ्र निस्तारण एवं जनहित से जुड़े भूमि मामलों को प्राथमिकता देने का निर्देश**





**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** समाहरणालय सभागार कक्ष में सोमवार को उपायुक्त अजय नाथ झा ने राजस्व संग्रहण एवं भू-संबंधित मामलों की समीक्षा बैठक की। बैठक में विभिन्न विभागों की राजस्व प्राप्ति, लंबित मामलों की स्थिति तथा भूमि एवं आधारभूत संरचना से जुड़े विषयों की विस्तार से समीक्षा की गई। समीक्षा के दौरान उपायुक्त ने कहा कि राजस्व संग्रहण शासन की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी है। सभी विभाग निर्धारित लक्ष्य के अनुरूप कार्य करते हुए संग्रहण में वृद्धि सुनिश्चित करें तथा लंबित मामलों के निष्पादन में तेजी लाएं।

**कम प्रदर्शन करने वाले विभागों को सुधार के निर्देश**

बैठक में वाणिज्य कर बोकारो एवं बेरमो, जिला खनन विभाग, उत्पाद विभाग, जिला परिवहन कार्यालय, मोटरयान निरीक्षक कार्यालय, बाजार समिति चास एवं बेरमो, मापतौल विभाग, नगर निगम चास तथा नगर परिषद फुसरो के कार्यों की समीक्षा की गई। इस दौरान अपेक्षित प्रगति नहीं दिखाने वाले विभागों को कार्यप्रणाली में सुधार लाने तथा विशेष रणनीति बनाकर राजस्व संग्रहण बढ़ाने का निर्देश दिया गया।

**भूमि मामलों के निष्पादन हेतु शिविर आधारित कार्ययोजना बनेगी**

उपायुक्त ने भूमि संबंधी मामलों के त्वरित निष्पादन के लिए अंचल स्तर पर विशेष शिविर आयोजित करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि इसके लिए पूर्व निर्धारित कैलेंडर तैयार कर लंबित मामलों का समयबद्ध निष्पादन सुनिश्चित किया जाए, ताकि आम लोगों को अनावश्यक परेशानी का सामना नहीं करना पड़े।

**दाखिल-खारिज एवं म्यूटेशन अपील मामलों में तेजी लाने पर बल**

बैठक में लंबित दाखिल-खारिज मामलों की समीक्षा करते हुए उपायुक्त ने सभी संबंधित अधिकारियों को निष्पादन की गति बढ़ाने का निर्देश दिया। वहीं, डीसीएलआर स्तर पर लंबित म्यूटेशन अपील मामलों की समीक्षा करते हुए चास एवं बेरमो के डीसीएलआर को नियमित सुनवाई कर मामलों का शीघ्र निपटारा सुनिश्चित करने को कहा।

**भू-हस्तांतरण एवं औद्योगिक संस्थानों से जुड़े मामलों की समीक्षा**

उपायुक्त ने भू-हस्तांतरण, लीज बंदोबस्ती एवं अनापत्ति प्रमाण पत्र से संबंधित मामलों की भी विभागवार समीक्षा की। उन्होंने सीसीएल कथारा, बीएंडके, राजरप्पा, ओएनजीसी एवं एनएचएआई सहित विभिन्न संस्थाओं से जुड़े आधारभूत संरचना संबंधी मुद्दों के समाधान के लिए संबंधित अनुमंडल पदाधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

**सीएसआर के माध्यम से स्थानीय विकास कार्यों को बढ़ावा देने का निर्देश**

उपायुक्त ने विभिन्न औद्योगिक एवं सार्वजनिक उपक्रमों से अपने पोषक क्षेत्रों में सीएसआर के तहत जनकल्याणकारी कार्यों को प्राथमिकता देने तथा स्थानीय समस्याओं के समाधान में सक्रिय भूमिका निभाने का आह्वान किया। उन्होंने पेटरवार, जरीडीह एवं गोमिया प्रखंडों में कम्युनिटी फॉरेस्ट रिसोर्स राइट (सीएफआरआर) के अंतर्गत इको विलेज विकसित करने के लिए उपयुक्त भूमि चिन्हित कर प्रस्ताव तैयार करने का निर्देश भी दिया। बैठक में अपर समाहर्ता सुनील चन्द्र, एसडीओ चास प्रांजल ढांडा, प्रशिक्षु आइएएस अरविन्द, डीएलएओ अनुराधा कुमारी, एसडीओ बेरमो मनोज कुमार, एपीआरओ अविनाश कुमार सिंह, सभी अंचलाधिकारी एवं संबंधित विभागों एवं संस्थानों के प्रतिनिधि उपस्थित थे।

# 30 जून से शुरू होगा विशेष गहन मतदाता पुनरीक्षण अभियान

**हर पात्र मतदाता का सत्यापन एवं पंजीकरण सुनिश्चित करना जिला प्रशासन की प्राथमिकता : डीसी**




**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** जिले में भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार विशेष गहन मतदाता पुनरीक्षण (एसआईआर-2026) अभियान की शुरूआत आगामी 30 जून 2026 से की जाएगी। अभियान के तहत वर्ष 2024 की मतदाता सूची में दर्ज मतदाताओं की मैपिंग वर्ष 2003 की मतदाता सूची के साथ की जा रही है। जिला निर्वाचन पदाधिकारी (डीईओ) सह उपायुक्त अजय नाथ झा ने इस संबंध में आवश्यक निर्देश जारी किए हैं।

**सभी श्रेणी के मतदाताओं को भरना होगा एन्यूमरेशन फॉर्म**

अभियान के दौरान इलेक्टर्स मैप्ड, इलेक्टर्स अनमैप्ड तथा इलेक्टर्स विद एनोमलीज श्रेणी के सभी मतदाताओं को अनिवार्य रूप से एन्यूमरेशन फॉर्म भरना होगा। साथ ही फॉर्म पर रंगीन फोटो भी संलग्न करनी होगी।

**प्रत्येक पंचायत एवं वार्ड में संचालित होंगे मतदाता सहायता/सुविधा केन्द्र**

मतदाताओं की सुविधा के लिए जिले के सभी पंचायतों एवं शहरी क्षेत्रों के सभी वार्डों में 20 जून से मतदाता सहायता/सुविधा केन्द्र संचालित किए जाएंगे। इन केन्द्रों पर मतदाताओं को फॉर्म भरने, रंगीन फोटो उपलब्ध कराने तथा आवश्यक दस्तावेज तैयार कराने में सहयोग दिया जाएगा।

**जन्म, आवासीय एवं जाति प्रमाण पत्र बनाने में भी मिलेगा सहयोग**

मतदाता सहायता सुविधा केन्द्रों पर जन्म प्रमाण पत्र, स्थानीय निवासी प्रमाण पत्र, जाति प्रमाण पत्र एवं विभिन्न आवास योजनाओं से संबंधित आवंटन प्रमाण पत्र के लिए आवेदन प्राप्त कर नियमानुसार आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

**प्रखंड, अंचल एवं नगर निकाय कर्मियों की होगी प्रतिनियुक्ति**

सभी मतदाता सहायता/सुविधा केन्द्रों पर पंचायत सचिव, रोजगार सेवक, अंचल कर्मचारी, जन सेवक (वीएलडब्ल्यू) सहित पंचायत एवं नगर निकायों के अन्य कर्मियों को प्रतिनियुक्त किया जाएगा, ताकि मतदाताओं को आवश्यक सहायता उपलब्ध कराई जा सके।

**वृद्ध, दिव्यांग एवं कमजोर वर्ग के मतदाताओं पर विशेष ध्यान**

डीईओ सह डीसी ने निर्देश दिया है कि आदिवासी, वृद्ध, बीमार, दिव्यांग एवं अन्य कमजोर वर्ग के सभी पात्र नागरिकों का नाम मतदाता सूची में सुनिश्चित करने की जिम्मेदारी संबंधित प्रखंड एवं अंचल अधिकारियों की होगी। ऐसे मतदाताओं का सत्यापन विशेष पर्यवेक्षण में कराया जाएगा।

**एसआइआर में शिक्षक भी करेंगे सहयोग**

जिला शिक्षा पदाधिकारी (डीईओ) एवं जिला शिक्षा अधीक्षक (डीएसई) को आवश्यकतानुसार विद्यालयों के शिक्षकों की प्रतिनियुक्ति कर बीएलओ एवं अन्य कर्मियों को सहयोग उपलब्ध कराने का निर्देश दिया है।

**कोई भी पात्र नागरिक मतदाता सूची से वंचित नहीं रहेगा**

इस संबंध में जिला निर्वाचन पदाधिकारी (डीईओ) उपायुक्त (डीसी) अजय नाथ झा ने कहा है कि संविधान के अनुच्छेद 326 के तहत 18 वर्ष या उससे अधिक आयु के सभी भारतीय नागरिकों को मतदाता सूची में पंजीकरण का अधिकार प्राप्त है। जिला प्रशासन यह सुनिश्चित करेगा कि विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान के दौरान कोई भी पात्र नागरिक मतदाता सूची से बाहर नहीं रहे तथा पूरी प्रक्रिया पारदर्शी एवं निष्पक्ष तरीके से संपन्न हो।

## संक्षिप्त समाचार

### भैरवनाथ धाम के जलकुंड में चलाया गया सफाई अभियान



**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** धार्मिक स्थलों की स्वच्छता और पर्यावरण संरक्षण को लेकर आज एक बेहद सराहनीय पहल सामने आई है। अंतर्राष्ट्रीय मानवाधिकार सुरक्षा परिषद के प्रदेश अध्यक्ष लक्ष्मण माहथा के नेतृत्व में आज प्रसिद्ध भैरवनाथ धाम के पवित्र जलकुंड में विशेष साफ-सफाई अभियान चलाया गया। आस्था और पर्यावरण का गहरा नाता है, और इसी संदेश को धरातल पर उतारा है अंतर्राष्ट्रीय मानवाधिकार सुरक्षा परिषद ने। परिषद के प्रदेश अध्यक्ष लक्ष्मण माहथा खुद अपनी टीम के साथ आज भैरवनाथ धाम पहुंचे। जहाँ उन्होंने धाम के ऐतिहासिक और पवित्र जलकुंड की स्थिति को देखते हुए तुरंत साफ-सफाई का जिम्मा उठाया। देखते ही देखते इस स्वच्छता अभियान में स्थानीय श्रद्धालु और परिषद के कार्यकर्ता भी शामिल हो गए। इस दौरान जलकुंड के भीतर जमे कचरे और गंदगी को पूरी तरह साफ किया गया, ताकि यहां आने वाले श्रद्धालुओं को स्वच्छ और सुंदर वातावरण मिल सके।

### टुपकाडीह - तालगाड़िया रेलखंड पर यात्री ट्रेन चलाने की भाजपाइयों ने की मांग



**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** टुपकाडीह - तालगाड़िया रेल खंड पर चास रेलवे स्टेशन बनकर तैयार है। रेलवे स्टेशन पर पांच रेलवे ट्रैक का भी निर्माण किया जा चुका है। लेकिन इस रूट से ट्रेनों का परिचालन नहीं हो रहा है। जिसको लेकर आज बोकारो से भाजपा के पूर्व विधायक बिरंचि नारायण ने चास मुफस्सिल मंडल के अध्यक्ष और कार्यकताओं के साथ चास रेलवे स्टेशन पहुंचकर स्टेशन का जायजा लिया। इस दौरान कार्यकताओं ने नरेंद्र मोदी और पार्टी के पक्ष में नारेबाजी की। पूर्व विधायक बिरंचि नारायण ने कहा कि हम लोगों ने जो सपना देखा था वह पूरा हो चुका है। स्टेशन का निर्माण और पांच ट्रैक का निर्माण हो चुका है। लेकिन आज भी इस रूट पर ट्रेनों का परिचालन नहीं हो रहा है, कई ट्रेनों को घूम कर गुजरना पड़ रहा है। जबकि यह ट्रैक बनकर तैयार है। उन्होंने कहा कि बोकारो चास और आसपास के लोगों के यात्री सुविधा को ध्यान में रखकर हम प्रधानमंत्री और रेल मंत्री से मांग करते हैं कि यहां से ट्रेनों का परिचालन शुरू हो ताकि लोगों को इसका सीधा लाभ मिले। उन्होंने कहा कि इसके लिए वह प्रधानमंत्री रेल मंत्री से पत्राचार करेंगे और उनसे मुलाकात भी करेंगे।

### मई माह में 28 मामलों में 50 अभियुक्त दोषी करार, धनबाद कोर्ट ने सुनाई सजा



**धनबाद/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** धनबाद पुलिस को अपराध नियंत्रण और न्यायिक प्रक्रिया में बड़ी सफलता मिली है। व्यावहार न्यायालय द्वारा मई माह के दौरान कुल 28 मामलों में 50 अभियुक्तों को दोषी करार देते हुए विभिन्न अवधियों की सजा सुनाई गई। इनमें 3 अभियुक्तों को आजीवन कारावास, 5 अभियुक्तों को 10 वर्ष तक की सजा, 3 अभियुक्तों को 3 वर्ष तक की सजा तथा 39 अभियुक्तों को 2 वर्ष तक की सजा सुनाई गई। यह सफलता वरीय पुलिस अधीक्षक प्रभात कुमार के निर्देशन एवं सतत निगरानी का परिणाम माना जा रहा है। धनबाद पुलिस द्वारा किए गए गुणवत्तापूर्ण अनुसंधान, मजबूत वैज्ञानिक एवं दस्तावेजी साक्ष्यों के संकलन तथा गवाहों की प्रभावी प्रस्तुति के आधार पर न्यायालय ने अभियुक्तों को दोषी ठहराते हुए सजा सुनाई। मई माह में हत्या के तीन मामलों में कुल पांच अभियुक्तों को सजा मिली। इनमें तीन दोषियों को आजीवन कारावास तथा दो अभियुक्तों को 10 वर्ष तक की सजा सुनाई गई। चोरी के तीन मामलों में चार अभियुक्तों को दोषी ठहराया गया, जिनमें एक आरोपी को 10 वर्ष तक की सजा तथा तीन अभियुक्तों को 2 वर्ष तक की सजा मिली। साधारण दंगा के दो मामलों में कुल 11 अभियुक्तों को दोषी पाते हुए 2 वर्ष तक के कारावास की सजा सुनाई गई। अपहरण के एक मामले में एक अभियुक्त को 3 वर्ष तक की सजा दी गई।

# बंद घर को चोरों ने बनाया निशाना, लाखों की संपत्ति ले उड़े चोर




**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** बोकारो के चीराचास थाना क्षेत्र में चोरी की बड़ी वारदात सामने आई है। इलाज के लिए पिछले तीन महीने से वेल्लोर गए एक बुजुर्ग के घर को निशाना बनाकर चोरों ने लाखों रुपये की संपत्ति पर हाथ साफ कर दिया। चोर घर से जेवरात, टीवी, इनवर्टर, इंडक्शन समेत कई कीमती सामान लेकर फरार हो गए। घटना के बाद इलाके में दहशत का माहौल है, जबकि पुलिस मामले की जांच में जुट गई है। चीरा चास थाना क्षेत्र के गांधाजोड़ निवासी करीब 60 वर्षीय विजय कुमार मिश्रा इलाज के सिलसिले में पिछले तीन माह से वेल्लोर में रह रहे हैं। इसी दौरान 14 जून की रात उनके सूने घर में चोरों ने धावा बोल दिया। सुबह जब उनके छोटे भाई शिव नारायण मिश्रा घर पहुंचे तो मुख्य दरवाजा खुला मिला। पहले उन्हें लगा कि परिवार के सदस्य घर आए होंगे, लेकिन अंदर जाने पर सभी कमरों के दरवाजे खुले मिले और सामान बिखरा पड़ा था। इसके बाद उन्होंने तुरंत गृहस्वामी और पुलिस को घटना की सूचना दी। घर की जांच करने पर आलमारी और लॉकर खुले मिले। चोर टीवी, इंडक्शन, इनवर्टर, कपड़े और अन्य कीमती सामान लेकर फरार हो गए। बक्सों को भी खंगाल दिया गया था और कपड़े इधर-उधर बिखरे पड़े थे। परिजनों के मुताबिक, विजय कुमार मिश्रा की पत्नी और बहू के जेवरात भी चोरी हो गए हैं। चोरी गए जेवरों की कीमत करीब 7 से 10 लाख रुपये बताई जा रही है। वहीं नगद राशि और अन्य सामानों के नुकसान का आकलन अभी किया जा रहा है। घटना की सूचना मिलने के बाद चीरा चास थाना पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू कर दी। पुलिस आसपास के लोगों से पूछताछ कर रही है तथा चोरों की पहचान और गिरफ्तारी के प्रयास में जुटी है। इस बड़ी चोरी की घटना के बाद इलाके के लोगों में दहशत और आक्रोश दोनों देखने को मिल रहा है।

# बीएसएल में विश्व रक्तदान दिवस पर रक्तदान शिविर आयोजित



**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** बोकारो इस्पात संयंत्र द्वारा विश्व रक्तदान दिवस के अवसर पर बोकारो जनरल अस्पताल के रक्त केंद्र परिसर में सेल एससी/एसटी एम्प्लाइज फेडरेशन तथा सीआईएसएफ, बीएसएल-बोकारो यूनिट के संयुक्त तत्वावधान में एक स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया. शिविर का उद्घाटन बोकारो इस्पात संयंत्र के अधिशासी निदेशक (चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवाएं) द्वारा किया गया. इस अवसर पर कुल 22 यूनिट रक्त संग्रहित किया गया. अधिशासी निदेशक (चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवाएं) ने कहा कि रक्तदान महादान है तथा दान की गई रक्त की एक इकाई किसी दुर्घटना में घायल व्यक्ति अथवा गंभीर रूप से बीमार मरीज के जीवन की रक्षा कर सकती है. उन्होंने कहा कि रक्तदान केवल जीवन बचाने का माध्यम ही नहीं है, बल्कि यह समाज में सेवा, करुणा एवं मानवता की भावना को भी सुदृढ़ करता है. उन्होंने सभी नागरिकों से नियमित रूप से रक्तदान करने तथा दूसरों को भी इसके लिए प्रेरित करने का आह्वान किया. इस स्वैच्छिक रक्तदान शिविर के सफल आयोजन में सेल एससी/एसटी एम्प्लाइज फेडरेशन तथा सीआईएसएफ, बीएसएल-बोकारो यूनिट के सदस्यों का सराहनीय योगदान रहा. साथ ही, बोकारो जनरल अस्पताल के रक्त केंद्र के चिकित्सकों, कर्मचारियों एवं अन्य सहकर्मियों ने शिविर के सुचारु संचालन में सक्रिय भूमिका निभाई.

# बुजुर्ग आदिवासी दंपती की व्यथा पर उपायुक्त ने लिया त्वरित संज्ञान

**निःसंतान दंपती चंपा देवी एवं प्रधा मांझी की पेंशन हुई स्वीकृत**

**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** जिले के जरीडीह प्रखंड अंतर्गत टांड़बालीडीह पंचायत के गितिलटांड़ गांव निवासी बुजुर्ग आदिवासी दंपती प्रधा मांझी एवं उनकी पत्नी चंपा देवी की मार्मिक व्यथा सोशल मीडिया के माध्यम से सामने आने के बाद जिला प्रशासन ने मानवीय संवेदनशीलता का परिचय देते हुए त्वरित कार्रवाई की है। सुरक्षा पेंशन की आस लगाए हुए थे। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर जब उनकी पीड़ा साझा की गई और सहायता की अपील की गई, तब उपायुक्त अजय नाथ झा ने तत्काल मामले का संज्ञान लिया। उन्होंने जरीडीह प्रखंड के प्रभारी प्रखंड विकास पदाधिकारी को आवश्यक कार्रवाई का निर्देश दिया। उपायुक्त के निर्देश के बाद प्रखंड प्रशासन ने तत्परता से मामले की जांच की और आवश्यक प्रक्रिया पूरी करते हुए कुछ घंटों में ही प्रधा मांझी एवं चंपा देवी की पेंशन स्वीकृत कर दी। पेंशन स्वीकृत होने की सूचना मिलते ही दंपती के चेहरे पर लंबे समय बाद राहत और संतोष की मुस्कान देखने को मिली। इस पर उपायुक्त अजय नाथ झा ने कहा कि प्रशासन का उद्देश्य केवल योजनाओं का क्रियान्वयन नहीं, बल्कि जरूरतमंदों तक उनका लाभ पहुंचाना है।

# धनबाद मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय में सम्मान समारोह का आयोजन



**धनबाद/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय में सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मंडल रेल प्रबंधक अखिलेश मिश्र द्वारा वाणिज्य विभाग के 10 कर्मचारियों को प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। इन्होनें नवाचार, डिजिटलीकरण, यात्री सुविधा संवर्धन तथा राजस्व वृद्धि के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान दिया है। पंकज भूषण, अमृता भगत एवं मुस्कान झा द्वारा रेलवे परिसंपत्तियों के प्रभावी निरीक्षण एवं प्रबंधन हेतु ह्लरेल एसेट्स इंस्पेक्शन मैनेजमेंट सिस्टमह्व वेब एप्लीकेशन के विकास में महत्वपूर्ण सहयोग प्रदान किया गया है, जिससे कार्यप्रणाली को अधिक दक्ष, पारदर्शी एवं तकनीक-आधारित बनाने में सहायता मिली है। इसी प्रकार, कृष्ण कुमार कन्हैया द्वारा धनबाद मंडल के आरक्षण काउंटरों के उन्नयन, डिजिटलीकरण तथा ऑटोमैटिक टिकट वेंडिंग मशीनों के उपयोग को बढ़ावा देने की दिशा में सराहनीय कार्य किए गए हैं। उनके प्रयासों से यात्रियों को अधिक सुविधाजनक, आधुनिक एवं सुगम टिकटिंग सेवाएँ उपलब्ध हो रही हैं। इसके अतिरिक्त, रूद्र नन्द झा (मुख्य वाणिज्य निरीक्षक), नवीन कुमार, बिपिन बिहारी लाल, अविनाश कुमार, मुकेश कुमार तथा आशुतोष कुमार सिन्हा द्वारा टिकट जांच एवं टिकट आय वृद्धि के क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए उच्चतम राजस्व अर्जित किया है तथा मंडल की आय में महत्वपूर्ण योगदान दिया है। इस अवसर पर मंडल रेल प्रबंधक ने कहा कि कर्मचारियों की उपलब्धियाँ उनके व्यक्तिगत परिश्रम के परिणाम के साथ-साथ उनके परिवारजनों के निरंतर सहयोग, त्याग, प्रोत्साहन एवं विश्वास का भी इसमें समान रूप से महत्वपूर्ण योगदान होता है। परिवार का सहयोग भी कर्मचारियों को अपने दायित्वों का निर्वहन पूरी निष्ठा, समर्पण एवं उत्कृष्टता के साथ करने की प्रेरणा प्रदान करता है` धनबाद मंडल प्रशासन सभी कर्मचारियों एवं उनके परिवारजनों के योगदान की सराहना करता है तथा विश्वास व्यक्त करता है कि उनके संयुक्त प्रयास भविष्य में भी रेलवे की कार्यकुशलता, डिजिटल परिवर्तन, राजस्व संवर्धन एवं यात्री सुविधाओं को नई ऊँचाइयों तक पहुँचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते रहेंगे` इस सम्मान समारोह में मंडल के अन्य अधिकारीगण, कर्मचारीगण तथा सम्मानित कर्मचारियों के परिवारजन भी उपस्थित थे।

# निषिद्ध मादक पदार्थों की रोकथाम को लेकर जागरूकता अभियान का शुभारंभ, एलईडी प्रचार वाहन रवाना

**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** निषिद्ध मादक पदार्थों की रोकथाम एवं जन-जागरूकता के उद्देश्य से सूचना एवं जनसंपर्क विभाग द्वारा सोमवार को समाहरणालय परिसर से एलईडी प्रचार वाहन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। उपायुक्त अजय नाथ झा, पुलिस अधीक्षक नाथू सिंह मीना, उप विकास आयुक्त शताब्दी मजूमदार सहित अन्य अधिकारियों ने संयुक्त रूप से प्रचार वाहन को रवाना किया। इस अवसर पर नुक्कड़ नाटक के माध्यम से गीत - संगीत के माध्यम से नशे को ना, जिंदगी को हां... का संदेश दिया गया। इस अवसर उपायुक्त, पुलिस अधीक्षक, डीडीसी एवं अन्य अधिकारियों ने जिला समाज कल्याण विभाग द्वारा गुब्बारे उड़ाकर नशा मुक्ति जागरूकता अभियान का शुभारंभ किया। यह अभियान विभिन्न विभागों द्वारा 15 से 26 जून तक जारी रहेगा। इसके बाद उपायुक्त अजय नाथ झा ने उपस्थित सभी लोगों को नशा मुक्ति की शपथ दिलाई। शपथ के दौरान सभी ने देश, समाज, परिवार एवं स्वयं को नशामुक्त बनाने के लिए हरसंभव प्रयास करने तथा युवाओं को अभियान से जोड़ने का संकल्प लिया। उपस्थित सभी लोगों ने शपथ का क्रमवार दोहराव किया। शपथ कार्यक्रम में बड़ी संख्या में आंगनबाड़ी सेविकाएं, सहायिकाएं, पर्यवेक्षिकाएं एवं विभिन्न विभागों के पदाधिकारी एवं कर्मी उपस्थित थे। सभी ने नशामुक्त समाज के निर्माण हेतु स्वयं जागरूक रहने तथा अपने परिवार, समुदाय एवं कार्यक्षेत्र में भी लोगों को नशे के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक करने का संकल्प लिया।

**जिले के विभिन्न प्रखंडों में चलेगा जागरूकता अभियान**

यह एलईडी प्रचार वाहन आगामी दिनों में जिले के विभिन्न प्रखंडों, पंचायतों एवं ग्रामीण-शहरी क्षेत्रों में भ्रमण कर निषिद्ध मादक पदार्थों के दुष्प्रभावों एवं नशा मुक्ति के संदेश का व्यापक प्रचार-प्रसार करेगा। वाहन के माध्यम से एलईडी स्क्रीन पर जागरूकता संबंधी वीडियो, संदेश एवं अन्य सूचनात्मक सामग्री प्रदर्शित की जाएगी, ताकि अधिक से अधिक लोगों को अभियान से जोड़ा जा सके।



**नशा मुक्ति अभियान को जन आंदोलन बनाने का प्रयास : उपायुक्त**

इस अवसर पर उपायुक्त अजय नाथ झा ने कहा कि नशा मुक्ति अभियान को जन आंदोलन का स्वरूप देने का प्रयास किया जा रहा है। बोकारो जिले में पूर्व से ही इस दिशा में लगातार प्रयास किए जाते रहे हैं और आज जागरूकता प्रचार वाहन को रवाना कर अभियान को और गति प्रदान की गई है। उन्होंने कहा कि नशा केवल किसी एक व्यक्ति को ही प्रभावित नहीं करता, बल्कि पूरे परिवार को इसके दुष्परिणाम भुगतने पड़ते हैं। अंततः इसका असर समाज, राज्य और देश की प्रगति पर भी पड़ता है। इसलिए नशे को छोड़कर जीवन को संवारना और अपने भविष्य को बेहतर बनाना अत्यंत आवश्यक है। उपायुक्त ने युवाओं से विशेष अपील करते हुए कहा कि वे नशे से दूर रहने का संकल्प लें। उन्होंने कहा कि जो लोग नशे की लत का शिकार हो चुके हैं, उनके लिए इससे बाहर निकलना कठिन अवश्य है, लेकिन असंभव नहीं। आवश्यकता केवल दृढ़ इच्छाशक्ति और एक मजबूत 'ना' कहने की है। संकल्प और प्रतिबद्धता के साथ नशामुक्त जीवन की शुरूआत की जा सकती है। उन्होंने कहा कि नशे के कारोबार पर प्रभावी रोक लगाने के लिए इसकी आपूर्ति श्रृंखला को तोड़ना भी उतना ही आवश्यक है। नशीले पदार्थों की सप्लाई से जुड़े स्रोतों की पहचान कर उनके विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जा रही है। पिछले कुछ दिनों में जिला प्रशासन और पुलिस द्वारा कई कड़े कदम उठाए गए हैं। प्रशासन नशे के नेटवर्क को बेनकाब कर उसकी जड़ों तक पहुंचने और उसे पूरी तरह ध्वस्त करने के लिए प्रतिबद्ध है। जिले को नशामुक्त बनाने के लिए सख्त एवं प्रभावी कार्रवाई आगे भी जारी रहेगी।

**जागरूकता और सामूहिक सहभागिता से ही बनेगा नशामुक्त समाज : पुलिस अधीक्षक**

मौके पर पुलिस अधीक्षक नाथू सिंह मीना ने कहा कि निषिद्ध मादक पदार्थों के विरुद्ध जिला प्रशासन द्वारा लगातार विभिन्न स्तरों पर कार्रवाई की जा रही है। पंचायत, प्रखंड एवं सामाजिक स्तर पर जागरूकता गतिविधियों के साथ-साथ विभिन्न स्थानों पर अभियान संचालित किए गए हैं। जहां आवश्यक पाया गया है, वहां कार्रवाई भी की गई है तथा जन-जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए गए हैं। उन्होंने कहा कि समाज में नशे के दुष्प्रभावों को लेकर लोगों को लगातार जागरूक किया जा रहा है। इसी उद्देश्य से आगे भी विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे, ताकि लोगों को यह संदेश दिया जा सके कि नशा केवल एक व्यक्ति को ही नहीं, बल्कि पूरे परिवार को प्रभावित कर उसे संकट में डाल देता है। पुलिस अधीक्षक ने कहा कि जिला प्रशासन की इस पहल को सफल बनाने के लिए सभी नागरिकों, सामाजिक संगठनों एवं जनप्रतिनिधियों के सहयोग की आवश्यकता है। सामूहिक प्रयास से ही जिले को नशामुक्त बनाया जा सकता है तथा युवा पीढ़ी को नशे के दुष्प्रभावों से बचाकर सुरक्षित एवं स्वस्थ भविष्य प्रदान किया जा सकता है। इस अवसर पर हस्ताक्षर अभियान की भी शुरूआत की गई। डीसी- एसपी - डीडीसी - एसी - डीपीएलआर - प्रशिक्षु आइएएस - डीएसडब्ल्यू - एपीआरओ आदि ने हस्ताक्षर कर नशा मुक्ति का संदेश दिया।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक कमल किशोर द्वारा डी.बी. कॉर्प. लि. के लिए भास्कर प्रिंटिंग प्रेस, गोविंदपुर मेन रोड, अशोक नगर, केजी आश्रम, धनबाद (झारखंड) से मुद्रित तथा प्लांट नंबर-31, कॉपरेटिव कॉलोनी, बोकारो स्टील सिटी, जिला बोकारो (झारखंड) से प्रकाशित। संपादक कमल किशोर, नवबिहार टाइम्स (दैनिक), सत्येंद्र नगर, औरंगाबाद (बिहार), स्थानीय संपादक : मनोज विशाल
फोन नंबर- 9431145865 8210783623
आर.एन.आई. पंजीकरण संख्या : JHAHIN/2017/72655
E-mail- nbtimesbihar@gmail.com